| आप के साथ    आप के पास |

janpath.news@gmail.com

# जनपथ समाचार

Siliguri | Monday 16 February 2026 | 12 Page | सिलीगुड़ी | सोमवार 16 फरवरी 2026 | मूल्य : ₹ 6.00 वर्ष 45 अंक 131 RNI: 34394/82

## भारत ने लगाई जीत की हैट्रिक, पाकिस्तान को 61 रन से रौंदा

### ● गेंदबाजों का रहा बोलबाला ● सुपर-8 में पहुंचा भारत ● ईशान किशन ने खेली आतिशी पारी




कोलंबो। टी-20 वर्ल्ड कप के सबसे बड़े मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को करारी शिकस्त दे दी है। कोलंबो के मैदान पर भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी और फिर घातक गेंदबाजी के दम पर पाकिस्तान को पूरी तरह बैकफुट पर धकेल दिया। 176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तानी टीम भारतीय आक्रमण के सामने ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। ईशान किशन की आतिशी पारी से बना विशाल स्कोर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 175 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज ईशान किशन मैच के हीरो रहे, जिन्होंने मात्र 40 गेंदों पर 77 रनों की तूफानी पारी खेली। उनकी इस पारी में 10 शानदार चौके और 3 गगनचुंबी छक्के शामिल थे। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी 32 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। पाकिस्तान की ओर से सईम अयूब सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 3 विकेट चटकाए। 176 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही। भारतीय गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट लेकर पाकिस्तान को संभलने का मौका नहीं दिया। वरुण चक्रवती ने 16वें ओवर में अबरार अहमद और फहीम अशरफ को लगातार दो गेंदों पर आउट कर पाकिस्तान की कमर तोड़ दी। जसप्रीत बुमराह ने बुमराह ने सईम अयूब और सलमान अली आगा को सस्ते में पवेलियन भेजकर दबाव बनाया। अक्षर पटेल ने पाकिस्तान के मुख्य बल्लेबाज उस्मान खान (44 रन) और कप्तान बाबर आजम (5 रन) के महत्वपूर्ण विकेट लिए। हार्दिक पंड्या ने साहिबजादा फरहान को शून्य पर आउट किया,

■ शेष पृष्ठ 7 पर →

## पीएम मोदी नहीं, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जाएंगे बांग्लादेश

### ■ तारिक रहमान के शपथ ग्रहण में होंगे शामिल



नई दिल्ली। बांग्लादेश के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री तारिक रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में भारत की तरफ से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला प्रतिनिधित्व करेंगे। यह जानकारी भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से साझा की गई है। इससे पहले कयास लगाए जा रहे थे कि पीएम मोदी बीएनपी अध्यक्ष के शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिए पड़ोसी देश का दौरा कर सकते हैं। लेकिन भारत में एआई इम्पैक्ट समिट के आयोजन और कई देशों के गणमान्य अतिथियों के आगमन समेत अन्य प्रस्तावित कार्यक्रम में व्यस्तता के कारण पीएम मोदी बांग्लादेश नहीं जा सकते हैं। पीएम मोदी का 17 फरवरी को मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बैठक का कार्यक्रम पहले से तय है। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, 17 फरवरी, 2026 को ढाका में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के चेयरमैन तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की नई चुनी हुई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अहम कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष का शामिल होना भारत और

■ शेष पृष्ठ 7 पर →




## बजट 2026 'विकसित भारत' की दिशा में मजबूत कदम : पीएम मोदी



### ■ बोले : अंतरिक्ष, खेल और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे हैं भारत के युवा

नई दिल्ली (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि इस साल का बजट किसी मजबूरी में लिया गया 'नाउ ऑर नेवर' फैसला नहीं है, बल्कि यह तैयारी और प्रेरणा से पैदा हुआ 'हम तैयार हैं' का पल है। उन्होंने कहा कि यह बजट भारत की विकसित राष्ट्र बनने की इच्छा को दर्शाता है। पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का कोई भी बजट सिर्फ औपचारिक 'बही-खाता' जैसा दस्तावेज बनाने की सोच से नहीं बनाया गया, क्योंकि यह उनका तरीका नहीं है।

प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि कुछ साल पहले लालकिले से उन्होंने कहा था, 'यही समय है, सही समय है।' उन्होंने कहा कि 'अब समय है' की भावना उनकी सरकार में हमेशा रही है। उन्होंने कहा, 'लेकिन आज यह भावना सिर्फ सरकार तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश का विश्वास बन चुकी है। देश में एक नया आत्मविश्वास दिखाई दे रहा है।' मोदी ने कहा कि अलग-अलग चुनौतियों के समय भी भारत ने अपनी मजबूत पहचान दिखाई है और कठिन वैश्विक परिस्थितियों में भी विकास का उज्ज्वल केंद्र बना हुआ है।

■ शेष पृष्ठ 7 पर →

## ममता बनर्जी ने भाई तारिक रहमान को भेजे फूल और मिठाई, बीएनपी की जीत पर दी बधाई



ढाका। बांग्लादेश चुनाव में तारिक रहमान की पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। बताया जा रहा है कि वह 17 फरवरी को प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण करेंगे, जिसके लिए दुनिया भर के देशों के राष्ट्राध्यक्षों को न्योता भेजा जा रहा है। इसी बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तारिक रहमान को फूल और मिठाई भेजकर जीत की बधाई दी है। ममता बनर्जी का ये कदम न केवल चुनावी जीत पर बधाई है, बल्कि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और भौगोलिक निकटता को मजबूत करने का प्रयास भी दिखाता है। बीएनपी चेयरमैन के राजनीतिक कार्यालय ने बताया कि शनिवार को बीएनपी चेयरमैन के राजनीतिक कार्यालय (गुलशन में) में बीएनपी मीडिया सेल के सदस्य अतिउर रहमान रुमन ने ममता बनर्जी की ओर से भेजे गए फूलों का गुलदस्ता और मिठाइयों को प्राप्त किया। इससे पहले शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तारिक रहमान को तारिक भाई कहकर चुनाव जीतने की बधाई दी थी। उन्होंने एक्स पर लिखा, मेरे सभी भाइयों-बहनों और बांग्लादेश

■ शेष पृष्ठ 7 पर →

## असम में बनेंगे 4 नए एयरपोर्ट, चीन से निपटने को ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे बनेगी सुरंग : सीएम सरमा



दिसपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में असम के मोरान में पूर्वोत्तर की पहली इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी (ईएलएफ) का उद्घाटन किया था। इसके ठीक एक दिन बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक बड़ी घोषणा की है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने केंद्र से असम में और अधिक इमरजेंसी लैंडिंग सुविधाएं बनाने का अनुरोध किया है। सरमा ने कहा कि ये सुविधाएं सामरिक और आपदा प्रबंधन की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण हैं। गुवाहाटी में एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए सीएम सरमा ने यह जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि असम सरकार अगले महीने नागरिक उड्डयन मंत्रालय के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करेगी। इस समझौते के तहत माजुली, दीफू, उमरांगसो और मानस में चार नए हवाई अड्डे बनाने के लिए एक स्टडी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोरान में बनी इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी का असम और पूर्वोत्तर के लिए बहुत बड़ा सामरिक महत्व है। उन्होंने कहा कि चीन के साथ सीमा को देखते हुए अरुणाचल प्रदेश में कई रणनीतिक प्रोजेक्ट चल रहे हैं। वहीं, असम को युद्ध की स्थिति में एक बैकअप स्टेट के तौर पर विकसित किया जा रहा

■ शेष पृष्ठ 7 पर →









# गिद्धे पहाड़–रोहिणी रोपवे परियोजना अधर में

## अधिवक्ता बंदना राई उच्च न्यायालय में दायर करेंगी रिट याचिका

कर्सियांग (निज संवाददाता)। गिद्ध पहाड़–रोहिणी रोपवे निर्माण परियोजना में कथित अनियमितताओं, सरकारी धन के दुरुपयोग तथा वर्षों से अधूरी पड़ी परियोजना को लेकर अधिवक्ता बंदना राई ने एक माह के भीतर उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर करने की घोषणा की है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2014 में स्वीकृत इस रोपवे परियोजना को 18 माह के भीतर पूर्ण किया जाना था, किंतु 12 वर्ष बीत जाने के बाद भी कार्य अधूरा पड़ा है।

उनका कहना है कि निर्माण सामग्री खराब होकर नष्ट हो रही है, संरचनाएं जर्जर एवं खतरनाक स्थिति में है तथा परियोजना से जुड़े मजदूरों को पिछले पांच वर्षों से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है।

अधिवक्ता राई ने इस मामले में गोरखालैंड क्षेत्रीय प्रशासन (जीटीए) की निष्क्रियता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने जीटीए प्रमुख कार्यपालक अनित थापा से तत्काल हस्तक्षेप करने और जनहित में परियोजना को शीघ्र पूरा करने की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित ठेकेदार, कंपनी एवं अन्य जिम्मेदार संस्थाओं के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रस्तावित रिट याचिका में मांग की जाएगी, जिसमें परियोजना का संपूर्ण वित्तीय, तकनीकी एवं प्रशासनिक ऑडिट कराया जाए। सरकारी धन के संभावित दुरुपयोग एवं भ्रष्टाचार की स्वतंत्र जांच हो। दोषी ठेकेदारों एवं संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। पिछले पांच वर्षों से बकाया मजदूरी का तत्काल भुगतान एवं उचित मुआवजा दिया जाए।

जर्जर एवं जोखिमपूर्ण संरचनाओं का सुरक्षा आकलन कराया जाए।

परियोजना पूर्ण करने हेतु स्पष्ट समयसीमा के साथ कार्ययोजना सार्वजनिक की जाए। भविष्य में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए निगरानी तंत्र का गठन किया जाए। अधिवक्ता राई ने कहा कि यह मामला जनहित से जुड़ा है और क्षेत्र के विकास तथा लोगों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि न्यायालय के हस्तक्षेप से परियोजना में पारदर्शिता आएगी और लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा किया जा सकेगा।

# कर्सियांग नगरपालिका को आर.के. शर्मा ने भेजे दो कानूनी नोटिस



- अवैध निर्माण और सार्वजनिक संपत्ति के दुरुपयोग का आरोप
- उच्च न्यायालय जाने की चेतावनी

कर्सियांग (निज संवाददाता)। इंडियन गोरखा जनशक्ति फ्रंट (आईजीजेएफ) कर्सियांग महकमा कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता आर.के. शर्मा ने अधिवक्ता बीरेन्द्र रसाईली के माध्यम से कर्सियांग नगरपालिका को दो कानूनी नोटिस भेजे हैं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए आर.के. शर्मा ने कहा कि कर्सियांग नगरपालिका की कार्यप्रणाली से प्रतीत होता है मानो उस पर कोई कानून लागू नहीं होता। उन्होंने बताया कि 5 और 6 अगस्त 2024 को नगरपालिका द्वारा अभियान चलाकर सड़क, फुटपाथ और सार्वजनिक स्थलों पर व्यवसाय कर रहे लोगों की दुकानों को अवैध घोषित करते हुए ध्वस्त किया गया था। शर्मा ने आरोप लगाया कि वर्तमान में पुराने एफसीआई गोदाम के समीप स्थित सार्वजनिक शौचालय की नाली एवं कूड़ेदान की जगह पर बहुमंजिला भवन का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने प्रश्न उठाया कि यदि यह निर्माण हो रहा है तो इसकी अनुमति किसने दी, भवन योजना कैसे स्वीकृत हुई और क्या यह वैध है? इन्हीं बिंदुओं को लेकर पहला कानूनी नोटिस भेजा गया है।

दूसरे नोटिस में पार्क लोकेशन स्थित सार्वजनिक भवन के खाली स्थानों पर दुकानों के निर्माण एवं बिक्री को लेकर आपत्ति दर्ज कराई गई है। शर्मा ने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति पर इस प्रकार का एकाधिकार कैसे किया जा रहा है, यह स्पष्ट किया जाना चाहिए। आर.के. शर्मा ने कहा कि यदि कथित अवैध रूप से निर्मित बहुमंजिला भवन और दुकानों को शीघ्र ध्वस्त नहीं किया गया तथा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया, तो वे कानूनी कार्रवाई करेंगे। आवश्यकता पड़ने पर उच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि नगरपालिका नियमों और विनियमों का समुचित पालन नहीं कर रही है तथा उसके निर्णय कर्सियांगवासियों के हितों के विपरीत हैं। अंत में उन्होंने शहर के हित में सभी वर्गों से एकजुट होकर समर्थन देने का आह्वान किया।

# राज्यपाल ने लोकभवन स्थित शिव मंदिर में की पूजा-अर्चना

## रुद्राभिषेक एवं हवन कर की राज्यवासियों के कल्याण की कामना



गंगटोक। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने लोकभवन परिसर स्थित शिव मंदिर में विधि-विधानपूर्वक भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर वे लोकभवन परिवार के साथ भक्ति भाव से शामिल हुए। राज्यपाल ने औपचारिक रूप से रुद्राभिषेक एवं हवन संपन्न किया तथा भगवान शिव से राज्य की सुख-समृद्धि, शांति, उत्तम स्वास्थ्य एवं देशवासियों के कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व आध्यात्मिक जागृति और सामाजिक एकता का प्रतीक है। इस धार्मिक आयोजन में लोकभवन के अधिकारीगण, कर्मचारी एवं उनके परिजन भी उपस्थित रहे और सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना में भाग लिया।

विशेष रूप से भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के जवानों ने श्रद्धापूर्वक भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर वातावरण को शिवमय बना दिया। उनके भक्तिमय गायन से पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा और उल्लास से ओत-प्रोत हो उठा।

# कोलकाता फुल मैराथन में प्रतिमा राई ने जीता प्रथम स्थान

मिरिक। दार्जिलिंग जिले के पोखेबुंग टर्जम चाय बागान निवासी प्रतिमा राई ने कोलकाता फुल मैराथन के अंतर्गत आयोजित एनबीई 21 किलोमीटर दौड़ में 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतिमा राई वर्तमान में सुकेपोखरी पुलिस स्टेशन में सिविक वोलंटियर के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी ड्यूटी के साथ-साथ खेल के प्रति अपने जुनून और अनुशासन को बनाए रखते हुए यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। एकल माता के रूप में अपनी 19 वर्षीय पुत्री का पालन-पोषण कर रहीं प्रतिमा राई ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद निरंतर परिश्रम, दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास के बल पर यह सफलता अर्जित की है। उनकी उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत विजय है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गई है। प्रतिमा राई की इस सफलता ने पोखेबुंग और सुकेपोखरी क्षेत्र को खेल जगत में नई पहचान दिलाई है। विपरीत परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण और निरंतर प्रयास से उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि मजबूत इच्छाशक्ति के सामने कोई भी बाधा टिक नहीं सकती। उनकी उपलब्धि से क्षेत्र की अनेक महिलाओं और युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल रही है।

# सिगंबुली चाय बागान में महाशिवरात्रि पर भव्य पूजा का आयोजन

- सिद्धेश्वर धाम महादेव शिव मंदिर में ग्रामवासियों की सामूहिक भागीदारी

मिरिक। सिगंबुली चायबागान फैक्ट्री गांव स्थित सिद्धेश्वर धाम महादेव शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर ग्रामवासियों ने मिलकर श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य पूजा-अर्चना का आयोजन किया। पूरे गाँव के लोगों की सहभागिता से कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता का प्रतीक बन गया। स्थानीय निर्माण एवं संरक्षण समिति तथा ग्रामवासियों के सहयोग से वर्ष 2023 में सिद्धेश्वर धाम शिव मंदिर का निर्माण पूर्ण किया गया था।

उस समय यज्ञ एवं हवन अनुष्ठान भी संपन्न कराया गया था। तब से लगातार तीन वर्षों से यहां महाशिवरात्रि का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जहां कई स्थानों पर आज भी पवित्र मंदिरों का निर्माण नहीं हो सका है, वहीं सिगंबुली चाय बागान जैसे दूरस्थ क्षेत्र में सिद्धेश्वर धाम शिव मंदिर का निर्माण होना बड़े पुण्य का कार्य है।

पूजा अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि मानव जीवन अनमोल है और इसका मुख्य उद्देश्य सद्कर्म करना है।

धन-संपत्ति जीवन पर्यंत साथ रहती है, किंतु मृत्यु के बाद व्यक्ति के अच्छे कर्म और सामाजिक कार्य ही उसकी पहचान बनकर रह जाते हैं। मंदिर समिति के सभापति सजीवन राई और महासचिव सरोज छेत्री ने जानकारी दी कि इस वर्ष मंदिर परिसर में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के आयोजन की योजना है। साथ ही मंदिर परिसर में शेष बचे कार्यों को शीघ्र पूरा करने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। मंदिर में प्रतिदिन सौरेनी मंदिर गांव निवासी सुजय नेपाल द्वारा पूजा-अर्चना की जाती है।

उन्होंने ग्रामवासियों से मंदिर के संरक्षण और देखरेख में सक्रिय सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि कभी किसी कारणवश वे उपस्थित न हो सकें, तो गांव के सामाजिक एवं जागरूक लोग संध्या समय दीप प्रज्जवलित कर पूजा-अर्चना जारी रखें।

महाशिवरात्रि के अवसर पर भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। स्थानीय समाजसेवी मनिन्द्र सुब्बा गोर्खा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कार्यक्रम की जानकारी दी। ग्रामीणों और बुजुर्गों ने आश्वासन दिया कि मंदिर से जुड़े प्रत्येक धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन में वे पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

# नए रेल ठहराव से क्षेत्र को मिलेगी बड़ी राहत : राजू बिष्ट

| Date | Train No. & Name | Station | Timing |
|---|---|---|---|
| 16/02/2026 | 15484 Mahananda Exp. | Sevoke | 03.35 PM |
| 16/02/2026 | 15778 Tourist Exp | Gulma | 06.15 PM |
| 17/02/2026 | 15483 Mahananda Exp. | Naxalbari | 03.38 PM |
| 17/2026 | 15464 Balurghat-Siliguri Intercity Exp. | Adhikari | 06.05 PM |
| 17/2026 | 75704 Radhikapur-Siliguri DEMU Exp. | Adhikari | 10.00 PM |
| 17/2026 | 75705 Radhikapur-Siliguri DEMU Exp. | Batasia | 10.03 PM |

दार्जिलिंग। दार्जिलिंग लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजू बिष्ट ने कहा है कि उनके अनुरोध पर पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने क्षेत्र के पांच प्रमुख स्टेशनों सेवक, गुलमा, नक्सलबाड़ी, बतासिया और अधिकारी पर नई रेल ठहराव की सुविधा शुरू करने का निर्णय लिया है, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण बताया है।

प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए सांसद ने बताया कि 16 और 17 फरवरी को इन सभी स्टेशनों पर नए ठहराव का औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर माननीय विधायकगण एवं पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से इस महत्वपूर्ण अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

राजू बिष्ट ने कहा कि इन नए ठहरावों से स्थानीय यात्रियों, विद्यार्थियों, दैनिक मजदूरों, छोटे व्यापारियों, चाय बागान के श्रमिकों तथा नियमित रेल यात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा। इससे यात्रा समय में कमी आएगी और आवागमन अधिक सुगम एवं सुविधाजनक होगा। उन्होंने कहा कि बेहतर रेल संपर्क से क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। दार्जिलिंग लोकसभा क्षेत्र की जनता की ओर से सांसद ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से क्षेत्र में रेल सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं।

# इको-विलेज पर्यटन में शामिल हुए सीएम

गंगटोक। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग (गोले) ने टेमी-नामफिंग विधानसभा क्षेत्र के रुकुमटार में आयोजित 12वें शेर्पा ग्याल्पो लोसर सह इको-विलेज पर्यटन 2026 समारोह में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में शामिल होकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन शेर्पा समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का सुंदर प्रदर्शन है और साथ ही इको-विलेज पर्यटन की अवधारणा को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करता है। उन्होंने आयोजन समिति और स्थानीय समुदाय की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम सांस्कृतिक गौरव और सतत विकास के प्रतीक हैं।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि रुकुमटार क्षेत्र को एक सशक्त पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित करने के लिए सभी को सामूहिक रूप से कार्य करना होगा। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि विकास की प्रक्रिया सतत, समावेशी और पर्यावरण के अनुकूल होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने टेमी-नामफिंग क्षेत्र में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं और पहलों के माध्यम से लगातार सहयोग प्रदान किया है, जिससे स्थानीय आजीविका और आधारभूत संरचना में सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली है। उन्होंने पर्यटन को और सुदृढ़ करने, स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने तथा क्षेत्र के समग्र विकास को सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। समारोह में स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न संगठनों के सदस्यों की सपिय उपस्थिति रही।

# बांग्लार युवा साथी योजना के लिए पंजीकरण प्रारंभ

कर्सियांग (निज संवाददाता)। कर्सियांग में बांग्लार युवा साथी योजना के अंतर्गत पंजीकरण की प्रक्रिया रविवार से प्रारंभ हो गई है। यह पंजीकरण अभियान 26 फरवरी 2026 तक संचालित किया जाएगा। इसके लिए स्नोव्यू परिसर स्थित भारत स्काउट्स एंड गाइड्स भवन में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया है।

शिविर का संचालन प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य महकमा क्षेत्र के योग्य बेरोजगार युवाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर हो सकें।

शिविर का उद्घाटन डिप्टी मजिस्ट्रेट एवं डिप्टी कलेक्टर प्रसेनजीत चौधरी की देखरेख में हुआ। उन्होंने प्रथम दिवस व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा उपस्थित आवेदकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और सुझावों की जानकारी ली।

# दार्जिलिंग में भाजपा जिला संगठनात्मक बैठक संपन्न

## बंगाल भाजपा प्रभारी की उपस्थिति में हुई विस्तृत चर्चा



दार्जिलिंग (निज संवाददाता)। आज दार्जिलिंग नगर में भारतीय जनता पार्टी की जिला स्तरीय संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पश्चिम बंगाल भाजपा प्रभारी एवं बिहार के स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक के दौरान संगठनात्मक विषयों, जनसंपर्क अभियानों तथा आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2026 का विधानसभा चुनाव पश्चिम बंगाल में परिवर्तन का निर्णायक क्षण सिद्ध होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान शासन भ्रष्टाचार, परिवारवाद, हिंसा, सुनियोजित जनसांख्यिकीय परिवर्तन तथा प्रशासनिक विफलताओं से चिह्नित रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी चुनाव न्याय, पारदर्शिता और समान अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में एक नई शुरुआत का मार्ग प्रशस्त करेगा। विशेष रूप से युवाओं के लिए बेहतर शिक्षा और रोजगार के अवसर सृजित करने पर बल दिया गया, ताकि उन्हें बेहतर भविष्य की तलाश में राज्य छोड़ने की आवश्यकता न पड़े। बैठक में कहा गया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दार्जिलिंग पहाड़, तराई और डुआर्स क्षेत्र को विकास के लिए प्राथमिकता दी गई है। इस विकास की गति को निरंतर बनाए रखने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। बैठक में उपस्थित नेताओं ने कार्यकर्ताओं के उत्साह, एकता और ऊर्जा की सराहना की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र और राज्य में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए कार्यकर्ताओं का समर्पण और प्रतिबद्धता सराहनीय है। बैठक में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, जिले के वरिष्ठ नेता तथा राज्य स्तरीय पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ढोल-नगाड़ों के साथ कर्सियांग में निकली शिव बारात और झांकी



कर्सियांग (निज संवाददाता)। महाशिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर श्री राम मंदिर, कर्सियांग के तत्वावधान में ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य शिव बारात एवं आकर्षक झांकी निकाली गई। इस वर्ष उच्च माध्यमिक परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा डीजे और बैंड की अनुमति नहीं दी गई थी। फलस्वरूप शिव बारात बिना डीजे और बैंड के पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। शनिवार को श्री राम मंदिर प्रांगण स्थित शिवालय में सार्वजनिक कल्याण, राष्ट्र की सुख-शांति एवं समृद्धि के लिए भगवान शिव का विधिवत पूजन, रुद्राभिषेक, श्रृंगार एवं महाआरती का आयोजन किया गया। सायं लगभग साढ़े छह बजे श्रद्धालुओं और भक्तों की टोली द्वारा शिव बारात झांकी सहित नगर परिक्रमा के लिए निकली। नगर भ्रमण के पश्चात शोभायात्रा पुन: मंदिर प्रांगण में पहुंची, जहां विधिवत समापन किया गया।

श्री राम मंदिर, कर्सियांग के पुरोहित अखिलेन्द्रनाथ द्विवेदी ने बताया कि शिव बारात और झांकी के समापन के बाद मंदिर परिसर में व्यक्तिगत कल्याण हेतु रुदद्रभिषेक तथा महाशिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जानकारी के अनुसार कर्सियांग क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों नया बाजार स्थित शिवालय, गौरीशंकर मंदिर, अंबोटिया चाय बागान, गाड़ीधुरा, रोहिणी, फाटक डांडा स्थित शिवालय तथा हिल कार्ट रोड पर स्थित पश्चिम बंगाल राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड कार्यालय के सामने स्थित शिवालय में भी गणेश कलश पूजन, शिव रुद्राभिषेक, श्रृंगार, 108 बिल्वपत्र अर्पण, आरती और प्रसाद वितरण सहित महाशिवरात्रि महोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया।

प्रात:काल से देर रात तक श्रद्धालुओं का आवागमन जारी रहा। सुहावने मौसम के कारण मंदिरों में भक्तों की विशेष भीड़ देखी गई। पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय रहा और विभिन्न शिवालयों में 'हर-हर महादेव' तथा भजन-कीर्तन की गूंज सुनाई देती रही।

**MATRIMONIAL**
Marwari boy, DOB 18 Jan 1994, Height 5'6", Gotra: Mangal. Highly educated – B.Com (Hons.) from SRCC, New Delhi & MBA from IIM Lucknow. Please contact: Pradip Ji SLG 86534 48500
PHONEPE

**MATRIMONIAL**
Agarwal boy, DOB: 01/10/1990, 5'8", Mittal Gotra, Honors in Accountancy Automobile businessman in Siliguri Contact: RK Agrawal SLG 60004 57190
PHONEPE

**FOR SALE**
5.5 kata land 2 Storied House at Saktighar. 4 kata land with 3 Storied House at Salugara.5 kata land at Eastern By Pass. 5 kata at Sastri Nagar. 40 kata land at Fulbari. For visit contact with Property Hub Siliguri.
M: 79086-31146
NEHA

**PUBLIC NOTICE**
**NOTICE IS HEREBY GIVEN** to the public that a Case being Title **Suit No. 140 of 2025**, is currently pending before In the Court of the Ld. **Civil Judge (Junior Division) at Siliguri**
Between
Mina Singha & others
-Vs-
1. Siliguri Motels Private Limited,
2. Dwarika Orion & others
**The aforesaid suit concerns the property described below:-**
**SCHEDULE OF PROPERTY**
All that piece and Percell of land measuring 0.31 acres of appertaining to R.S. Plot No. 222, recorded in R.S. Khatian No. 412 under Mouza Siliguri, now Siliguri Uttar Paschim, J.L. No. 89, Mandalaguri, Pargana Baikunthapur, P.S. Pradhan Nagar, Siliguri, District Darjeeling.
**TAKE NOTICE** that any person(s) having any claim, right, title, interest, or objection regarding the aforementioned property by way of sale, mortgage, gift, lease, inheritance, charge, or under any litigation, decree, or otherwise, should make the same known in writing along with documentary evidence to the undersigned at the address mentioned below
**Note-** "This Notice is issued for Public Information only"
**Date:** 13/02/26
**Place:** Siliguri
**Sd/- Rubaiya Naser**
**Advocate**
**8509888197**
KR

**PUBLIC NOTICE**
**NOTICE IS HEREBY GIVEN** to the public that Cases being **Title Suit No. 229 of 2024 (Soumen Chakrabarty vs. Siliguri Motels Pvt. Ltd & others), Title Suit No. 237 of 2024 (Uttam Ray & others vs. Siliguri Motels Pvt. Ltd & others), Title Suit No 238 of 2024 (Sambhu Sah vs. Siliguri Motels Pvt. Ltd & others), Title Suit No. 240 of 2024 (Suresh Mandal vs. Siliguri Motels Pvt. Ltd & others), Title Suit No. 241 of 2024 (Tapan Dey Sarkar vs. Siliguri Motels Pvt. Ltd & others)** and Title Suit No. 236 of 2024 (Mukesh Kumar Gupta vs. Siliguri Motels Pvt. Ltd & others), are currently pending before In the Court of the Ld. **Civil Judge (Junior Division) at Siliguri**
**The aforesaid suits concerns the property described below:-**
**SCHEDULE OF PROPERTY**
All that piece and parcel of land measuring 0.01 acres including 10 shops out of total land 0.31 acres appertaining to R.S. Plot No. 222, recorded in R.S. Khatian No. 412 under Mouza Siliguri, now Siliguri Uttar Paschim, J.L. No. 89, Mandalaguri, Pargana Baikunthapur, P.S. Pradhan Nagar, Siliguri, District Darjeeling.
**TAKE NOTICE** that any person(s) having any claim, right, title, interest, or objection regarding the aforementioned property by way of sale, mortgage, gift, lease, inheritance, charge, or under any litigation, decree, or otherwise, should make the same known in writing along with documentary evidence to the undersigned at the address mentioned below
**Note:** "This Notice is issued for Public Information only"
**Date:** 13/02/26
**Place:** Siliguri
**Sd/- Kakuli Singh**
**Advocate**
**6295282256**
KR

**सतर्कता**
जनपथ समाचार अथवा पत्रिका का कोई भी एजेंट पत्रिका में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन की सत्यता अथवा विश्वसनीयता के लिये जिम्मेवार नहीं है। किसी भी तरह के विज्ञापन से प्रभावित होने से पहले विज्ञापन के सत्यापन की जांच के लिये पाठकों से अनुरोध किया जाता है।

# महाशिवरात्रि पर चांदमणि और जंगली बाबा मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़



सिलीगुड़ी (निज संवाददाता)। आज महाशिवरात्रि को लेकर चांदमणि जंगली बाबा शिव मंदिर में भक्तों का ताता लग गया। भगवान शंकर के दर्शन और अभिषेक करने के लिए श्रद्धालु सुबह से ही लाइनों में लगे हुए थे। सुबह के 3 बजे लाइन में लगे भक्त अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। कब उनका नंबर आएगा और वह भगवान शंकर भगवान का दर्शन के साथ पूजा अर्चना कर पाएंगे। वही महाशिवरात्रि को देखते हुए चांदमणि मंदिर परिसर में पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई।

चांदमणि मंदिर परिसर में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया। वहीं हर बार यहां पर शिवरात्रि को लेकर मेले का भी आयोजन किया गया।

उल्लेखनीय है कि यह माटीगाड़ा का चांदमणि बागडोगरा का जंगली बाबा मंदिर काफी विख्यात है। इस मंदिर को लेकर कई तथ्य व रोचक कहानियां भी हैं। महाशिवरात्रि के दिन इस मंदिर में भगवान शंकर का पूजा करने के लिए दूर-दराज से भी भक्त पहुंचते हैं, क्योंकि इस मंदिर को लेकर कई पौराणिक कथाएं व मान्यताएं हैं। लोगों का मानना है कि मंदिर में पूजा करने के दौरान कोई भी सच्चे मन से कुछ मांगे, तो वह जरूर पूरा होता है। इसीलिए श्रावण और महाशिवरात्रि के दिन इस मंदिर में भक्तों की काफी भीड़ लगती है।

मंदिर के पुजारी बताते हैं कि यह मंदिर अपने आप में काफी खास है। इस जगह पर मां सती का अंग गिरा था जिसके बाद से यह भी जगह शक्तिपीठ के रूप में उभर गई है। यहां पर शिवलिंग अपने आप अवतरित हुई है। यहां पर पहले पूजा एक जंगली बाबा नाम के मुनि पूजा करते थे। अभी उनकी सातवीं पीढ़ी ही इस मंदिर की देखरेख कर रही हैं। इस मंदिर में जो कोई भी सच्चे मन से कुछ भी मांगे, उनकी मुरादें पूरी होती हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यहां पर भक्त और दर्शनार्थियों की काफी भीड़ जुटी है।

# महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल का मेगा हेल्थ कैंप बना जनसेवा का महापर्व, उमड़ा स्वास्थ्य जागरूकता का सैलाब




सिलीगुड़ी (निज संवाददाता)। फूलबाड़ी स्थित महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल के 10वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को बाघाजतीन पार्क कॉलेजपाड़ा में आयोजित निःशुल्क मेगा हेल्थ चेकअप कैंप सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सुबह विधिवत उद्घाटन के साथ प्रारंभ हुए इस शिविर में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिलीगुड़ी के मेयर गौतम देब ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

इस अवसर पर एसजेडीए चेयरमैन दिलीप दूगड़, डिप्टी मेयर रंजन सरकार सहित नगर निगम के कई पार्षदगण ने उपस्थिति दर्ज करवायी। अतिथियों ने अस्पताल प्रबंधन की इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हॉस्पिटल चेयरमैन नीरज चौधरी, सचिव सीए योगेश अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक विष्णु केडिया सहित बोर्ड सदस्य, पूर्व अध्यक्ष, अस्पताल प्रशासन एवं समस्त चिकित्सक दल पूरे समय सक्रिय रहे।

विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने कार्डियोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, जनरल मेडिसिन, जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जरी, ईएनटी, पीडियाट्रिक्स, डेंटल तथा प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग से संबंधित परामर्श एवं जांच सेवाएं प्रदान कीं।

शिविर के दौरान रैंडम ब्लड शुगर, कम्प्लीट हीमोग्राम, रीनल एवं लिवर फंक्शन टेस्ट, कैल्शियम जांच सहित कई आवश्यक परीक्षण निःशुल्क किए गए। इसके साथ ही स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

आयोजकों के अनुसार हजारों लोगों ने शिविर का लाभ उठाया। मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श के साथ आवश्यक स्वास्थ्य मार्गदर्शन भी दिया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए 'सिट एंड ड्रॉ' प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें नन्हें प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। हॉस्पिटल प्रबंधन ने सभी अतिथियों, चिकित्सकों, स्वयंसेवकों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार समाज सेवा के कार्य निरंतर जारी रहेंगे, ताकि स्वस्थ एवं जागरूक समाज का निर्माण हो सके।

# 9 किलो गांजा बरामद, एक गिरफ्तार



बागडोगरा (निज संवाददाता)। 9 किलो गांजा के साथ एक व्यक्ति को बागडोगरा थाने की सादे कपड़ों में पुलिस ने गिरफ्तार किया। गुप्त सूत्रों के आधार पर बागडोगरा बिहार मोड़ के पास 31 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुलिस ने अभियान चलाया। बताया गया है कि एक युवक बस का इंतजार कर रहा था।

संदिग्ध युवक की तलाशी लेने पर उसके बैग से 9 किलो गांजा बरामद हुआ। मौके से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार 23 वर्षीय शेख रुबेल, सागरदिघी, मुर्शिदाबाद का निवासी है।

इससे पहले भी आरोपी को मादक पदार्थ तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आज उसे सिलीगुड़ी महकमा अदालत में पेश किया गया। पूरे मामले की जांच बागडोगरा थाने की पुलिस कर रही है।

# सुसाइड नोट लिखकर व्यवसायी ने नहर में लगायी छलांग



बागडोगरा (निज संवाददाता)। पारिवारिक विवाद के कारण एक मध्य वर्षिय व्यक्ति द्वारा सुसाइड नोट लिखकर नहर के पानी में कूद जाने की घटना से फांसीदेवा के काशीराम जोत इलाके में भारी सनसनी फैल गई। मौके पर पुलिस गोताखोरों की मदद से शव बरामद करने की कोशिश कर रही है।

जानकारी के अनुसार, आज सुबह सिलीगुड़ी मिलन पल्ली स्थित घर से 48 वर्षीय व्यवसायी मनोज कुमार डालमिया स्कूटी से फांसीदेवा के झमक लाल पावर हाउस के पास काशीराम जोत स्थित महानंदा नहर के निकट पहुंचे।

उन्होंने स्कूटी की सीट पर अपना मोबाइल दबाकर एक सुसाइड नोट रखा और नहर के पानी में छलांग लगा दी। स्थानीय लोगों ने यह देख पुलिस को सूचना दी। फांसीदेवा थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर चिट्ठी, मोबाइल और स्कूटी को अपने कब्जे में ले लिया।

चिट्ठी में लिखे अनुसार उन्होंने अपनी बहन के प्रति न्याय की मांग की है। मोबाइल के आधार पर उनके परिवार को सूचना दी गई। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन किस कारण उस व्यक्ति ने आत्महत्या का रास्ता चुना, यह बताना नहीं चाहा। हालांकि प्रारंभिक रूप से माना जा रहा है कि पारिवारिक विवाद के कारण ही उन्होंने यह कदम उठाया।

फांसीदेवा थाने की पुलिस राज्य आपदा मोचन दल के गोताखोरों की मदद से शव बरामद करने का प्रयास कर रही है। अंतिम समाचार मिलने तक शाम करीब छह बजे अंधेरा होने के कारण आज का अभियान रोक दिया गया। सोमवार को फिर से टीम के उतरने की बात कही गई है।

# त्रिकोण प्रेम : शुभजीत मोदक को न्याय दिलाने के लिए निकाला गया कैंडल मार्च

## परिवार वालों ने की हत्यारे को फांसी की सजा देने की मांग




सिलीगुड़ी (निज संवाददाता)। त्रिकोणीय प्रेम के विवाद में दसवीं कक्षा के छात्र 15 वर्षीय नाबालिग शुभजीत मोदक की निर्मम हत्या कर दी गई। तीन दिनों से लापता शुभजीत का शव सुकना के जंगल से बरामद किया गया। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए संदेह के आधार पर पहले मृतक के नाबालिग को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद पुलिस ने इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाई। इसके बाद मुख्य आरोपी काजल पासवान उर्फ राज को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया गया।

आरोपी को अदालत में पेश किए जाने के दिन इलाके के लोगों और मृतक के परिजनों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित भीड़ ने आरोपी पर हमला करने की कोशिश की जिसे रोकने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस घटना के विरोध में आज शुभजीत के परिवार और स्थानीय लोगों ने कैंडल मार्च निकाला। यह मार्च शिमुलतला से शुरू होकर माटीगाड़ा क्षेत्र का परिक्रमा करते हुए थाने के सामने पहुंचा जहां मौन प्रदर्शन किया गया। इसके बाद खपरैल मोड़ पर आरोपियों के खिलाफ नारेबाजी की गई और फांसी की मांग की गई।

मृतक शुभजीत मोदक के बड़े भाई ने बताया कि अब तक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने पुलिस की सक्रिय भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि वे जांच से संतुष्ट हैं, लेकिन चाहते हैं कि जल्द से जल्द आरोपियों को कड़ी सजा दी जाए। परिवार और स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला और आरोपियों को सजा की घोषणा नहीं हुई तो वे भविष्य में बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

कैंडल मार्च को लेकर इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी जिससे तनावपूर्ण माहौल उत्पन्न न हो। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# तृणमूल कांग्रेस में गुटबाजी को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प



सिलीगुड़ी (निज संवाददाता)। सिलीगुड़ी में तृणमूल कांग्रेस की आपसी गुटबाजी ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि तृणमूल के एक गुट ने पार्टी के ही दूसरे गुट के एक कार्यकर्ता की दुकान में आग लगा दी। इस घटना से पार्टी की छवि को भारी नुकसान पहुंचा है। घटना डाबग्राम-फूलबाड़ी विधानसभा क्षेत्र के फूलबाड़ी-1 ग्राम पंचायत अंतर्गत पोड़ाझाड़ इलाके की है।

मिली जानकारी को लेकर तृणमूल के दो गुटों के बीच बालू और पत्थर गिराने को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था जिससे इलाके में कई दिनों से तनाव बना हुआ था। शनिवार रात दोनों पक्षों के बीच हाथापाई हुई। इसके बाद देर रात एक गुट द्वारा तृणमूल के ही एक कार्यकर्ता की दुकान में आग लगा देने का आरोप है।

सूचना मिलने पर दमकल विभाग मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। घटना के बाद रविवार सुबह से इलाके के तृणमूल कार्यकर्ताओं ने पंचायत सदस्य राजू मंडल के घर के सामने प्रदर्शन शुरू कर दिया और उनकी गिरफ्तारी की मांग की।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना के बाद से राजू मंडल का परिवार इलाके में मौजूद नहीं है। वहीं खबर है कि राजू मंडल को उत्तरबंग मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। शनिवार की रात अशांति की खबर मिलने पर सिलीगुड़ी मेट्रोपॉलिटन पुलिस के एनजेपी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और हाथापाई के आरोप में कई लोगों को हिरासत में लिया। घटना को लेकर इलाका अब भी तनावपूर्ण बना हुआ है।

इस बीच, आज इस घटना की जानकारी मिलने पर तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इलाके में पहुंचे। हालात को संभालने के लिए डैमेज कंट्रोल की कोशिश की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# ट्रेनों और स्टेशनों पर चोरी हुई 25 मोबाइल बरामद

## एनजेपी जीआरपी ने असली मालिकों को लौटाया




सिलीगुड़ी (निज संवाददाता)। एनजेपी जीआरपी के रेलवे पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। जीआरपी की टीम ने रेलवे स्टेशनों पर चोरी और छिनताई हुई कुल 25 मोबाइल फोन को ट्रैक कर कड़ी मशक्कत के बाद बरामद किया। बरामद सभी मोबाइल फोन को जीआरपी अधिकारियों ने सही मालिकों को पहचान और कानूनी प्रक्रिया पूरा करने के बाद सौंप दिया। इस कदम से उन यात्रियों के चेहरे पर खुशी लौट आई जिनकी मोबाइल फोन यात्रा के दौरान चोरी या गुम हो गई थीं।

बरामदगी के दौरान एनजेपी जीआरपी द्वारा एक विशेष जागरूकता अभियान भी आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के माध्यम से यात्रियों को ट्रेन यात्रा के दौरान मोबाइल फोन, पर्स, बैग और अन्य कीमती सामान की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। जीआरपी कर्मियों ने यात्रियों से सतर्क रहने, संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को देने और गुमशुदगी की स्थिति में जीआरपी हेल्पलाइन से संपर्क करने की अपील की।

स्थानीय लोगों और रेल यात्रियों ने जीआरपी के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह की कार्रवाइयों से यात्रियों के मन में सुरक्षा का भरोसा बढ़ता है। चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगता है।

यह पहल न केवल खोए हुए सामान को लौटाने तक सीमित है, बल्कि यात्रियों के बीच सुरक्षा जागरूकता पैदा कर, रेलवे यात्रा को और अधिक सुरक्षित बनाने का संदेश भी दिया। आज के इस कार्यक्रम में एसआरपी कुंवर भूषण सिंह, जीआरपी एसओजी ओसी अत्रेए गांगुली, एनजेपी आईसी पाशांग शेरपा, जीआरपी एएसआई सैफुल आलम के साथ अन्य एनजेपी जीआरपी के अधिकारी उपस्थित थे।







# बाल तस्करी की घटना में पुलिस को मिला अंतरराष्ट्रीय गिरोह का सुराग

उदलाबाड़ी, नागराकाटा (निज संवाददाता)। उदलाबाड़ी से बाल तस्करी की घटना में अंतरराष्ट्रीय

**गिरफ्तार तीन लोगों से पूछताछ जारी, बिहार के पूर्णिया से अपहृत बालक बरामद**

गिरोह का सुराग मिला है। पिछले गुरुवार को उदलाबाड़ी से लापता हुए छह वर्ष के एक बच्चे को बिहार के पूर्णिया से पुलिस ने बरामद किया। सिलीगुड़ी होते हुए बच्चे को बिहार ले जाया गया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बच्चे को मध्य पूर्व में तस्करी करने की योजना थी। संभवतः यह गिरोह बच्चों के अंगों की तस्करी में भी शामिल है, ऐसा पुलिस का अनुमान है।

इस सनसनीखेज घटना में संलिप्त होने के आरोप में माल थाने की पुलिस ने पहले ही तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पूरे मामले में उदलाबाड़ी का नाम जुड़ जाने से इलाके में सनसनी फैल गई है।

रविवार को माल थाने में पत्रकारों से मुखातिब होकर माल के एसडीपीओ रोशन प्रदीप देशमुख ने बाल तस्करी गिरोह के विषय में खुलासा किया। एसडीपीओ ने बताया कि 12 फरवरी को उदलाबाड़ी के हिंदी स्कूल कॉलोनी से दोपहर में 6 वर्ष



चोरी की घटना में पुलिस की सफलता की पत्रकारों को जानकारी देते माल के एसडीपीओ।

का एक बालक लापता हो गया था। बच्चे के माता-पिता दुर्गा और बैजू साहनी ने काफी खोजबीन के बाद भी बच्चे का कोई पता न चलने पर शनिवार को माल थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस सक्रिय हो गई।

घटनास्थल से जानकारी जुटाकर पुलिस ने उदलाबाड़ी के चुइया बस्ती क्षेत्र से दुर्गा साहनी की दूर की रिश्तेदार प्रियंका खातून और कुनाल कुमार नामक एक दंपति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों से पूछताछ में पुलिस को बिहार के पूर्णिया जिले के एक दागी अपराधी सुरेश सिंह का पता चला। प्रियंका और कुनाल ने 30,000 रुपये के बदले बच्चे को सुरेश सिंह को बेच दिया था।

बिना समय गंवाए शनिवार रात ही जांच अधिकारी गोलाम रसूल के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम पूर्णिया पहुंची। वहां की पुलिस के सहयोग से दागी अपराधी सुरेश सिंह की हिरासत से बच्चे को बरामद किया गया। सुरेश सिंह को गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर रविवार दोपहर माल थाने लाया गया।

विभिन्न सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पूर्णिया का सुरेश सिंह पहले भी कई मामलों में संलिप्त रहा है। विशेष रूप से बाल तस्करी और अंग तस्करी जैसे मामलों में वह माहिर है। कुछ घंटे की देरी होती तो उदलाबाड़ी के इस बच्चे को भी राजस्थान के जोधपुर होते हुए मध्य पूर्व भेजने की योजना बना ली गई थी। हालांकि, जांच के हित में एसडीपीओ रोशन प्रदीप देशमुख ने अभी सुरेश सिंह और बाल तस्करी गिरोह के बारे में विस्तृत जानकारी देने से इनकार किया है। आरोपियों से पूछताछ कर सभी तथ्यों का पता लगाने की कोशिश जारी है।

तीनों आरोपियों को कल जिला अदालत में पेश कर पांच दिन की रिमांड की मांग की जाएगी। बरामद किए गए बच्चे को कल सीडब्ल्यूसी (बाल कल्याण समिति) के हवाले किया जाएगा, ऐसा पुलिस ने बताया। फिलहाल बच्चे को माल थाने के सेफ हाउस में रखा जाएगा।

इधर यह भी पता चला है कि अपहृत और अपहरणकर्ता दोनों ही परिवार वास्तव में उदलाबाड़ी के स्थायी निवासी नहीं हैं। घुमंतू जीवन जीते हुए इधर-उधर से सामान बटोरने के काम से जुड़े ये दोनों परिवार पिछले लगभग एक वर्ष से हिंदी स्कूल कॉलोनी, चुइया बस्ती तथा विभिन्न नदी किनारों पर डेरा डाले हुए थे। कोई किराए का मकान लेकर उदलाबाड़ी में रहने लगा था। इस घटना से उदलाबाड़ी के स्थायी निवासियों में और अधिक दहशत फैल गई है।

# युवसाथी परियोजना का फॉर्म भरने के लिए बढ़ी भीड़

अलीपुरद्वार (निज संवाददाता)। युवसाथी परियोजना का फॉर्म भरने के लिए अलीपुरद्वार नगरपालिका में भीड़ बढ़ गई है। लड़के-लड़कियां घंटों लाइन में खड़े होकर पंजीकरण के लिए उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं। इसी लाइन में खड़ी दिखी अलीपुरद्वार विश्वविद्यालय की प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुमना राय। सुमना ने कहा कि क्या करूं? नौकरी नहीं है। आवेदन कर रही हूं। यह पैसा मिल जाए तो परीक्षा की फीस तो दे सकूंगी। सुमना की तरह कई मास्टर्स कर चुके छात्र-छात्राएं भी आज उपस्थित हुए हैं।

तृणमूल युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष समीर घोष ने कहा, मुख्यमंत्री का यह बेहतरीन कदम है। कई बेरोजगार युवक-युवतियां आए हैं। उन्होंने एक आंकड़ा देते हुए कहा, आज से युवसाथी परियोजना का काम शुरू हुआ है। आज यहां दो हजार युवक-युवतियां आए हैं। लगभग बीस प्रतिशत मास्टर्स किए हुए हैं। छात्र-छात्राएं बहुत खुश हैं। वे यहां से डेढ़ हजार रुपये पाएंगे, जिससे वे विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। इच्छा होते हुए भी कई लोग पैसे के अभाव में फॉर्म भर नहीं पाते। उनके लिए यह परियोजना बहुत लाभदायक होगी। इधर इस परियोजना को लेकर कांग्रेस नेता रंजन राय ने तीखी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा, ऐसे भत्ते देकर राज्य सरकार ने रोजगार को नष्ट कर दिया है। इसका परिणाम भयावह होगा। यह सरकार नौकरी नहीं दे पा रही है, लेकिन भत्ता दे रही है।

# लिम्बुओं के पवित्र स्थान युमा मंघिम का 17 वां स्थापना दिवस मनाया गया



बानरहाट (निज संवाददाता)। जलपाईगुड़ी जिले के लुकसान में स्थित लिम्बुओं के पवित्र स्थान युमा मंघिम का 17वां स्थापना दिवस रविवार को धूमधाम से मनाया गया। जहां मुख्य अतिथि पड़ोसी राज्य सिक्किम के सिक्किम विश्वविद्यालय में लिम्बू भाषा के एसोसिएट प्रोफेसर बाल मुरिंगला थे और विशेष अतिथि सिक्किम सरकार के पूर्व अतिरिक्त निदेशक पूर्ण सिंह मुरिंगला के साथ डुआर्स के विभिन्न स्थानों से लिम्बू प्रतिनिधि मौजूद थे। स्थापना दिवस की शुरुआत उभौली पूजा के साथ हुई।

मंघिम के इस 17वें स्थापना दिवस पर डुआर्स के लिम्बुओं ने लिम्बुओं की भाषा, साहित्य और सामाजिक विकास के बारे में बताया। कार्यक्रम में लिम्बुओं के विकास पर भी प्रकाश डाला गया, जिन्हें 2002 में भारतीय स्तर पर आदिवासी का दर्जा दिया गया था। पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दिए गए लिम्बू विकास बोर्ड पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने बोर्ड द्वारा गरीबों को दी जाने वाली सुविधाओं पर भी अपने विचार व्यक्त किए। लेकिन वर्तमान में विकास बोर्ड के बंद होने के बाद उन्हें मिलने वाली सरकारी सुविधाएं भी बंद हो गईं और यह भी चर्चा हुई कि अल्पसंख्यक लिंबू समुदाय के विकास में बाधा उत्पन्न हुई है।

पड़ोसी राज्य सिक्किम की पूर्व लिंबू भाषा में सिक्किम विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर बाल मुरिंगला ने एक पत्रकार के सवाल के जवाब में टिप्पणी की कि यह मुद्दा राजनीतिक है। लुकसान लिंबू सुब्बा के लिंबू सुब्बा केंद्रीय विकास समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संगठन के अध्यक्ष जेठा सुब्बा और सचिव गणेश बहादर लिंबू ने भी बयान दिए। 17वें मंघिम स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर डुआर्स क्षेत्र से सामाजिक कार्यकर्ता और नेपाली साहित्य प्रेमी आश बहादुर लिंबू, 1972 में युद्ध में लड़ने वाले पशुपति लिंबू लुकसान से सामाजिक कार्यकर्ता ज्ञान बहादुर लिंबू और सपना सुब्बा राय को सम्मानित किया गया।

# प्राथमिक शिक्षकों को पहचान पत्र प्रदान करेगा डीपीएससी

**सीमावर्ती इलाकों में पेश आ रही कठिनाइयों को दूर करने का प्रयास**

रायगंज (निज संवाददाता)। उत्तर दिनाजपुर जिला प्राथमिक विद्यालय परिषद (डीपीएससी) के अधिकारियों ने जिले के सभी प्राथमिक स्कूल शिक्षकों के लिए पहचान पत्र शुरू करने का निर्णय लिया है, ताकि संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्रों में आवागमन को सुगम बनाया जा सके।

उत्तर दिनाजपुर के नौ में से सात प्रखंड भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा के साथ स्थित हैं, जबकि इटाहार, करंदीघी, चाकुलिया, गोयालपोखर और इस्लामपुर जैसे प्रखंड बिहार राज्य की सीमा से भी लगे हुए हैं। नियमित विद्यालय निरीक्षण और आधिकारिक कार्यों के दौरान शिक्षकों का अक्सर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और बिहार पुलिस के कर्मियों से सामना होता है और उनसे अपनी पहचान सत्यापित करने को कहा जाता है।

आधिकारिक पहचान पत्र के अभाव में कई शिक्षकों को कथित तौर पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है, जिनमें संवाद संबंधी बाधाएं और यात्रा के उद्देश्य को समझाने में देरी शामिल है। इस समस्या के समाधान के लिए डीपीएससी ने जिले के सभी प्राथमिक शिक्षकों को डिजिटल पहचान पत्र जारी करने का औपचारिक निर्णय लिया है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, उत्तर दिनाजपुर में 17 सर्किलों में फैले 1,462 प्राथमिक विद्यालय हैं, जिनमें वर्तमान में लगभग 8,000 शिक्षक कार्यरत हैं। शिक्षकों ने पहले ही अपने आवश्यक दस्तावेज डीपीएससी कार्यालय में जमा कर दिए हैं, और पहचान पत्र अगले सप्ताह के भीतर वितरित किए जाने की संभावना है। हेमताबाद प्रखंड के एक प्राथमिक शिक्षक उत्पल साहा ने कहा, हमारा स्कूल अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास स्थित है। कभी-कभी जब हम शैक्षिक उद्देश्यों से सीमावर्ती क्षेत्रों में जाते हैं तो बीएसएफ कर्मियों का सामना करना पड़ता है। पहचान पत्र के बिना यह साबित करना कठिन हो जाता है कि हम कौन हैं। कई बार भाषा भी समस्या बन जाती है। पहचान पत्र होने से उन्हें हमारी भूमिका और कर्तव्य समझने में आसानी होगी। उत्तर दिनाजपुर जिला प्राथमिक विद्यालय परिषद के अध्यक्ष नजीमुद्दीन अली ने कहा, पहचान पत्र के अभाव में शिक्षकों को बांग्लादेश और बिहार दोनों सीमाओं के पास समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए हमने विभिन्न शिक्षक संगठनों के सदस्यों से परामर्श करने के बाद डिजिटल आई-कार्ड जारी करने का निर्णय लिया है। प्रक्रिया जारी है और शिक्षकों को अगले सप्ताह यह प्राप्त हो जाएगा।

# शिव पूजा पर निकली शोभायात्रा के माध्यम से मंत्री उदयन गुहा ने किया जनसम्पर्क

दिनहाटा (निज संवाददाता)। आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए जनसंपर्क बढ़ाने के लिए उत्तरबंग विकास मंत्री उदयन गुहा ने शिव पूजा को हथियार बनाया। दिनहाटा संहति मैदान में शिव पूजा के अवसर पर रविवार को दिनहाटा शहर में एक शोभायात्रा निकाली गई। शिव पूजा के मुख्य आयोजक मंत्री उदयन गुहा हैं।

आज दिनहाटा संहति मैदान के शिव पूजा स्थल से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के आगे उत्तरबंग विकास मंत्री उदयन गुहा, मंत्री तनय, जिला तृणमूल कांग्रेस सचिव सायंतन गुहा, दिनहाटा नंबर दो ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष दीपक कुमार भट्टाचार्य, दिनहाटा नंबर एक ब्लॉक बी



तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष अनंत बर्मन, शहर ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष बिशु धर सहित अन्य नेता उपस्थित थे।इस शोभायात्रा के बारे में बोलते हुए मंत्री उदयन गुहा ने कहा, हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दिनहाटा संहति मैदान में इस शिव पूजा का आयोजन किया गया है। उसी पूजा के अवसर पर इस संहति मैदान से एक विशाल शोभायात्रा आयोजित की गई। बड़ी संख्या में लोगों ने इस शोभायात्रा में भाग लिया। दिनहाटा संहति मैदान में नाम नेई संघ के संचालन में हर वर्ष दिवान्विता काली पूजा आयोजित की जाती है। 50 वर्ष पार कर चुकी इस पूजा के संरक्षक फॉरवर्ड ब्लॉक नेता तथा राज्य के पूर्व मंत्री स्वर्गीय कमल गुहा थे। कमल गुहा के निधन के बाद उनके पुत्र उदयन गुहा उस काली पूजा के संरक्षक के रूप में कार्य कर रहे हैं। उसी स्थान पर पिछले कई वर्षों से शिव पूजा आयोजित की जा रही है। इस शिव पूजा के आयोजक मंत्री उदयन गुहा हैं। उसी शिव पूजा के अवसर पर शोभायात्रा के माध्यम से मंत्री उदयन गुहा ने जनसंपर्क किया।

उदयन गुहा ने बताया कि इस पूजा के अवसर पर सोमवार को एक हजार लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# शौचालय के पैसे गायब, भाजपा नेत्री के पति के खिलाफ शिकायत दर्ज

अलीपुरद्वार (निज संवाददाता)। गांव के प्रत्येक घर में शौचालय निर्माण करना है, इस लक्ष्य के साथ पूरे राज्य के साथ-साथ अलीपुरद्वार जिले में भी गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले प्रत्येक घर में शौचालय निर्माण का कार्य शुरू हुआ है।

नियम के अनुसार प्रत्येक लाभार्थी के अपने बैंक खाते में 12 हजार रुपये दिए जाएंगे। लाभार्थी स्वयं शौचालय का निर्माण करेंगे, यहां कोई दूसरा व्यक्ति काम नहीं करेगा। इतना ही नहीं, इस शौचालय निर्माण में 325 ईंटों का उपयोग करना अनिवार्य है।

सरकारी नियमों के अनुसार अलीपुरद्वार एक नंबर ब्लॉक के पातलाखावा ग्राम पंचायत क्षेत्र के कई लोगों ने सरकारी आर्थिक सहायता से शौचालय निर्माण के लिए पैसा प्राप्त किया है।

लेकिन समस्या खड़ी की है स्थानीय भाजपा पंचायत समिति सदस्य स्वाति विश्वास के पति अमित विश्वास ने। उनके खिलाफ बीडीओ के पास कई लाभार्थियों ने लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

उनका आरोप है कि स्वाति विश्वास स्थानीय भाजपा की पंचायत समिति सदस्य होने के कारण उनके पति ने क्षेत्र के गरीब लोगों से शौचालय बनाकर देने के नाम पर कई लाभार्थियों से पैसा लिया। किसी से छह महीने पहले तो किसी से आठ महीने पहले पैसा लेने के बावजूद शौचालय का काम पूरा नहीं किया गया। निम्नस्तरीय और अधूरा काम कर छोड़ दिया गया, ऐसा लाभार्थियों का दावा है। यह भी आरोप है कि लंबे समय से वे उनसे मिलने भी नहीं आते। आरोप है कि जहां 325 ईंटों का उपयोग करना अनिवार्य है, वहां इस ठेकेदार ने मात्र 160 ईंटों का उपयोग किया।

पंचायत समिति के स्वास्थ्य कर्माध्यक्ष सुब्रत सरकार ने कहा कि इस परियोजना में किसी दलाल के रहने का प्रावधान नहीं है, लाभार्थी स्वयं काम करेंगे। शिकायत मिलने के बाद जांच की गई है। विस्तृत रिपोर्ट बीडीओ को दी जाएगी। कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

आरोपी ठेकेदार तथा भाजपा सदस्य के पति अमित विश्वास ने कहा कि उन्होंने गरीब लोगों की मदद के लिए यह काम किया है। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने पैसे लिए हैं, लेकिन पूरे पैसे नहीं। उनका कहना है कि कुछ लाभार्थियों ने स्वयं कुछ काम करने के लिए कुछ राशि अपने पास रखी है।

विधानसभा चुनाव से पहले इस मुद्दे को लेकर स्थानीय तृणमूल कांग्रेस के नेता भाजपा के खिलाफ मुखर हो गए हैं। अलीपुरद्वार जिला परिषद के सह-सभाधिपति मनोरंजन दे ने कहा कि इस ब्लॉक में भाजपा शासित ग्राम पंचायतों में व्यापक भ्रष्टाचार हो रहा है। हम इस विषय को प्रशासन के संज्ञान में लाएंगे।

# शिवतीर्थ जयन्ती महाकाल धाम में लाखों श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

अलीपुरद्वार (निज संवाददाता)। शिवरात्रि के अवसर पर शिवतीर्थ जयन्ती महाकाल धाम में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शिवरात्रि के अवसर पर जयन्ती महाकाल धाम में भारी संख्या में भक्तों का समागम हुआ। केवल भक्त ही नहीं, जयन्ती में अनेक साधु-संत भी पहुंचे। कई दुकानें भी लगी हैं। हर वर्ष शिवरात्रि से कुछ दिन पहले ही जयन्ती के बड़े महाकाल और छोटे महाकाल धाम में लाखों भक्तों का समागम होता है। इस वर्ष भी इसका अपवाद नहीं है। जयन्ती में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है।

भारत की सड़क से होते हुए भूटान जाना होगा, तभी महादेव के दर्शन मिलेंगे। और देवाधिदेव के भक्त सारे कष्ट सहते हुए जयन्ती महाकाल धाम के इस शिवतीर्थ तक पहुंचते हैं, जिसे बड़े महाकाल धाम के नाम से जाना जाता है। शिवरात्रि के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जयन्ती महाकाल धाम में लाखों श्रद्धालुओं की उपस्थिति देखी गई।

शिवतीर्थ जयन्ती महाकाल धाम में हर वर्ष पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों तथा पड़ोसी राज्य असम



सहित कई राज्यों और पड़ोसी देश भूटान से भी श्रद्धालु आते हैं। भूटान पहाड़ के जयन्ती महाकाल धाम तक पहुंचने के लिए पहले अलीपुरद्वार जिले के बक्सा टाइगर प्रोजेक्ट के घने जंगल को पार करना पड़ता है, फिर जयन्ती नदी पार कर और कई पहाड़ी नदियों व झरनों को पार करते हुए पैदल लगभग 3000 फुट से अधिक ऊंचे पहाड़ पर चढ़कर महाकाल धाम पहुंचना होता है। भूटान पहाड़ के संकरे ऊंचे रास्ते से होकर ही महाकाल धाम पहुंचा जा सकता है। वर्ष के अन्य समय इस क्षेत्र में प्रवेश निषिद्ध रहता है, लेकिन शिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए प्रवेश मार्ग खोल दिया जाता है।

भूटान प्रशासन और अलीपुरद्वार जिला प्रशासन की ओर से जयन्ती महाकाल धाम में कई पहल की गई हैं। भूटान और अलीपुरद्वार प्रशासन श्रद्धालुओं की सहायता के लिए मौजूद हैं। रास्ता लंबा होने के कारण पुलिस सहायता केंद्र और मेडिकल कैंप लगाए गए हैं। पेयजल की व्यवस्था की गई है। पहाड़ी तेज बहाव वाली नदी पर अस्थायी बांस के पुल और अस्थायी सड़कें बनाई गई हैं। कई संगठनों की ओर से महाकाल धाम जाने के रास्ते में भंडारा भी खोला गया है। इस समय जयन्ती का शिवतीर्थ महाकाल धाम पूरी तरह से जीवंत और आकर्षक बना हुआ है।

# मोटर पार्ट्स की दुकान में घुसी प्याज लदी लॉरी, बड़ा हादसा टला

दिनहाटा (निज संवाददाता)। रविवार तड़के नियंत्रण खोकर एक प्याज से लदी लोरी सीधे जाकर एक गाड़ी के पार्ट्स की दुकान के अंदर घुस गई। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं मिली है। यह घटना दिनहाटा शहर के पुटिमारी स्कूल के पास के इलाके में हुई।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रविवार तड़के दिनहाटा-कूचबिहार राज्य सड़क से कूचबिहार की ओर से दिनहाटा की दिशा में एक प्याज से लदी लोरी आ रही थी। लगभग सुबह पौने पांच बजे चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद लोरी ने पुटिमारी स्कूल के पास एक गाड़ी के पार्ट्स की दुकान में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर की तीव्रता से दुकान का सामने का हिस्सा टूट गया और लोरी आंशिक रूप से दुकान के अंदर घुस गई।

घटना में लोरी का चालक और उसका सहायक बाल-बाल बच गए। उन्हें कोई गंभीर शारीरिक



चोट नहीं आई है। हालांकि दुकान को भारी नुकसान हुआ है। दुकान का सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के साथ-साथ अंदर रखा काफी सामान भी नष्ट हो गया है, ऐसा आरोप है। इधर सुबह साढ़े पांच बजे के आसपास जोरदार आवाज से स्थानीय निवासियों की नींद खुल गई। आवाज सुनकर वे घर से बाहर निकलकर आए और देखा कि प्याज से लदी लोरी दुकान के अंदर घुसी हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, स्थिति को नियंत्रित किया और दुर्घटना के कारण की जांच शुरू कर दी है।

# एक बार फिर भारत ने निभाई सच्चे मित्र की भूमिका




जयगांव (नि.सं)। भारत ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह भूटान का केवल पड़ोसी ही नहीं, बल्कि एक सच्चा और भरोसेमंद मित्र भी है। आज भारत-भूटान सीमा क्षेत्र के भूटान के फुंटशोलिंग शहर में नोर्गे सिनेमा हॉल के पास स्थित एक बड़े लकड़ी की दुकान और गोदाम में अचानक आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते पास के होटल और जेसीबी मशीन के बिल्डिंग तक फैल गई।

घटना की सूचना मिलते ही भूटान दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और युद्धस्तर पर आग बुझाने का कार्य शुरू किया। लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए काबू पाना मुश्किल हो रहा था।

इसी दौरान भूटान में तैनात भारतीय सेना के प्रोजेक्ट दंतक, भारत के दमकल विभाग, जयगांव पुलिस तथा अन्य भारतीय एजेंसियां तुरंत सहायता के लिए मौके पर पहुंच गईं। सभी ने मिलकर लगातार प्रयास किया और करीब 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

जयगांव दमकल विभाग के प्रभारी शंभू नाथ गोप ने बताया कि ऊपर से आदेश मिलते ही हमारी टीम तुरंत मदद के लिए रवाना हो गई। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका है। आग काफी भयानक थी, लेकिन सभी के संयुक्त प्रयास से स्थिति नियंत्रित कर ली गई।

वहीं जयगांव थाना प्रभारी मिगमा शेरपा और उनकी टीम ने भी मित्रता का धर्म निभाते हुए सक्रिय भूमिका निभाई। भारतीय टीमों की तत्परता और सहयोग से भूटानी नागरिकों ने भारत के प्रति आभार व्यक्त किया और दोनों देशों की गहरी मित्रता पर गर्व जताया। यह घटना एक बार फिर भारत-भूटान की अटूट दोस्ती की मिसाल बन गई।

# जयगांव पुलिस की बड़ी पहल, लोगों के 55 खोए हुए मोबाइल फोन लौटाया




जयगांव (नि.सं)। जयगांव पुलिस ने एक सराहनीय अभियान के तहत कुल 55 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया। यह सफलता पुलिस की सतर्कता, तकनीकी दक्षता और लगातार प्रयासों का परिणाम है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस ने आधुनिक तकनीकी जांच और ट्रैकिंग प्रणाली की मदद से इन मोबाइल फोन को चिन्हित कर अलग-अलग स्थानों से रिकवर किया।

मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। कई लोगों ने बताया कि उन्हें उम्मीद कम थी कि उनका खोया हुआ फोन वापस मिल पाएगा, लेकिन पुलिस की मेहनत से यह संभव हो सका। फोन पाकर लोगों ने जयगांव पुलिस का आभार जताया और इस पहल की जमकर सराहना की।

जयगांव थाना प्रभारी मिगमा शेरपा ने आम नागरिकों से अपील की है कि मोबाइल फोन खोने या चोरी होने की स्थिति में तुरंत थाने में शिकायत दर्ज कराएं। समय पर सूचना मिलने से तकनीकी माध्यमों से ट्रेस कर कार्रवाई करना आसान हो जाता है। जयगांव पुलिस की यह पहल न केवल जनता का विश्वास मजबूत करती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि पुलिस जनता की सुरक्षा और सुविधा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# डॉ. कृष्णगोपाल ने हिंदू एकता का किया आह्वान



इंफाल (मणिपुर)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सह-सरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल ने इंफाल पश्चिम के थंगल बाजार के धर्मशाला में एक हिंदू सम्मेलन के दौरान हिंदुओं से एकजुट होने और सामाजिक चुनौतियों का सामना करने की अपील की। वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ. कृष्णगोपाल ने याद दिलाया कि कैसे हिंदुओं को एक होना कभी असंभव माना जाता था। उन्होंने कहा, 'इसीलिए 1925 में नागपुर में डॉ. के.बी. हेडगेवार द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना केवल एक शाखा से की गई। पिछले एक शताब्दी में हमने इसे पूरे भारत में लगभग 90 हजार शाखाओं तक विस्तारित किया है।'

उन्होंने भारत को दूसरों के प्रति वैश्विक चिंता के लिए विशिष्ट बताया, हिंदुओं को करुणा (सहानुभूति) और प्रेम (मोहब्बत) से परिभाषित किया। डॉ. कृष्णगोपाल ने कहा 'हिंदू पक्षियों को खिलाते हैं, नदियों, झीलों, पहाड़ों और प्रकृति की पूजा करते हैं, वे सुनिश्चित करते हैं कि कोई भी भूखा न सोए और जरूरतमंदों की मदद करना अपना मुख्य कर्तव्य मानते हैं। हिंदू सभी पृष्ठभूमियों से आते हैं, जैसे मोची, मूर्तिकार, कलाकार, नाई, चित्रकार; कृष्ण उपासक, प्रकृति, सूर्य, चंद्रमा या जानवरों के पूजा करने वाले, जिसमें मैतेई, कुकी, जैन, बिहारी, पंजाबी, गुजराती और अन्य शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'भारत अद्वितीय रूप से विभिन्न जातियों, समुदायों, धर्मों और विश्वासों के लोगों को शांतिपूर्वक साथ रहने की अनुमति देता है। यहां के सभी निवासी भारतीय हैं और हिंदू परिवार का हिस्सा हैं।' ऐसे सम्मेलन इस हिंदुत्व को जागृत करने और शांति, प्रेम और मित्रता का समाज बनाने का उद्देश्य रखते हैं। रूस, पाकिस्तान, यूरोप और मध्य पूर्व में वैश्विक संघर्षों के बीच, उन्होंने भारत के लचीलेपन का श्रेय धर्म को दिया। 'धर्म का अर्थ है कर्तव्यों को ईमानदारी से पूरा करते हुए दूसरों को नुकसान न पहुंचाना - जैसे शिक्षक दिल से शिक्षित करना या माता-पिता बच्चों की ठीक से परवरिश करना। उन्होंने कहा कि भारत एकमात्र प्राचीन सभ्यता है, जो हजारों वर्षों से जीवित है, जबकि अन्य गायब हो गए।'

उन्होंने कहा कि हिंदू समाज अपराधों से टूट रहा है, जैसे कि बेंगलुरु के एक इंजीनियर द्वारा व्यापार निधियों के लिए अपने माता-पिता की हत्या या गाजियाबाद की एक मां को 15 दिन तक बच्चों की गैरमौजूदगी में सड़ने के लिए छोड़ देना। उन्होंने सलाह दी, 'यह पारिवारिक संस्कारों के झुकने से उत्पन्न होता है। परिवारों को अधिक बात करनी चाहिए, साप्ताहिक भोजन साझा करना चाहिए और एक-दूसरे की देखभाल करनी चाहिए।' भारत में नशे की समस्या पर उन्होंने कार्रवाई की अपील करते हुए, 'बच्चों को सभी नशे, दवाओं, शराब, तंबाकू से दूर रहने की शिक्षा दें और इस खतरे को पूरी तरह समाप्त करें।' उन्होंने मणिपुर के हिंदुओं की तारीफ करते हुए कहा, 'आपने संकट के समय धैर्य, सहनशीलता और शांतिप्रिय भावना दिखाई है।' इस कार्यक्रम में विभिन्न समुदायों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आज के आयोजनों को जीवंत बना दिया। इसी तरह के सम्मेलन वांगखेई उपनगर बीओएटी, पैलेस कंपाउंड; खुराई उपनगर संगीत कला संगम, खुराई लामलॉंग; उरिपोक उरिपोक असीम लेइका बास्केटबॉल ग्राउंड कम कम्युनिटी हॉल; निंगथौखोंग नगर राधा मंटप; और ओइनाम मंडल ओइनाम पब्लिक कम्युनिटी हॉल में आयोजित हुए। कुल मिलाकर पूरे मणिपुर में 64 कार्यक्रम चल रहे हैं- इंफाल में 22, बिश्नुपुर में 10, थौबाल में 7, सेनापति में 15, चुराचंदपुर में 2, चंदेल में 3, उखरुल में 1 और तामेंगलाङ्ग में 4 (पहाड़ी क्षेत्रों में 18), जो फरवरी के अंत तक जारी रहेंगे।

# संत परंपरा और शाश्वत मूल्यों से विश्व को शांति की ओर मार्गदर्शन देने के लिए आगे बढ़ रहा है भारत : एलजी सिन्हा



जम्मू (आईएएनएस)। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को लोगों से समाज में बदलाव लाने की ताकत का सही उपयोग करने और एक समृद्ध भारत का खाका तैयार करने की अपील की, जो दुनिया को राह दिखाए। मनोज सिन्हा जम्मू के बिश्नाह के चक अवतारा में शिरोमणि संत कबीर भवन द्वारा आयोजित संत कबीर के 508वें निर्वाण दिवस समारोह में बोल रहे थे। उपराज्यपाल ने कहा कि संत कबीर की अमर वाणी और संदेश समाज को बेहतर रास्ता दिखाते हैं, एकता को मजबूत करते हैं और देश को आध्यात्मिक तथा भौतिक रूप से आगे बढ़ाते हैं।

उन्होंने कहा कि आज संत कबीर की विरासत और दर्शन पहले से अधिक प्रासंगिक हैं और समाज की अंतर्रात्मा को जागृत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत की सबसे बड़ी ताकत यह है कि वह तकनीक और परंपरा, माइक्रोचिप और मंत्र दोनों को साथ लेकर चल सकता है। हमारी प्राचीन जड़ें और डिजिटल प्रगति, आधुनिक साधन और संतों के शाश्वत मूल्य, ये सब 21वीं सदी में सफलता और समृद्धि का सही रास्ता हैं। भारत अपनी संत परंपरा और मूल्यों के माध्यम से दुनिया को शांति और समृद्धि की ओर ले जाने के लिए आगे बढ़ रहा है।

उपराज्यपाल ने कहा कि भारत का शाश्वत मंत्र 'वसुधैव कुटुंबकम' यानी पूरी दुनिया एक परिवार है, आज के समय में और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। उन्होंने कहा, 'जब दुनिया में आर्थिक और रणनीतिक स्तर पर मतभेद बढ़ रहे हैं, तब भारत की प्राचीन सोच एक ऐसा मार्ग दिखाती है, जहां एकता, शांति और खुशी जीवन का हिस्सा बन सकते हैं। सभ्यताओं पर संकट के समय दुनिया भारत की ओर देखेगी।' उन्होंने समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे आर्थिक असमानता और सामाजिक विभाजन को खत्म करने के लिए मिलकर काम करें और सच्ची सद्भावना के लिए समावेश और संवैधानिक मूल्यों को अपनाएं।

उपराज्यपाल ने मांगों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्र सरकार पदोन्नति में आरक्षण और जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश में संत कबीर जयंती पर राजपत्रित अवकाश से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में बिश्नाह से विधायक डॉ. राजीव भगत, शिरोमणि संत कबीर भवन के अध्यक्ष फकीर चंद भगत, ऑल जम्मू बेस्ड रिजर्व्ड कैटेगरी एम्प्लॉयीज एसोसिएशन के अध्यक्ष विपेन कुमार, वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री भगवंत मान की तबियत बिगड़ी, फोर्टिस में भर्ती

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान कि अचानक तबियत बिगड़ने के कारण उन्हें मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इससे पहले पिछले साल सितंबर माह में भी मुख्यमंत्री भगवंत मान को फोर्टिस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। रविवार को शिवरात्रि के अवसर पर मुख्यमंत्री भगवंत मान, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तथा पंजाब के प्रभारी मनीष सिसोदिया के साथ संगरूर में रणकेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए गए थे।

उसके कुछ समय बाद भगवंत मन की तबीयत बिगड़ गई। संगरूर में प्राथमिक उपचार के बावजूद मुख्यमंत्री की तबीयत में जब सुधार नहीं हुआ तो उन्हें मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार देर रात फोर्टिस अस्पताल प्रबंधकों द्वारा जारी किए गए हेल्थ बुलेटिन के अनुसार भगवंत मान की तबीयत बिगड़ने के कारण उन्हें यहां पर लाया गया। जांच के बाद भगवंत मन को डॉक्टरों की निगरानी में भर्ती कर लिया गया है। भगवंत मन की हालत स्थिर बनी हुई है। शनिवार को मुख्यमंत्री भगवत सिंह मान अपनी भांजी के शादी समारोह में परिवार सहित शामिल हुए थे। 16 फरवरी को भगवंत मान को मोगा जिले में होने वाली रैली में शामिल होना है। लेकिन अचानक तबियत बिगड़ने के कारण इस रैली में शामिल होने पर भी अब संशय बना हुआ है।

# वृंदा करात ने संसद में विपक्ष की आवाज दबाने का लगाया आरोप

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर उठाए सवाल



उदयपुर (आईएएनएस)। सीपीआई (एम) की नेता वृंदा करात ने संसद की कार्यवाही, भारत-अमेरिका ट्रेड डील और केरल चुनाव को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की वरिष्ठ नेता ने आरोप लगाया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को बोलने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया जा रहा है। उनका कहना है कि भाजपा चाहती है कि विपक्ष केवल वही मुद्दे उठाए, जो वह स्वयं चाहती है, जबकि वास्तविक और महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा से बचा जा रहा है। उन्होंने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा कि संसद की कार्यप्रणाली में गिरावट देखने को मिल रही है और इससे सदन की गरिमा प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण विधेयकों पर विस्तृत बहस की परंपरा कमजोर पड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बैठकों के दिनों में कमी, स्थायी समितियों पर दबाव, और गंभीर मुद्दों पर चर्चा से परहेज, संसदीय प्रणाली की आत्मा को नुकसान पहुंचा रहे हैं। संसद में आने वाले हर विधेयक को व्यापक बहस के बाद पारित किया जाना चाहिए, लेकिन वर्तमान स्थिति में ऐसा नहीं हो रहा है।

उन्होंने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के मुद्दे पर कहा कि यह तथाकथित डील एकतरफा प्रतीत होती है और सरकार ने इसके बारे में संसद या जनता को स्पष्ट जानकारी नहीं दी है। उन्होंने कहा कि देश को इस समझौते की जानकारी सीधे डोनाल्ड ट्रंप के बयानों से मिल रही है। उन्होंने उल्लेख किया कि पहले कुछ अलग संकेत दिए गए, बाद में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने संयुक्त बयान आने की बात कही। करात ने सवाल उठाया कि यदि संयुक्त बयान में टैरिफ और गैर-टैरिफ मुद्दों पर सहमति बनी है, तो इसकी पूरी जानकारी जनता के सामने क्यों नहीं रखी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि वास्तविक बातचीत और शर्तों को लेकर देश की जनता को अंधेरे में रखा गया है।

केरल में आगामी विधानसभा चुनाव के संबंध में वृंदा करात ने विश्वास जताया कि राज्य में पार्टी का प्रदर्शन बेहतर रहेगा। उन्होंने कहा कि इस समय केरल में वाम मोर्चे की सरकार है और लगातार दूसरी बार सत्ता में आने के बाद उसने कई जनकल्याणकारी काम किए हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यदि जनता को सरकार का काम संतोषजनक लगता है, तो इस बार हैट्रिक भी संभव है। उनका कहना है कि जनता विकास और नीतियों के आधार पर फैसला करेगी और लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट के नेतृत्व में सरकार को दोबारा अवसर मिल सकता है।

# देश भर में हिंदू सम्मेलन आयोजित कर रहा है आरएसएस

## धर्म, संस्कृति और सामाजिक एकता पर दिया जोर



नई दिल्ली (आईएएनएस)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने 100 साल पूरे होने के अवसर पर पूरे देश में हिंदू सम्मेलन आयोजित कर रहा है। इसका उद्देश्य हिंदू समाज को एक साथ जोड़ना और लोगों को धर्म, संस्कृति और परंपराओं के बारे में जागरूक करना है। इन कार्यक्रमों की शुरुआत 25 जनवरी से हुई थी। आज इसका आखिरी दिन है। इस कड़ी में रविवार को दिल्ली के महरौली क्षेत्र में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक हवन से हुई, जिसके बाद धर्म, संस्कृति और सामाजिक एकता पर केंद्रित विचार रखे गए। सम्मेलन सेवा बस्तियों में किए जा रहे हैं, ताकि आम लोग सीधे तौर पर इसमें भाग ले सकें।

इन आयोजनों के जरिए पूजा-पाठ, सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे का संदेश दिया जा रहा है। गढ़वाल बस्ती में आयोजित इस सम्मेलन की जिम्मेदारी संभाल रहे हीरा सिंह राणा ने आईएएनएस से बात करते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सकल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है और मैं इसका अध्यक्ष भी हूं। उन्होंने कहा, 'सनातन धर्म से जुड़े लोगों की आस्था पूजा-पाठ और धार्मिक परंपराओं से जुड़ी होती है, लेकिन हाल के समय में सनातन धर्म पर हो रहे हमले बेहद दुखद हैं।

सोशल मीडिया के माध्यम से आए दिन ऐसे दृश्य सामने आते हैं, जिनमें धर्म को निशाना बनाया जाता है। यह पीड़ादायक होता है। इसी संदर्भ में संघ द्वारा शुरू की गई यह पहल सकारात्मक और आवश्यक है, क्योंकि यह समाज को एकजुट करने की दिशा में काम कर रही है।'

हेमराज सिंह अत्री ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, 'हिंदू सम्मेलन समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहा है। यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक एकता और पूजा-पाठ में एकाग्रता जैसे विषयों पर भी लोगों का ध्यान आकर्षित करता है।' उन्होंने आगे इस बात पर चिंता जताई कि आज की पीढ़ी पूजा-पाठ और धार्मिक अनुशासन से धीरे-धीरे दूर होती जा रही है।

जबकि ये परंपराएं हिंदू समाज के लिए बेहद जरूरी हैं। उन्होंने कहा, 'ऐसे सम्मेलन लोगों को अपने सांस्कृतिक मूल्यों से दोबारा जोड़ने में मदद करते हैं और समाज में एकता की भावना को मजबूत करते हैं।'

# जम्मू-कश्मीर के सात उत्पादों को मिला जीआई टैग



श्रीनगर (आईएएनएस)। जम्मू-कश्मीर के कृषि एवं पारंपरिक उत्पादों को बड़ा प्रोत्साहन देते हुए केंद्र शासित प्रदेश के सात उत्पादों को भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग प्रदान किया गया है, जबकि करीब 20 अन्य उत्पाद वर्तमान में पंजीकरण की प्रक्रिया में हैं। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि जीआई टैग मिलने से इन उत्पादों को कानूनी सुरक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में विशिष्ट पहचान मिलेगी। जीआई मान्यता प्राप्त करने वाले उत्पादों में रामबन का सुलाई शहद, भद्रवाह राजमाश, उधमपुर-रामनगर का कलादी, जम्मू का बासमती चावल, रामबन अनारदाना, मुशकबुदजी चावल तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध कश्मीर केसर शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार इन उत्पादों की विशिष्ट गुणवत्ता, पारंपरिक उत्पादन पद्धति और भौगोलिक विशेषता को देखते हुए इन्हें यह दर्जा प्रदान किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि जीआई टैगिंग से क्षेत्र-विशिष्ट उत्पादों को नकल और दुरुपयोग से बचाने में मदद मिलेगी। साथ ही इनकी ब्रांडिंग मजबूत होगी और निर्यात क्षमता में भी वृद्धि होगी। यह प्रमाणन इन वस्तुओं की विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति और पारंपरिक कृषि पद्धतियों को औपचारिक मान्यता देता है। सात उत्पादों के अलावा लगभग 20 अन्य फसलें और पारंपरिक वस्तुएं भी भौगोलिक पंजीकरण के लिए प्रक्रियाधीन हैं, जो स्थानीय किस्मों के संरक्षण और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को दर्शाता है।

इसी बीच, क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को भी बढ़ावा मिला है। जम्मू स्थित शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और जम्मू और कश्मीर स्थित शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कश्मीर ने मिलकर अब तक 164 पेटेंट पंजीकृत किए हैं। इसे कृषि प्रौद्योगिकी, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि जीआई टैग प्राप्त करना कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में बौद्धिक संपदा अधिकारों को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे मूल्यवर्धन, ब्रांड पहचान और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में वृद्धि होगी। जीआई टैग एक बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) है, जो वस्तुओं के भौगोलिक संकेत अधिनियम, 1999 के तहत प्रदान किया जाता है। यह उन उत्पादों की पहचान करता है जो किसी विशिष्ट क्षेत्र से उत्पन्न होते हैं और अपनी गुणवत्ता, प्रतिष्ठा या विशेष गुणों के कारण अलग पहचान रखते हैं।

यह टैग अनधिकृत उपयोग को रोकता है, विपणन में सहायता करता है, और पारंपरिक, कृषि, या निर्मित वस्तुओं की कानूनी सुरक्षा सुनिश्चित करता है। जीआई चिह्न उत्पाद पर अंकित होकर उसकी विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति जैसे किसी क्षेत्र या शहर को दर्शाता है, जिससे स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिलती है।

# पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे द्वारा चार जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन



मालीगांव। भारतीय रेलवे ने एक बार पुन: इस त्यौहारी भीड़ में स्पेशल ट्रेनों का परिचालन कर यात्रियों की सुविधा के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। भारतीय रेलवे इस साल 1500 स्पेशल ट्रेनों के परिचालन को तैयार है, जिससे व्यापक रूटों पर यात्रा अधिकसुलभ और आरामदायक हो जाएगी। यह पूर्व सुनियोजित योजना त्यौहारों के दौरान मांग को पूरा करने और लाखों यात्रियों को विश्वसनीय यात्रा का विकल्प देने के लिए भारतीय रेलवे के समर्पण को प्रदर्शित करती है।

इस पहल के तहत और होली के त्यौहारी मौसम में यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने फिलवक्त चार (04) जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की योजना बनाई है और आगामी दिनों में और अधिक ट्रेनों की घोषणा की जाएगी। ये स्पेशल ट्रेनें नारंगी-गोरखपुर-नारंगी, कटिहार-अमृतसर-कटिहार, डिब्रूगढ़-झंझारपुर-डिब्रूगढ़ और डिब्रूगढ़-कोलकाता-डिब्रूगढ़ के बीच चलेंगी। स्पेशल ट्रेन संख्या 05633 (नारंगी-गोरखपुर) 19 फरवरी से 26 मार्च 2026 तक हर गुरुवार को चलेगी। ट्रेन नारंगी से 13:20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन गोरखपुर 13ः00 बजे पहुंचेगी। इसी तरह, स्पेशल ट्रेन संख्या 05634 (गोरखपुर-नारंगी) 20 फरवरी से 27 मार्च 2026 तक हर शुक्रवार को चलेगी।

यह ट्रेन गोरखपुर से 16:55 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन नारंगी 21:40 बजे पहुंचेगी। दोनों दिशाओं की ट्रेनें 06-06 फेरों के लिए चलेंगी। स्पेशल ट्रेन संख्या 05736 (कटिहार-अमृतसर) 18 फरवरी से 25 मार्च 2026 तक हर बुधवार को चलेगी।

यह ट्रेन कटिहार से 21:00 बजे प्रस्थान करेगी और शुक्रवार को अमृतसर 09:45 बजे पहुंचेगी। इसी तरह, स्पेशल ट्रेन संख्या 05735 (अमृतसर-कटिहार) 20 फरवरी से 27 मार्च 2026 तक हर शुक्रवार को चलेगी। यह ट्रेन अमृतसर से 13:25 बजे रवाना होगी और अगले दिन कटिहार 23:45 बजे पहुंचेगी। दोनों दिशाओं की ट्रेनें 6-6 फेरों के लिए चलेंगी। स्पेशल ट्रेन संख्या 05974 (डिब्रूगढ़-झंझारपुर) 17 फरवरी से 31 मार्च 2026 तक हर मंगलवार को चलेगी। यह डिब्रूगढ़ से 05:20 बजे खुलेगी और अगले दिन झंझारपुर 11:30 बजेपहुंचेगी। इसी तरह, स्पेशल ट्रेन संख्या 05973 (झंझारपुर-डिब्रूगढ़) 18 फरवरी से 1 अप्रैल 2026 तक हर बुधवार को चलेगी।

यह ट्रेन झंझारपुर से 13:00 बजे रवाना होगी और अगले दिन डिब्रूगढ़ 20:20 बजे पहुंचेगी। दोनों दिशाओं की ट्रेनें 07-07 फेरों के लिए चलेंगी। स्पेशल ट्रेन संख्या 05932 (डिब्रूगढ़-कोलकाता) 21 फरवरी से 7 मार्च 2026 तक हर शनिवार को चलेगी। यह डिब्रूगढ़ से 17:00 बजे प्रस्थान करेगी और सोमवार को कोलकाता 00:30 बजे पहुंचेगी। इसी तरह, स्पेशल ट्रेन संख्या 05931 (कोलकाता-डिब्रूगढ़) 23 फरवरी से 9 मार्च 2026 तक हर सोमवार को चलेगी। यह कोलकाता से 02:30 बजे खुलेगी और अगले दिन डिब्रूगढ़ 06:30 बजे पहुंचेगी। दोनों दिशाओं की ट्रेनें 03-03 फेरों के लिए चलेंगी।

इन ट्रेन सेवाओं का उद्देश्य प्रमुख स्थानों के लिए कनेक्टिविटी प्रदान करना और नियमित ट्रेनों में भीड़ कम करना है, ताकि यात्री अपने परिजनों के साथ रंगों का त्यौहार सुरक्षित, सुलभ और समय पर मना सकें। इन स्पेशल ट्रेनों के ठहरावों और समय-सारणी की जानकारी आईआरसीटीसी के वेबसाइट पर उपलब्ध है और विभिन्न अखबारों तथा एनएफ रेलवे के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर भी दी जा रही है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे अपनी यात्रा शुरू करने से पहले यात्रा विवरणों की जांच कर लें।

# कांग्रेस झूठ की फैक्ट्री, राहुल गांधी झूठों के नवाब : शहजाद पूनावाला



पुणे (आईएएनएस)। महाराष्ट्र के पुणे में भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस और उसके नेतृत्व पर तल्ख टिप्पणी की। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में मोबाइल फोन और ऑटोमोबाइल फैक्ट्रियां तो हैं, लेकिन कांग्रेस 'झूठ की फैक्ट्री' चलाती है और राहुल गांधी 'झूठों के नवाब' हैं।

पूनावाला ने आईएएनएस से कहा कि झूठ बोलना राहुल गांधी की प्रकृति बन चुकी है और सुप्रीम कोर्ट ने कई मामलों में उन्हें फटकार लगाई है। राहुल गांधी ने वीर सावरकर और सेना को लेकर भी गलत बयान दिए, जिस पर अदालत ने आपत्ति जताई। भाजपा प्रवक्ता ने यह भी कहा कि अब किसानों को डराने और गुमराह करने की कोशिश की जा रही है, जबकि भारत-अमेरिका और भारत-यूरोप व्यापार समझौतों में किसानों के हित पूरी तरह सुरक्षित रखे गए हैं। पूनावाला ने महाराष्ट्र में टीपू सुल्तान मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पहले देश में बाबर और औरंगजेब के प्रशंसक समूहों की चर्चा होती थी, लेकिन अब तुष्टिकरण की राजनीति के तहत 'टीपू समर्थक क्लब' सामने आया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष ने टीपू सुल्तान की तुलना छत्रपति शिवाजी महाराज से की, जिस पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पूनावाला ने मांग की कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी बिना किसी देरी के उन्हें पद से हटाएं।

भाजपा प्रवक्ता ने निशाना साधते हुए कहा कि एफआईआर का इंतजार न करते हुए इनको जल्द से जल्द पागलखाने में भर्ती करना चाहिए और पागलखाने के दरवाजे को बंद करके चाबी फेंक देना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या टीपू सुल्तान की तुलना वीर सावरकर या छत्रपति शिवाजी महाराज से की जा सकती है। इस तरह की तुलना महाराष्ट्र और राष्ट्रभक्तों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। पूनावाला ने कहा कि ऐसी भाषा और बयानबाजी से महाराष्ट्र की जनता नाराज है और अगर इस तरह के बयान जारी रहे तो जनता कड़ा विरोध करेगी।

# जनपथ समाचार

सिलीगुड़ी 16 फरवरी 2026

## एआई के भविष्य पर भारत में चर्चा

भारत जी-20 शिखर सम्मेलन की ऐतिहासिक सफलता के बाद एक बार फिर से वैश्विक स्तर पर नई दिल्ली के भारत मंडपम में 'इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026' का आयोजन करने जा रहा है, जिसमें 20 देशों के राष्ट्राध्यक्षों और शीर्ष नेताओं के साथ ही 45 से अधिक देशों के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडलों, संयुक्त राष्ट्र के वरिष्ठ अधिकारियों, उद्योग जगत के शीर्ष नेतृत्व भाग लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित यह शिखर सम्मेलन उस दौर में हो रहा है जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) विश्व राजनीति, अर्थव्यवस्था और समाज की दिशा तय करने वाली प्रमुख शक्ति बन चुकी है। साथ ही विश्व विभिन्न प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रहा है। विश्व व्यवस्था खंडित हो रही है। अमेरिका-चीन तकनीकी प्रतिस्पर्धा, आपूर्ति श्रृंखलाओं का पुनर्संतुलन और रणनीतिक गठबंधनों की नई परिभाषाएं ये सब एआई को भू-राजनीति के केंद्र में ला चुके हैं। इसलिए इस वैश्विक सम्मेलन का महत्व को आसानी से समझा जा सकता है। इस समिट में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा सहित अनेक राष्ट्राध्यक्षों, प्रधानमंत्रियों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों की भागीदारी इस बात का संकेत है कि भारत अब वैश्विक एआई विमर्श का परिधीय खिलाड़ी नहीं, बल्कि केंद्रीय मंच का दावेदार बन रहा है। ग्लोबल इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का स्वरूप इसकी व्यापकता को दर्शाता है। 100 से अधिक देशों की भागीदारी, हजारों पंजीकरण, सैकड़ों सत्र और स्टार्टअप्स की उपस्थिति यह प्रमाणित करती है कि भारत वैश्विक एआई विमर्श का केंद्र बनने की दिशा में अग्रसर है। इसलिए अगर देखा जाए तो भारत के लिए यह सम्मेलन ऐतिहासिक है। एआई क्रांति में जो देश जितना आगे होगा, उसे उतना ही रणनीतिक लाभ प्राप्त होगा। रक्षा, अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा और कूटनीति सभी क्षेत्रों में एआई निर्णायक भूमिका निभाने वाला है। यदि भारत इस अवसर का समुचित उपयोग करता है, तो वह डिजिटल लोकतंत्र और भारतीय मेधा को विश्व मंच पर स्थापित कर सकता है। साथ ही नई दिल्ली में होने वाला यह समिट उस भविष्य की दिशा तय करने का अवसर प्रदान करता है। यदि 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' का आदर्श व्यवहार में उतारा गया, तो भारत की एआई यात्रा केवल तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि वैश्विक कल्याण की कहानी बनेगी। भारत ने पिछले एक दशक में जो डिजिटल क्रांति देखी है, वह अभूतपूर्व है। आधार, यूपीआई, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई), जनधन खातों और मोबाइल कनेक्टिविटी के संयोजन ने करोड़ों लोगों को औपचारिक अर्थव्यवस्था से जोड़ा है। यही समेकित डिजिटल ढांचा आज भारत की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरा है। इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट इस बात को दुनिया के सामने प्रस्तुत करेगा कि कैसे एक विकासशील देश तकनीक को जनकल्याण का माध्यम बना सकता है। भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट है कि एआई केवल कॉरपोरेट मुनाफे का औजार न बने, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, जलवायु प्रबंधन और सार्वजनिक प्रशासन में व्यापक बदलाव लाए। सम्मेलन का केंद्रीय सूत्र 'लोग, पृथ्वी और प्रगति' भारत की नीति-परक सोच को दर्शाता है। 'लोग' का अर्थ है समावेशी विकास। डिजिटल विभाजन कम करना, ग्रामीण और वंचित समुदायों तक एआई उपकरणों की पहुंच सुनिश्चित करना, भाषा आधारित एआई मॉडल विकसित करना, ये सभी प्राथमिकताएं भारत की सामाजिक वास्तविकताओं से जुड़ी हैं। 'पृथ्वी' का आशय पर्यावरणीय स्थिरता से है। एआई डेटा सेंटरों की ऊर्जा खपत, कार्बन फुटप्रिंट और हरित कंप्यूटिंग पर वैश्विक चर्चा इस मंच पर होगी। भारत यह संदेश देना चाहता है कि तकनीकी प्रगति पर्यावरणीय संतुलन के साथ ही सार्थक है। 'प्रगति' का तात्पर्य नवाचार और आर्थिक विकास से है। दअरसल एआई आधारित स्टार्टअप, रिसर्च और स्किल डेवलपमेंट भारत को 21वीं सदी की ज्ञान अर्थव्यवस्था में अग्रणी बना सकते हैं। जैसे-जैसे एआई हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बन रही है, इसके जोखिम भी सामने आ रहे हैं, जिसमें डेटा गोपनीयता, एल्गोरिदमिक पक्षपात, गलत सूचना और रोजगार पर प्रभाव। ऐसे में एआई गवर्नेंस की अवधारणा अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। एआई गवर्नेंस का अर्थ है, ऐसे नियम, नीतियां और प्रक्रियाएं जो सुनिश्चित करें कि एआई का विकास और उपयोग पारदर्शी, जवाबदेह और न्यायपूर्ण हो। इसमें डेटा संरक्षण, साइबर सुरक्षा, नैतिक मानकों और कानूनी अनुपालन का समावेश होता है। इसलिए एआई क्रांति में जो देश जितना आगे होगा, उसे उतना ही रणनीतिक लाभ प्राप्त होगा। रक्षा, अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा और कूटनीति सभी क्षेत्रों में एआई निर्णायक भूमिका निभाने वाला है। यदि भारत इस अवसर का समुचित उपयोग करता है, तो वह डिजिटल लोकतंत्र और भारतीय मेधा को विश्व मंच पर स्थापित कर सकता है। परंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि तकनीकी श्रेष्ठता का अर्थ मानवीय मूल्यों से विचलन नहीं होना चाहिए। भारत की पहचान सदैव समावेशी और मानवीय दृष्टिकोण की रही है। यदि एआई विकास इसी मूल भावना के साथ आगे बढ़ता है, तो भारत न केवल एआई महाशक्ति बनेगा, बल्कि एक नैतिक और जिम्मेदार वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में भी स्थापित होगा। अंततः, एआई केवल मशीनों का विकास नहीं है; यह मानवता के भविष्य का निर्माण है। इसलिए भारत इस मंच पर यह रेखांकित करेगा कि एआई को नियंत्रित करने के लिए कठोर लेकिन संतुलित ढांचा आवश्यक है, ऐसा ढांचा जो नवाचार को बाधित न करे, लेकिन समाज की सुरक्षा सुनिश्चित करे। हालांकि देखा जाए तो भारत के सामने दोहरी जिम्मेदारी है। एक ओर उसे वैश्विक निवेश और नवाचार को आकर्षित करना है, दूसरी ओर उसे अपने नागरिकों के अधिकारों और हितों की रक्षा भी करनी है। 'एआई फॉर ऑल' का मंत्र तभी सार्थक होगा, जब तकनीक तक समान पहुंच सुनिश्चित की जाए और कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। 'इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026' भारत के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है, जो अवसर देता है कि वह पश्चिम और पूर्व के बीच एक सेतु की भूमिका निभाए और ऐसा मॉडल प्रस्तुत करे जो न तो अंधाधुंध नियंत्रण पर आधारित हो, न ही पूरी तरह बाजार के हवाले। एक संतुलित, मानवीय और टिकाऊ एआई पारिस्थितिकी तंत्र ही भविष्य का रास्ता है। समय की मांग यही है कि यह शिखर सम्मेलन केवल घोषणाओं तक सीमित न रहे, बल्कि ठोस कार्ययोजना, वैश्विक सहयोग और साझा नैतिक मानकों की दिशा में ठोस कदम उठाए। यदि इस मंच से साझा मानकों, सहयोगात्मक रोडमैप और ठोस नीतिगत पहल का उदय होता है, तो यह केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए लाभकारी होगा। एआई का भविष्य अभी लिखा जा रहा है और इस सम्मेलन को ओयाजित कर भारत इस भविष्य की पटकथा में एक निर्णायक भूमिका निभाने के लिए तैयार है, एक ऐसा भविष्य, जहां तकनीक मानवता की सेवा में हो, पृथ्वी की रक्षा करे और प्रगति को समावेशी बनाए। एआई का भविष्य तय करने की इस दौड़ में भारत यदि दूरदर्शिता और संतुलन दिखाता है, तो वह न केवल तकनीकी महाशक्ति बनेगा, बल्कि वैश्विक नैतिक नेतृत्व भी स्थापित करेगा।

## आज का सद्चिंतन

हम समाज व देश की स्थिति को समझें और औसत दर्जे का मनुष्य जितने में काम चलाता है, उतने में ही संतोष करें और यदि अपनी योग्यता अधिक उपार्जन की समर्थ है, तो उसे स्वेच्छापूर्वक उदारता, देश भक्ति, पुण्य परमार्थ की भावना से लोक मंगल के लिए वापस कर दें। लोग अपने व्यक्तिगत वैभव की आकांक्षा छोड़े और जन कल्याण के लिए किये गये प्रयत्नों में अपनी गरिमा समझें। आदर्श व्यक्तित्व ही किसी देश या समाज की सच्ची समृद्धि माने जाते हैं। जमीन में गड़े धन की चौकसी करने वाले सांपों की तरह तिजोरी में जमा नोटों की रखवाली करने वाले कंजूस तो गली कूचों में भरे पड़े हैं। ऐसे लोगों से कोई राष्ट्र न तो महान बनता है और न शक्तिशाली। राष्ट्रीय प्रगति का एकमात्र उपकरण प्रतिभाशाली, चरित्रवान व्यक्तित्व ही होते हैं। हमें युग निर्माण के लिए ऐसी ही आत्माएं चाहिए।

**– वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पं. श्रीराम शर्मा आचार्य**

**जनपथ समाचार** वर्ष 44 अंक 131 RNI: 34394/82

**संस्थापक सम्पादक : स्व. राजेंद्र कुमार बैद**

**कार्यवाहक सम्पादक : विवेक बैद**

सम्पादकीय : 0353-2541544,

फैक्स : 0353-2548396, विज्ञापन : 0353-2541544

**E-mail : janpath.news@gmail.com**

**Postal Registration No.: WB/DE/006**

विवेक बैद द्वारा मुद्रित और विवेक बैद द्वारा विवेक बैद (स्वामित्व) के लिए प्रकाशित और विवेक बैद, 3 माईल, सेवक रोड, सिलीगुड़ी प्रेस में मुद्रित और जनपथ समाचार भवन, श्रीलाल मार्केट, सिलीगुड़ी-734001 से प्रकाशित।

# बांग्लादेश की बदली राजनीतिक दिशा : भारत के सामने अवसर और अनिश्चितताएं



**डॉ. प्रियंका सौरभ**




बांग्लादेश के हालिया आम चुनाव में बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) ने तारिक रहमान के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत के साथ ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। सत्रह वर्षों के लंबे निर्वासन के बाद राजनीति में लौटे तारिक रहमान ने अपनी माँ और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए पार्टी को दो-तिहाई से अधिक सीटें दिलाईं। यह जीत न केवल चुनावी सफलता है बल्कि बांग्लादेश की राजनीति में सत्ता संतुलन के व्यापक पुनर्संयोजन और नए राजनीतिक दौर की शुरुआत का संकेत भी है। भारत के लिए यह परिणाम अवसरों के साथ-साथ कई रणनीतिक अनिश्चितताएं भी लेकर आया है, जिनका प्रबंधन आने वाले वर्षों में द्विपक्षीय संबंधों की दिशा तय करेगा।

पिछले डेढ़ दशक से अधिक समय तक बांग्लादेश की राजनीति पर अवामी लीग और शेख हसीना का वर्चस्व रहा। इस अवधि में स्थिरता, आर्थिक विकास और क्षेत्रीय सहयोग के साथ-साथ सत्ता के केंद्रीकरण, विपक्ष के दमन और लोकतांत्रिक संस्थाओं के कमजोर होने के आरोप भी लगातार लगते रहे। लंबे समय तक एक ही राजनीतिक धारा के प्रभुत्व ने मतदाताओं में प्रशासनिक थकान और परिवर्तन की आकांक्षा को जन्म दिया। बीएनपी की जीत को इसी व्यापक जन-असंतोष और राजनीतिक विकल्प की तलाश के परिणाम के रूप में देखा जा सकता।

तारिक रहमान लंबे समय से बांग्लादेश की राजनीति में एक प्रभावशाली किंतु विवादास्पद चेहरा रहे हैं। निर्वासन काल के दौरान उन पर भ्रष्टाचार, सत्ता के दुरुपयोग और कट्टरपंथी तत्वों से संबंधों जैसे आरोप लगे, जिनके कारण उनकी छवि धूमिल हुई। हालांकि दिसंबर 2025 में लंदन से स्वदेश वापसी के बाद उन्होंने अपने राजनीतिक दृष्टिकोण में बदलाव के संकेत दिए। उन्होंने पार्टी संगठन का पुनर्गठन किया, युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाया और जमीनी स्तर पर जन आंदोलन को पुनर्जीवित किया। निर्वासन काल के अनुभवों को उन्होंने राजनीतिक पूंजी में बदला और बीएनपी को चुनावी रूप से पुनर्स्थापित किया। इस संदर्भ में यह जीत केवल पारिवारिक विरासत का विस्तार नहीं बल्कि रणनीतिक पुनर्संयोजन, संगठनात्मक अनुशासन और बदलते राजनीतिक यथार्थ को समझने की क्षमता की सफलता भी मानी जा रही है।

बीएनपी ने 13वें आम चुनाव में आर्थिक सुधार, भ्रष्टाचार उन्मूलन और अल्पसं यक सुरक्षा को अपने प्रमुख चुनावी मुद्दों के रूप में प्रस्तुत किया। बेरोज़गारी, महंगाई और शासन में पारदर्शिता की कमी जैसे मुद्दों ने मतदाताओं को गहराई से प्रभावित किया। पार्टी ने अपनी पारंपरिक कट्टरपंथी छवि से दूरी बनाने का प्रयास किया और हिंदू समुदाय सहित सभी अल्पसंख्यकों को सुरक्षा का आश्वासन दिया। यह जनादेश इस बात को रेखांकित करता है कि लंबे समय से चले आ रहे राजनीतिक वर्चस्व और प्रशासनिक थकान के बाद मतदाताओं ने परिवर्तन को प्राथमिकता दी। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से सत्ता परिवर्तन ने यह भी संकेत दिया कि बांग्लादेशी समाज स्थिरता के साथ-साथ उत्तरदायी शासन की अपेक्षा रखता है।

भारत के दृष्टिकोण से बीएनपी की यह जीत मिश्रित संकेत देती है। ऐतिहासिक रूप से भारत के संबंध अवामी लीग सरकार के साथ अधिक सहज और स्थिर रहे हैं। सीमा प्रबंधन, आतंकवाद-रोधी सहयोग और कनेक्टिविटी परियोजनाओं में शेख हसीना सरकार ने भारत के साथ घनिष्ठ तालमेल रखा। इसके विपरीत, बीएनपी को लेकर नई दिल्ली में हमेशा संदेह बना रहा है, विशेषकर 2001-06 के शासनकाल के अनुभवों के कारण। हालांकि हाल के वर्षों में तारिक रहमान ने भारत के प्रति अपेक्षाकृत संतुलित और व्यावहारिक रुख अपनाने के संकेत दिए हैं। चुनाव से पहले भारत द्वारा बीएनपी को अनौपचारिक रूप से 'ग्रीन सिग्नल' देना इसी बदलते दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह संकेत करता है कि भारत अब बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में किसी एक दल पर निर्भर रहने के बजाय बहुआयामी संवाद की नीति अपनाने को तैयार है।

आर्थिक दृष्टि से बीएनपी सरकार भारत के लिए नए अवसर खोल सकती है। बांग्लादेश भारत का एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार है और दक्षिण एशिया में भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति का अहम स्तंभ भी। नई सरकार के कार्यकाल में द्विपक्षीय व्यापार के 20 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। कनेक्टिविटी परियोजनाओं, जलविद्युत सहयोग, सीमा व्यापार, डिजिटल कनेक्टिविटी और औद्योगिक निवेश जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई गति मिल सकती है। बांग्लादेश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था भारतीय निवेश के लिए आकर्षक अवसर प्रस्तुत करती है। अल्पसंख्यक हितों की रक्षा को लेकर बीएनपी की सार्वजनिक प्रतिबद्धता भारत की सामाजिक और राजनीतिक चिंताओं को कुछ हद तक कम करती है।

इसके बावजूद अनिश्चितताएं बनी हुई हैं। बीएनपी पर कट्टरपंथी तत्वों के प्रति नरमी बरतने के आरोप लगते रहे हैं और जमात-ए-इस्लामी जैसे संगठनों की भूमिका को लेकर सतर्कता आवश्यक है। तारिक रहमान पर लगे पुराने भ्रष्टाचार आरोप, पाकिस्तान के साथ कथित संबंध और हालिया सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं भारत की सुरक्षा चिंताओं को बढ़ाती हैं।

भारत-बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठ, तस्करी, मानव तस्करी और आतंकवाद से जुड़े जोखिम भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुए हैं। यदि इन मुद्दों पर ठोस और पारदर्शी कार्रवाई नहीं होती तो द्विपक्षीय विश्वास प्रभावित हो सकता है। बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन का असर केवल भारत-बांग्लादेश संबंधों तक सीमित नहीं है बल्कि इसका प्रभाव व्यापक दक्षिण एशियाई भू-राजनीति पर भी पड़ेगा। चीन और पाकिस्तान क्षेत्र में अपने प्रभाव को लगातार बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में भारत के लिए आवश्यक होगा कि वह बांग्लादेश के साथ आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत रखे, ताकि क्षेत्रीय शक्ति संतुलन भारत के प्रतिकूल न जाए। बहुपक्षीय मंचों और उप-क्षेत्रीय सहयोग पहलों के माध्यम से संवाद और सहयोग को सुदृढ़ किया जा सकता है।

ऐसे परिदृश्य में भारत के लिए संतुलित और सक्रिय कूटनीति अपनाना अनिवार्य होगा। अवामी लीग के साथ पुराने संबंधों को बनाए रखते हुए बीएनपी सरकार के साथ संवाद स्थापित करना भारत के दीर्घकालिक हित में है। एकतरफा झुकाव के बजाय संस्थागत और बहुदलीय संपर्क भारत को अधिक रणनीतिक लचीलापन प्रदान करेगा। मानवाधिकार, अल्पसंख्यक सुरक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों के मुद्दों की भारत को न तो उपेक्षा करनी चाहिए और न ही अत्यधिक हस्तक्षेप करना चाहिए।

विवेकपूर्ण संतुलन भारत की प्रभावशीलता को बनाए रख सकता है। तारिक रहमान के नेतृत्व में बीएनपी की यह जीत भारत के लिए न तो पूरी तरह जोखिमपूर्ण है और न ही पूर्णतः अवसर-प्रधान। यह एक संक्रमणकालीन दौर है, जिसमें सतर्कता, संवाद और व्यावहारिक कूटनीति के माध्यम से भारत न केवल अपने हितों की रक्षा कर सकता है बल्कि भारत-बांग्लादेश संबंधों को एक नई और अधिक परिपक्व दिशा दे सकता है। यदि अनिश्चितताओं का प्रभावी प्रबंधन किया गया और सहयोग के क्षेत्रों को सुदृढ़ किया गया तो यह राजनीतिक परिवर्तन न केवल द्विपक्षीय संबंधों बल्कि पूरे दक्षिण एशिया में स्थिरता और सहयोग की संभावनाओं को भी सशक्त कर सकता है।

***(इस लेख में लेखक के नितांत निजी विचार हैं। यह आवश्यक नहीं है कि जनपथ समाचार इससे सहमत हो। इससे जुड़े सभी दावे और आपत्ति के लिए केवल लेखक जिम्मेदार है।)***

(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# स्त्री, अस्मिता और वैश्विक संघर्ष : पहचान, प्रतिरोध और परिवर्तन की यात्रा



**पूनम चतुर्वेदी शुक्ला**



स्त्री की अस्मिता केवल एक दार्शनिक या साहित्यिक अवधारणा नहीं है; यह उसके अस्तित्व, सम्मान, अधिकार और आत्मनिर्णय की संपूर्ण पहचान है। जब हम 'स्त्री अस्मिता' की बात करते हैं, तो हम केवल उसके सामाजिक स्थान की चर्चा नहीं कर रहे होते, बल्कि उस संपूर्ण ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक संघर्ष को स्वीकार कर रहे होते हैं जिसके माध्यम से स्त्रियों ने स्वयं को परिभाषित किया है। वैश्विक स्तर पर बीते सौ वर्षों का इतिहास इस तथ्य का साक्षी है कि स्त्रियों ने शिक्षा, मताधिकार, समान वेतन, संपत्ति अधिकार, प्रजनन अधिकार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व जैसे मुद्दों पर निरंतर संघर्ष किया है। यह संघर्ष केवल पुरुषों के विरुद्ध नहीं, बल्कि उन संरचनात्मक असमानताओं के विरुद्ध रहा है जो सदियों से समाज में जड़ें जमाए हुए थीं।

बीसवीं सदी की शुरुआत में यूरोप और अमेरिका में मताधिकार आंदोलन ने यह स्पष्ट कर दिया था कि स्त्री अस्मिता का पहला आधार राजनीतिक अधिकार है। 1920 में संयुक्त राज्य अमेरिका में उन्नीसवां संशोधन लागू हुआ, जिससे महिलाओं को मतदान का अधिकार मिला। इसी प्रकार कई यूरोपीय देशों में भी धीरे-धीरे महिलाओं को मताधिकार प्राप्त हुआ। भारत में स्वतंत्रता के बाद संविधान ने सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार प्रदान किया, जिसने स्त्रियों को राजनीतिक रूप से समान नागरिक का दर्जा दिया। यह ऐतिहासिक परिवर्तन केवल कानून में संशोधन नहीं था; यह स्त्री अस्मिता की औपचारिक मान्यता थी। फिर भी, अधिकारों की संवैधानिक स्वीकृति और वास्तविक सामाजिक समानता के बीच की दूरी आज भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। संयुक्त राष्ट्र की 'जेंडर इनइक्वैलिटी इंडेक्स' रिपोर्ट लगातार यह संकेत देती हैं कि विश्व के अधिकांश देशों में लैंगिक असमानता अब भी व्यापक है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक अवसर और राजनीतिक प्रतिनिधित्व-इन सभी क्षेत्रों में स्त्रियों को बराबरी का अवसर नहीं मिला है। विश्व आर्थिक मंच की 'ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट' भी बताती है कि आर्थिक भागीदारी और राजनीतिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अंतर अभी भी काफी है। यह आंकड़े हमें याद दिलाते हैं कि अस्मिता की लड़ाई अभी अधूरी है।

वैश्विक संघर्षों-चाहे वे युद्ध हों, आर्थिक संकट हों या जलवायु परिवर्तन-का प्रभाव स्त्रियों पर विशेष रूप से पड़ता है। संयुक्त राष्ट्र महिला की रिपोर्टें बताती हैं कि युद्ध और विस्थापन की स्थितियों में महिलाएं और लड़कियां यौन हिंसा, मानव तस्करी और स्वास्थ्य संकट के जोखिम से अधिक प्रभावित होती हैं। उदाहरण के लिए, सीरिया, अफगानिस्तान और यूक्रेन जैसे संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में विस्थापित महिलाओं की संख्या लाखों में है। विस्थापन केवल भौगोलिक बदलाव नहीं होता; यह अस्मिता और सुरक्षा दोनों पर गहरा आघात करता है। जब स्त्री अपने घर, समुदाय और संसाधनों से कट जाती है, तो उसका सामाजिक आधार कमजोर पड़ जाता है।

अफगानिस्तान का उदाहरण वैश्विक विमर्श में बार-बार सामने आता है। वहां शिक्षा और सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी पर लगाए गए प्रतिबंधों ने यह दिखाया कि राजनीतिक सत्ता परिवर्तन स्त्री अधिकारों को किस हद तक प्रभावित कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों ने इन प्रतिबंधों को स्त्री अस्मिता के विरुद्ध कदम बताया है। यह स्थिति केवल एक देश की नहीं, बल्कि उस वैश्विक चुनौती की प्रतीक है जिसमें राजनीतिक अस्थिरता का सबसे अधिक दुष्प्रभाव महिलाओं पर पड़ता है। आर्थिक वैश्वीकरण ने भी स्त्री अस्मिता को नई दिशा दी है। एक ओर वैश्विक बाज़ार और तकनीकी प्रगति ने महिलाओं को रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर दिए हैं; दूसरी ओर असंगठित श्रम, कम वेतन और असुरक्षित कार्य परिस्थितियों की समस्या भी बढ़ी है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के आंकड़े बताते हैं कि वैश्विक स्तर पर महिलाओं की श्रम भागीदारी दर पुरुषों की तुलना में कम है और वेतन अंतर अभी भी मौजूद है। आर्थिक स्वतंत्रता स्त्री अस्मिता का महत्वपूर्ण स्तंभ है, क्योंकि बिना आर्थिक आत्मनिर्भरता के निर्णय की स्वतंत्रता अधूरी रहती है।

डिजिटल युग में स्त्री अस्मिता ने एक नया आयाम प्राप्त किया है। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म ने महिलाओं को अपनी आवाज वैश्विक स्तर पर पहुंचाने का माध्यम दिया है। मी टू आंदोलन इसका एक सशक्त उदाहरण है, जिसने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के मुद्दे को वैश्विक विमर्श का केंद्र बना दिया। यह आंदोलन दर्शाता है कि जब स्त्रियां सामूहिक रूप से अनुभव साझा करती हैं, तो सत्ता संरचनाओं को भी जवाबदेह होना पड़ता है। हालांकि डिजिटल माध्यम ने अभिव्यक्ति का अवसर दिया है, परंतु ऑनलाइन उत्पीड़न और साइबर हिंसा की समस्या भी बढ़ी है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टें संकेत करती हैं कि ऑनलाइन हिंसा महिलाओं की सार्वजनिक भागीदारी को सीमित कर सकती है।

जलवायु परिवर्तन भी एक वैश्विक संघर्ष है, जिसका प्रभाव लैंगिक दृष्टि से असमान है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम और अन्य एजेंसियों ने यह रेखांकित किया है कि जलवायु आपदाओं के दौरान महिलाएं और लड़कियां संसाधनों की कमी, खाद्य असुरक्षा और स्वास्थ्य संकट से अधिक प्रभावित होती हैं। ग्रामीण और विकासशील देशों में जल संग्रहण, कृषि और घरेलू कार्यों की जिम्मेदारी अक्सर महिलाओं पर होती है; इसलिए पर्यावरणीय संकट उनके श्रम और स्वास्थ्य पर प्रत्यक्ष प्रभाव डालता है। यह स्थिति दिखाती है कि वैश्विक समस्याएँ लैंगिक आयाम के बिना समझी नहीं जा सकतीं। राजनीतिक प्रतिनिधित्व स्त्री अस्मिता का एक और महत्वपूर्ण आयाम है। विश्व स्तर पर संसदों में महिलाओं की औसत भागीदारी अभी भी लगभग एक-चौथाई के आसपास है, यद्यपि कई देशों ने कोटा प्रणाली या आरक्षण के माध्यम से सुधार किया है। भारत में भी हाल ही में संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण का संवैधानिक प्रावधान पारित किया गया है, जो लागू होने पर राजनीतिक भागीदारी में महत्वपूर्ण परिवर्तन ला सकता है।

प्रतिनिधित्व केवल संख्या का प्रश्न नहीं, बल्कि नीति निर्माण में स्त्री दृष्टिकोण के समावेश का प्रश्न है। सांस्कृतिक स्तर पर भी स्त्री अस्मिता निरंतर पुनर्परिभाषित हो रही है। साहित्य, सिनेमा, कला और मीडिया में महिलाओं की छवि बदल रही है। परंपरागत रूढ़ियों से हटकर स्वतंत्र, निर्णयशील और आत्मविश्वासी स्त्री की छवि उभर रही है। फिर भी, कई समाजों में पितृसत्तात्मक मान्यताएं गहराई से जमी हुई हैं। बाल विवाह, दहेज प्रथा, ऑनर किलिंग और लैंगिक भेदभाव जैसे मुद्दे अभी भी मौजूद हैं। ये केवल सामाजिक कुरीतियां नहीं, बल्कि अस्मिता के विरुद्ध हिंसा के रूप हैं।

शिक्षा स्त्री अस्मिता के संघर्ष का मूल आधार है। यूनिसेफ और यूनेस्को की रिपोर्टें दर्शाती हैं कि विश्व स्तर पर बालिकाओं की प्राथमिक शिक्षा में भागीदारी बढ़ी है, परंतु माध्यमिक और उच्च शिक्षा में अंतर अभी भी कई क्षेत्रों में बना हुआ है। शिक्षा केवल साक्षरता नहीं देती; यह आत्मविश्वास, आलोचनात्मक सोच और सामाजिक भागीदारी का आधार बनाती है। जब एक लड़की शिक्षा से वंचित होती है, तो उसका आर्थिक और सामाजिक भविष्य सीमित हो जाता है। इन सभी आयामों के बीच यह समझना आवश्यक है कि स्त्री अस्मिता का संघर्ष केवल बाहरी अधिकारों के लिए नहीं, बल्कि आत्मस्वीकृति और आत्मनिर्णय के लिए भी है। अस्मिता का अर्थ है अपनी पहचान को स्वयं परिभाषित करने का अधिकार—चाहे वह करियर हो, परिवार हो, या जीवनशैली। वैश्विक संघर्षों के बीच यह अधिकार बार-बार चुनौती का सामना करता है, परंतु इतिहास यह भी दिखाता है कि स्त्रियों ने हर चुनौती के सामने प्रतिरोध और पुनर्निर्माण का मार्ग खोजा है।

आज जब विश्व बहुस्तरीय संकटों-युद्ध, आर्थिक अस्थिरता, जलवायु परिवर्तन और डिजिटल असमानता-से जूझ रहा है, तब स्त्री अस्मिता का प्रश्न और अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। यदि नीतियां लैंगिक दृष्टि से संवेदनशील हों, यदि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं समान रूप से उपलब्ध हों, यदि कार्यस्थल सुरक्षित और सम्मानजनक हों, और यदि समाज संवाद और समानता के मूल्यों को अपनाए, तो वैश्विक संघर्षों के बीच भी स्त्री की अस्मिता सशक्त रह सकती है। अंततः, स्त्री अस्मिता का संघर्ष मानवाधिकार का संघर्ष है। यह केवल महिलाओं का मुद्दा नहीं, बल्कि समाज की नैतिकता और लोकतांत्रिक परिपक्वता की कसौटी है। जब स्त्री सम्मान, सुरक्षा और निर्णय की स्वतंत्रता के साथ जीवन जीती है, तभी समाज सच्चे अर्थों में प्रगतिशील कहा जा सकता है। वैश्विक संघर्षों के इस दौर में आवश्यकता है कि हम अस्मिता को केंद्र में रखकर विकास और शांति की परिकल्पना करें। क्योंकि जब तक आधी आबादी की पहचान सुरक्षित और सशक्त नहीं होगी, तब तक वैश्विक शांति और समावेशी विकास का सपना अधूरा रहेगा।

***(इस लेख में लेखक के नितांत निजी विचार हैं। यह आवश्यक नहीं है कि जनपथ समाचार इससे सहमत हो। इससे जुड़े सभी दावे और आपत्ति के लिए केवल लेखक जिम्मेदार है।)***

(संस्थापक-निदेशक : अदम्य ग्लोबल फाउंडेशन एवं न्यू मीडिया सृजन संसार ग्लोबल फाउंडेशन)

ईमेल : Founder @ SrijanSansar.com

मोबाइल : 6360982814

## आज का पंचांग

**16 फरवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | कुंभ | 06.22 बजे से |
| चंद्र | मकर में | मीन | 07.58 बजे से |
| मंगल | मकर में | मेष | 09.29 बजे से |
| बुध | कुंभ में | वृष | 11.09 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मिथुन | 13.07 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | कर्क | 15.20 बजे से |
| शनि | मीन में | सिंह | 17.37 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कन्या | 19.49 बजे से |
| केतु | सिंह में | तुला | 21.59 बजे से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | वृश्चिक | 00.14 ब.से |
| | | धनु | 02.30 बजे से |
| | | मकर | 04.35 बजे से |

**सोमवार** 2026 वर्ष का 47 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** चतुर्दशी 17.35 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** श्रवण 20.48 बजे को समाप्त।
**योग** वरीयान 01.50 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** शकुनि 17.35 बजे तदनन्तर चतुष्पद 05.37 बजे प्रातः को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 12° 24'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872622
**जूलियन दिन** 2461087.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** सावान
**तारीख** 27

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## मंगलमय जन्मदिन

**16 फरवरी, 2026**

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। आपका जन्मतिथि 16 फरवरी है। अंक ज्योतिष के अनुसार आपकी जन्मतिथि का अधिष्ठाता ग्रह केतु है। इस माह का अधिपति ग्रह शनि है। आप शनि एवं केतु ग्रह के पूर्ण प्रभाव में जीवन पर्यन्त रहेंगे। आप कल्पनाशील एवं स्वतन्त्र विचारों के व्यक्ति होंगे। आपके भाग्योन्नति में आपका ही प्रमुख हाथ होगा। आप दार्शनिक एवं आध्यात्मिक प्रकृति के व्यक्ति होंगे। आप वास्तिविकता को अधिक महत्व देंगे। आमोद-प्रमोद में आप अपना समय अधिक नष्ट करेंगे। अध्ययन की ओर आपका विशेष झुकाव रहेगा। परिजनों से आपको असहयोग ही मिलेगा। कला एवं संगीत की ओर आपकी रूचि रहेगी। सुख-दुःख लाभ-हानि आपके जीवन के साथ लगा रहेगा। आपका वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। परिवार के प्रति झुकाव अधिक रहेगा। आपके विचारों में उग्रता का समावेश रहेगा। आपके कार्यों में नवीनता की झलक मिलेगी। भावुकता की स्थिति में आपको कोई कार्य या निर्णय हाथ में नहीं लेना चाहिए। अनुकूलता हेतु अपने इष्ट देवी-देवता की अर्चना करें। तन-मन-कर्म-वचन से पवित्र रहें। अपने दैनिक जीवन में पीला रंग का प्रयोग अधिकतम करें। रविवार के दिन कुत्ते को पायस या सफेद मिठाई खिलावें। याचक को निराश न करें। मान-मर्यादा का ख्याल रखें। समाज सेवा निष्काम भाव से भरे। अहिंसा का पालन करें। सुख-समृद्धि व सफलता के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

**आपके लिए अनुकूल**

| | |
|---|---|
| मन्त्र | : ॐ कें केतवें नमः |
| व्रत | : मंगलवार |
| दिन | : रविवार, सोमवार एवं बुधवार |
| दिनांक | : 7, 16, 25 |
| अंक | : 1, 2, 7 |
| मास | : जनवरी, मार्च एवं अगस्त |
| वर्ष | : 7, 16, 25, 34, 43, 52, 61, 70 |
| रंग | : गुलाबी एवं पीला |
| जन्मरत्न | : लहसुनिया |
| उपरत्न | : लाजवर्त |
| जड़ी | : असगंध की जड़ |
| दिशा | : वायव्य |

**यन्त्र**

| | | |
|---|---|---|
| 14 | 9 | 16 |
| 15 | 13 | 11 |
| 10 | 17 | 12 |

वर्ष का महत्वपूर्ण समय—21 जून से 25 जुलाई

**बिमल जैन : हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न सलाहकार, अंक विज्ञानवेत्ता**

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, पंचक्रोशी मार्ग, भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो० : 09335414722

## आज आप का दिन

**सोमवार, 16 फरवरी 2026**

**मेष**-स्वाध्याय की ओर रुचि, व्यापारिक आर्थिक उन्नति हेतु प्रयास सफल, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, लाभ का मार्ग प्रशस्त, राजनैतिक गतिविधियों की ओर रुझान।

**वृषभ**-कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति का सुअवसर प्राप्त, धन-सम्पत्ति विषयक मसला सुलझने की ओर, भौतिक सुख सुविधा के साधन सुलभ, दाम्पत्य सुख।

**मिथुन**-भाग्योदय का मार्ग अवरुद्ध, व्यक्तिगत समस्या के समाधान हेतु चिंतित, मित्रों-स्वजनों से मनमुटाव, परिवार में अनावश्यक खर्च, विरोधियों का वर्चस्व।

**कर्क**-पारिवारिक सौहार्द, नवसम्पर्क से कुछेक मसले सुलझने को, सामयिक कार्यों में अनुकूलता, धर्म-अध्यात्म की ओर रुझान, आत्मबल में वृद्धि, यात्रा सफल।

**सिंह**-कार्य-व्यवसाय में विस्तार व परिवर्तन की योजना फलीभूत, परिवार में धार्मिक कृत्य सम्पन्न, पारस्परिक सम्बन्धों में अत्यधिक प्रगाढ़ता, प्रतिष्ठा में वृद्धि।

**कन्या**-परिस्थितियां सुधार पर, सामयिक कार्य प्रगति पर, नवसम्पर्क से कुछेक समले पक्ष में सुलझने की ओर, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था जागृत, संत समागम।

**तुला**-समय प्रतिकूल, भाग्योन्नति का मार्ग अवरुद्ध, आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में निराशा, विरोधी हानि पहुँचाने की दिशा में प्रयासरत, यात्रा में परेशानी।

**वृश्चिक**-शुभ भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति, प्रियजनों के सहयोग से समस्या का समाधान, व्यापारिक वातावरण मन के अनुकूल, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त।

**धनु**-अभीष्ट सिद्धि हेतु किये जा रहे प्रयास सफल, वाक्पटुता से कार्यों में अनुकूलता, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर, राजनीतिक गतिविधियों में रुचि।

**मकर**-समस्या के समाधान का मार्ग प्रशस्त, आर्थिक व्यावसायिक प्रगति हेतु नवप्रयास सार्थक, स्वास्थ्य सुधार पर, बकाये धन की प्राप्ति, रचनात्मक कार्यों में रुझान।

**कुम्भ**-सामयिक कार्यों में प्रतिकूलता, आरोग्य सुख में कमी, व्यावसायिक पक्ष से चिन्ता, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति में बाधा, प्रियजनों से मनमुटाव, सामाजिक पक्ष से कष्ट।

**मीन**-कार्य-व्यवसाय में लाभ का सुअवसर प्राप्त, कठिनाइयों की निवृत्ति हेतु किये जा रहे प्रयास सफल, धार्मिक क्रिया-कलापों में अभिरुचि, सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।

– विमल जैन

# भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष की शुरुआत करेंगे मैक्रों

## एआई समिट का दोनों देशों के संबंध पर पड़ेगा प्रभाव



नई दिल्ली (आईएएनएस)। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों तीन दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचने वाले हैं। फ्रांसीसी राष्ट्रपति का ये दौरा भारत एआई इम्पैक्ट समिट के मौके पर हो रहा है। मैक्रों 16 फरवरी को रात साढ़े 11 बजे भारत पहुंचेंगे, लेकिन उनका ये दौरा 17 फरवरी से शुरू होगा। इस बीच, भारत में फ्रांस के दूतावास ने बताया कि इस समिट का भारत और फ्रांस के संबंध पर क्या असर पड़ने वाला है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फ्रांसीसी दूतावास ने लिखा, 'फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल होने, दोनों देशों के बीच बातचीत करने और भारत-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन को लॉन्च करने के लिए भारत आ रहे हैं। इस दौरे का फ्रांस और भारत के संबंधों पर क्या असर पड़ने वाला है? यह दौरा पीएम नरेंद्र मोदी के 2025 के फ्रांस दौरे के एक साल बाद हो रहा है, जहां उन्होंने एआई एक्शन समिट की सहअध्यक्षता की थी। एक-दूसरे के एआई समिट के लिए आपसी न्योते फ्रांस-भारत साझेदारी में गहरे भरोसे को दिखाते हैं।' फ्रांसीसी दूतावास ने आगे कहा, 'यह दौरा हमारे दोनों देशों के इस पक्के इरादे पर मुहर लगाता है कि वे आम भलाई के लिए एआई की क्षमता का इस्तेमाल करने के लिए ठोस कदम उठाएंगे। साइंटिफिक नॉलेज, रिसर्च और इनोवेशन को आगे बढ़ाने और लंबे समय से चले आ रहे फ्रांस-भारत सहयोग को आगे बढ़ाने के महत्व को मानते हुए राष्ट्रपति मैक्रों और पीएम मोदी भारत-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन, एक क्रॉस-सेक्टोरल पहल लॉन्च करेंगे।'

फ्रांस के दूतावास ने बताया कि इस अनिश्चित दुनिया में राष्ट्रपति मैक्रों का दौरा फ्रांस और भारत के एक-दूसरे की स्ट्रेटेजिक ऑटोनॉमी के साथ-साथ बहुपक्षवाद को बनाए रखने की प्रतिबद्धता को और सुनिश्चित करेगा। मंगलवार, 17 फरवरी को तीन बजकर 15 मिनट पर उनकी भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लोकभवन में मुलाकात होगी। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच एमओयू का एक्सचेंज होगा और संयुक्त बयान जारी किए जाएंगे।

शाम पांच बजकर 20 मिनट पर होटल ताज महल पैलेस में भारत-फ्रांस इनोवेशन फोरम का आयोजन किया जाएगा। फिर 8 बजकर 15 मिनट पर वह गेटवे ऑफ इंडिया पर इंडिया-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन और कल्चरल कमेमोरेशन में शामिल होंगे। अगले दिन बुधवार, 18 फरवरी को दोपहर 1 बजे राष्ट्रपति मैक्रों नई दिल्ली में स्थित भारत मंडपम पहुंचेंगे। फिर 19 फरवरी को सुबह आठ बजकर 45 मिनट पर भारत मंडपम पहुंचेंगे। यहां 9 बजकर 15 मिनट पर फैमिली फोटो ली जाएगी। फिर 9 बजकर 40 मिनट पर मैक्रों ओपनिंग सेरेमनी में शामिल होंगे।

फिर सुबह 10 बजकर 40 मिनट पर वह कंट्री पवेलियन का दौरा करेंगे। इसके बाद 11.30 पर एचओएसएस/ एचओजीएस मंत्रियों के साथ फैमिली फोटो ली जाएगी। फिर 12 बजे फ्रांसीसी राष्ट्रपति लीडर्स प्लेनरी और वर्किंग लंच में भी हिस्सा लेंगे। 3 बजकर 45 मिनट पर वह फ्रांस के लिए रवाना हो जाएंगे। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने बताया था कि इस दौरे के दौरान दोनों नेता हॉरिजोन 2047 रोडमैप में बताए गए कई क्षेत्रों में आपसी सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा, नेता आपसी फायदे के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे, जिसमें इंडो-पैसिफिक में सहयोग भी शामिल है। दोनों नेता भारत-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन का उद्घाटन करने के लिए मुंबई में उपस्थित होंगे। इस इवेंट को दोनों देशों में पूरे साल 2026 तक मनाया जाएगा। राष्ट्रपति मैक्रों 19 फरवरी को नई दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट में हिस्सा लेंगे।

# नेपाल में राजतंत्र की वापसी चाहता है आरपीपी

## मेनिफेस्टो में हिंदू राष्ट्र का भी प्रस्ताव



काठमांडू (आईएएनएस)। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) ने नेपाल में राजतंत्र की वापसी की मांग मैनिफेस्टो के जरिए उठाई है। अपने चुनावी घोषणापत्र में 'पृथ्वी पथ' को राष्ट्र निर्माण का मार्गदर्शक सिद्धांत बताया है। इसमें सेक्युलरिज्म को खारिज करने और 'वैदिक सनातन धर्म पर आधारित 'हिंदू राष्ट्र' बनाने की बात है।

पार्टी अध्यक्ष राजेंद्र लिंगदेन ने काठमांडू में पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में इस घोषणापत्र को पेश किया, जिसमें नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने, राजतंत्र की बहाली, प्रांतीय संरचना को समाप्त कर दो स्तरीय शासन (केंद्र और स्थानीय स्तर) अपनाने, चुनावी सुधार और अच्छे शासन पर जोर दिया गया है। द हिमालयन टाइम्स के अनुसार आरपीपी ने आगामी 5 मार्च को होने वाले प्रतिनिधि सभा चुनाव के लिए इस घोषणापत्र को तैयार किया है, जिसमें आर्थिक परिवर्तन के छह स्तंभों वाले मॉडल को नेपाल की समृद्धि का आधार बताया गया है।

पार्टी ने भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस, स्थानीय क्षेत्रों को स्वतंत्र बनाने और 'पृथ्वी पथ' (जो पृथ्वीनारायण शाह के दिव्य उपदेश से प्रेरित है) को शासन की भावी दिशा के रूप में अपनाया है।

घोषणापत्र में राजनीतिक स्थिरता, सुशासन, आर्थिक सुधार और सामाजिक न्याय के माध्यम से समृद्धि को बढ़ावा देने पर फोकस है। इसके अलावा पूर्व-पश्चिम महेंद्र राजमार्ग को तीन वर्षोंमें अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने और अगले 10 वर्षोंको ऊर्जा उत्पादन का दशक घोषित करने का वादा किया गया है।

जीरो टॉलरेंस की नीति और अच्छे शासन के प्रस्ताव में 'हम कुचले जाएंगे, भ्रष्ट नहीं होंगे' का आक्रामक नारा शामिल किया गया है। भ्रष्टाचार से लड़ने के इस वादे को अमल में लाने के लिए पार्टी ने 1990 के बाद बड़े नेताओं और कर्मचारियों की संपत्ति की जांच करने और गैर-कानूनी संपत्ति जब्त करने के लिए कानूनी व्यवस्था का प्रस्ताव रखा है। इसने जाति भेदभाव और छुआछूत समेत सभी तरह के धार्मिक भेदभाव को अपराध बनाने का प्रण भी दिखता है। पार्टी का दावा है कि उसका विजन नेपाल में सभी धार्मिक समुदायों के सम्मान की रक्षा करना है, ताकि धार्मिक समानता और आजादी पक्की हो सके।

# शंकराचार्य विवाद पर अखिलेश यादव का सीएम योगी पर निशाना, व्यवहार पर उठाए सवाल



लखनऊ (आईएएनएस)। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती द्वारा सीएम योगी को लेकर दिए गए बयान से मैं सहमत हूं।

राजधानी लखनऊ में पार्टी ऑफिस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि कोई मुख्यमंत्री, जो अपने आप को योगी कह रहे हों, पूजनीय शंकराचार्य को लेकर ऐसा कह सकते हैं क्या? इतना व्यवहार खराब हो सकता है? अखिलेश यादव ने सवाल उठाया कि हम शंकराचार्य से 100 प्रतिशत सहमत हैं।

रविवार को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस से इस्तीफा देने वाले नसीमुद्दीन सिद्दीकी समाजवादी पार्टी (सपा) में शामिल हो गए। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सिद्दीकी को सपा की सदस्यता ग्रहण कराई।

उनके साथ उनकी पत्नी और 7 अन्य नेताओं ने भी रविवार को समाजवादी पार्टी का दामन थामा। नसीमुद्दीन सिद्दीकी बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सरकार में कैबिनेट मंत्री थे। मायावती का साथ छोड़ने के बाद उन्होंने कांग्रेस ज्वाइन की थी।

पिछले महीने उन्होंने कांग्रेस से भी इस्तीफा दे दिया था। सिद्दीकी ने अखिलेश यादव की मौजूदगी में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि मैं अलग-अलग दलों में रहते हुए भी हमेशा मुलायम सिंह यादव से प्रभावित रहा। इसी तरह मैंने हमेशा अखिलेश यादव को ही अपना नेता माना। पिछले महीने नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को इस्तीफा भेजकर पार्टी छोड़ने का कारण व्यक्तिगत बताया था। अपने लिखित इस्तीफा पत्र में सिद्दीकी ने कहा कि वे 'अपरिहार्य कारणों' से अपनी प्राथमिक सदस्यता और सभी संगठनात्मक जिम्मेदारियों का त्याग कर रहे हैं।

नसीमुद्दीन सिद्दीकी उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक जाना-पहचाना चेहरा हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत बसपा से की और मायावती सरकार में कई महत्वपूर्ण विभागों का कार्यभार संभाला।

# तमिलनाडु की अंतिम मतदाता सूची 23 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी : सीईओ पटनायक



चेन्नई (आईएएनएस)। तमिलनाडु की मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) अर्चना पटनायक ने घोषणा की है कि राज्य की अंतिम मतदाता सूची अब 23 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। पहले यह सूची 17 फरवरी को जारी की जानी थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बाद भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप इसकी तिथि स्थगित कर दी गई है। अधिकारियों के अनुसार यह निर्णय न्यायिक निर्देशों के पूर्ण अनुपालन और प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है।

न्यायालय के आदेशों पर कार्रवाई करते हुए चुनाव आयोग ने 30 जनवरी को एक आधिकारिक बयान जारी किया, जिसमें विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान पहचानी गई 'तार्किक विसंगतियों' की श्रेणी में आने वाले व्यक्तियों की सूचियों को सार्वजनिक करने का निर्देश दिया गया। आयोग के निर्देशों के अनुसार इन व्यक्तियों के नाम राज्य भर के शहरी क्षेत्रों में ग्राम पंचायत कार्यालयों, प्रमुख सार्वजनिक स्थानों, तालुक और उप-मंडल कार्यालयों तथा वार्ड कार्यालयों में प्रदर्शित किए गए हैं।

इस कदम का उद्देश्य पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना और उन मतदाताओं को अवसर देना है, जिनके नाम विसंगति सूची में शामिल किए गए हैं, ताकि वे अपने चुनावी अभिलेखों में पाई गई त्रुटियों को स्पष्ट कर सकें या आवश्यक सुधार करा सकें। चुनाव आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि जिन व्यक्तियों के नाम इन सूचियों में शामिल हैं, उन्हें प्रकाशन की तिथि से 10 दिनों के भीतर संबंधित दस्तावेज या स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाए।

प्रभावित मतदाता स्वयं या अपने अधिकृत प्रतिनिधि, जिसमें मतदान एजेंट भी शामिल हो सकते हैं, के माध्यम से अपनी आपत्ति या स्पष्टीकरण दाखिल कर सकते हैं। इस प्रावधान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वास्तविक मतदाताओं को उचित सुनवाई का अवसर दिए बिना मतदाता सूची से बाहर न किया जाए। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुपालन में विसंगति सूचियों का प्रकाशन पहले ही किया जा चुका है और वर्तमान में प्रभावित व्यक्तियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी अभ्यावेदन प्रस्तुत करने की अनुमति दी जा रही है। 1 जनवरी, 2026 को पात्रता तिथि मानते हुए विशेष गहन संशोधन के तहत तैयार की जा रही अंतिम मतदाता सूची में प्राप्त आपत्तियों और स्पष्टीकरणों की जांच के बाद आवश्यक सुधार शामिल किए जाएंगे।

संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 23 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जोर देकर कहा कि तमिलनाडु में चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए पुनरीक्षण कार्य पारदर्शी, जवाबदेह और विधिक प्रावधानों के अनुरूप किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में सुनिश्चित किया जा सके और किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना को न्यूनतम रखा जा सके।

# पाकिस्तान के राष्ट्रपति जरदारी ने इमरान खान से कहा 'जेल इबादत की जगह'



लाहौर (आईएएनएस)। पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को एक नेक सलाह दी है। कार्यकर्ताओं और आम लोगों के बीच मंच से बिना नाम लिए कहा है कि जेल के हालात की शिकायत करने से अच्छा है उसमें रम जाया जाए और 'उसे इबादत की जगह समझा जाए।'

जरदारी ने दक्षिण पंजाब में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ये मशविरा दिया। विभिन्न मीडिया आउटलेट्स में उनका ये बयान प्रकाशित किया गया। प्रमुख पाकिस्तानी मीडिया आउटलेट डॉन के अनुसार उन्होंने पाकिस्तान- तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक को नेता का 'फर्ज' याद दिलाया। उन्होंने कहा कि एक नेता का यह फर्ज है कि वह पार्टी और लोगों की सुरक्षा के लिए लड़े और जेल जाए। इमरान खान का नाम लिए बिना जरदारी ने उनकी शिकायतों का पुलिंदा पेश कर दिया। उन्होंने कहा, 'वे 18 महीने की हिरासत के बाद ही जेल की हालत के बारे में शिकायत करने लगे हैं। कभी वे कहते हैं कि उनकी आंखों में दर्द है। कभी वे शिकायत करते हैं कि दूध नहीं है। ऐसा नेता बलिदान देना नहीं जानता और उसमें हिम्मत की कमी होती है।'

इसके बाद जरदारी ने आपबीती सुनाते हुए इबादत वाली सलाह दे डाली। बताया, 'मैंने खुद 14 साल जेल में बिताए, मुश्किलें झेलीं, लेकिन कभी हिम्मत नहीं हारी। जेल इबादत की जगह है, और जो लोग इबादत करते हैं उनकी दुआएं कबूल होती हैं।' दुनिया न्यूज के मुताबिक उन्होंने कार्यकर्ताओं को भी सलाह दी कि उन्हें गिरफ्तार होने से डरना नहीं चाहिए। उन्होंने वादा किया कि वह पाकिस्तान को बनाने और बेहतर बनाने के लिए काम करेंगे और जब तक उनका मिशन पूरा नहीं हो जाता, तब तक पद नहीं छोड़ेंगे।

जरदारी कह चुके हैं कि एक दिन पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी दो-तिहाई बहुमत से जीतेगी और बिलावल को प्रधानमंत्री बनाएगी। इन दिनों पाकिस्तान की राजनीति में इमरान खान की सेहत को लेकर हल्ला मचा हुआ है। विपक्षी गठबंधन संसद परिसर में धरने पर बैठा है और परिवार उनकी सेहत को लेकर फिक्रमंद है। दरअसल, हाल ही में उनसे मिलकर लौटे कोर्ट की ओर से नियुक्त एमिकस क्यूरी सलमान सफदर ने अपनी रिपोर्ट में उनकी गिरती सेहत का हवाला दिया। उन्होंने बताया कि, अडियाला जेल में बंद इमरान खान की दाहिनी आंख में मात्र 15 प्रतिशत रोशनी रह गई है यानी वो 85 प्रतिशत रोशनी खो चुके हैं।

# 28 फरवरी को अजमेर से 23,500 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की पीएम मोदी देंगे सौगात : सीएम भजन लाल शर्मा



जयपुर (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 फरवरी को राजस्थान को करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात देंगे। साथ ही वह युवाओं को नियुक्ति पत्र भी सौंपेंगे। इसकी जानकारी सीएम भजन लाल शर्मा ने खुद दी।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि मुझे यह जानकारी साझा करते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है कि आगामी 28 फरवरी को विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अजमेर की धरा से प्रदेश को 23,500 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की अभूतपूर्व सौगात देंगे। उन्होंने कहा कि शिलान्यास और लोकार्पण के साथ-साथ 'रोजगार उत्सव' में 21 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपकर उनके सपनों को नई उड़ान दी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति 'विकसित राजस्थान' के संकल्प को नई शक्ति प्रदान करेगी। इससे पहले सीएम भजन लाल शर्मा ने अन्य एक्स पोस्ट पर कहा कि मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित 'बोर्ड ऑफ इन्वेस्टमेंट' की छठी बैठक की अध्यक्षता करते हुए 46,000 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों वाली 10 अल्ट्रा मेगा परियोजनाओं को कस्टमाइज्ड पैकेज की मंजूरी दी।

उन्होंने कहा कि यह निर्णय प्रदेश के 12 हजार से अधिक युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने और औद्योगिक क्रांति लाने की दिशा में हमारा एक और बड़ा कदम है।

हमारी सरकार राजस्थान को देश का अग्रणी इन्वेस्टमेंट हब बनाने के लिए संकल्पित है।

# मुख्यमंत्री रेड्डी ने अपनी टिप्पणी पर दी प्रतिक्रिया

## कहा : उसका गलत अर्थ निकाला गया

हैदराबाद (आईएएनएस)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने रविवार को कहा कि उनके बयान 'नेने राजू, नेने मंत्री' (मैं राजा हूं, मैं मंत्री हूं) को गलत तरीके से समझा गया। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने स्पष्ट किया कि उन्होंने केवल इतना कहा था कि मुख्यमंत्री और नगर प्रशासन मंत्री के रूप में वे नगरपालिका चुनावों के परिणामों के लिए जिम्मेदार हैं। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की थी।

उन्होंने कहा था कि मुख्यमंत्री पद के लिए न तो राज्य की राजनीति में और न ही कांग्रेस के भीतर कोई प्रतिस्पर्धा है। रविवार को हैदराबाद के बंजारा भवन में संत सेवालाल जयंती समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि उनकी टिप्पणी नगर निगम चुनावों के संदर्भ में थी। खुद को शासक के रूप में न देखने की बात कहते हुए रेवंत रेड्डी ने दावा किया कि उनका इरादा जनता की सेवा करना है। नगर निगम चुनावों में कांग्रेस पार्टी को 85 से 90 प्रतिशत परिणाम प्राप्त हुए हैं। वे जीत में घमंड करने वाले या हार में निराश होने वाले व्यक्ति नहीं हैं।

वे गरीबों के लिए काम करना जारी रखेंगे। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने विपक्षी दलों के नेताओं को निशाना बनाते हुए कहा, 'कुछ लोग सोचते हैं कि वे शासन करने के लिए पैदा हुए हैं।' संत सेवलाल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे देश में 15 करोड़ लंबाडा समुदाय के मार्गदर्शक थे। उन्होंने कहा कि तेलंगाना आंदोलन में लाम्बाडा समुदाय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और कांग्रेस सरकार ने आधिकारिक तौर पर सेवलाल जयंती मनाने की जिम्मेदारी ली है। दलितों के साथ-साथ आदिवासियों को भी प्राथमिकता और उचित सम्मान मिलना चाहिए।

रेवंत रेड्डी ने दावा किया कि अपने 20 साल के राजनीतिक करियर में लाम्बाडा समुदाय ने हमेशा उनका समर्थन किया। उन्होंने घोषणा की कि वे राज्य के सभी थंडा (आदिवासी बस्तियों) के लिए बिटुमेन तारकोल की सड़कें बनाने के आदेश जारी कर रहे हैं। साथ ही थंडा में रहने वालों को उचित सड़क सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। प्रत्येक थंडा में एक सरकारी स्कूल और ग्राम पंचायत भवन के निर्माण का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सौर ऊर्जा संयंत्रों के माध्यम से आदिवासी बस्तियों को बिजली उपलब्ध कराने की योजना बना रही है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने ही आदिवासियों को आरक्षण दिया था और उन्हें जमीनें आवंटित की थीं। उन्होंने कहा कि सरकार के पास फिलहाल देने के लिए कोई जमीन नहीं है और वह आदिवासियों के कल्याण के लिए काम कर रही है। सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए तैयार है।

आदिवासी छात्रों को मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए। सरकार की ओर से समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों की सूची दी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष ..............................

### भारत ने लगाई जीत की हैट्रिक........

जबकि कुलदीप यादव ने मोहम्मद नवाज और तिलक वर्मा ने शादाब खान का विकेट लिया। पाकिस्तान ने 15.3 ओवर में 97 रनों पर अपने 9 विकेट गंवा दिए। फिर पाकिस्तानी टीम संभल नहीं पाई और 18 ओवर में 114 रन बनाकर सिमट गई।

### असम में बनेंगे 4 नए एयरपोर्ट, चीन से.....

है। सरमा ने आगे कहा, हमने केंद्र को पत्र लिखकर राज्य में और अधिक ईएलएफ बनाने की मांग की है। हमें बाढ़ जैसी आपदाओं के दौरान भी ऐसी सुविधाओं की जरूरत पड़ती है। इन हवाई पट्टियों पर सी130 जैसे बड़े परिवहन विमान राहत सामग्री के साथ आसानी से उतर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि असम में एक ईएलएफ पहले ही खुल चुका है और चार-पांच और बनाने की संभावना है। गौरतलब है कि शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी ने डिब्रूगढ़ जिले के मोरान में सी-130जे विमान से इस हवाई पट्टी पर ऐतिहासिक लैंडिंग की थी।

इसके अलावा, केंद्र सरकार ने असम में कई अन्य बड़ी परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है। इसमें ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे एक ट्विन-ट्यूब सड़क-सह-रेल सुरंग और चिकन्स नेक कॉरिडोर के नीचे एक भूमिगत राजमार्ग का निर्माण शामिल है। इन परियोजनाओं से असम की सामरिक स्थिति और मजबूत होगी।

### पीएम मोदी नहीं, लोकसभा अध्यक्ष ...

बांग्लादेश के लोगों के बीच गहरी और पक्की दोस्ती को दिखाता है, और हमारे दोनों देशों को जोड़ने वाले डेमोक्रेटिक मूल्यों के प्रति भारत के पक्के प्रतिबद्धता को पक्का करता है। बयान में आगे कहा गया-साझा इतिहास, संस्कृति और आपसी सम्मान से जुड़े पड़ोसियों के तौर पर, भारत बांग्लादेश में तारिक रहमान के नेतृत्व में चुनी हुई सरकार के आने का स्वागत करता है, जिनके विजन और मूल्यों को लोगों का भारी समर्थन मिला है। राजनयिक सूत्रों के अनुसार, आमंत्रित देशों की सूची में भारत, चीन, पाकिस्तान, सऊदी अरब, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, मलेशिया, ब्रूनेई, श्रीलंका, नेपाल, मालदीव और भूटान शामिल हैं। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन संसद के साउथ प्लाजा में होगा।

पड़ोसी देश में हाल ही में आयोजित हुए 13वें राष्ट्रीय चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने प्रचंड बहुमत हासिल किया है। इसके बाद 17 फरवरी यानी मंगलवार को तारिक रहमान के नेतृत्व में बीएनपी की नई सरकार का शपथ ग्रहण होगा। जानकारी के अनुसार, तारिक रहमान के कैबिनेट में 32 से 42 सदस्य हो सकते हैं, जिसमें अनुभवी और युवा नेताओं को जगह मिलने की उम्मीद है। बीएनपी ने 300 में से 212 सीटों पर जीत दर्ज की है। जबकि जमात-ए-इस्लामी गठबंधन ने 77 सीटों पर जीत दर्ज की है।

### ममता बनर्जी ने भाई तारिक रहमान को .....

के लोगों को हार्दिक बधाई। सभी को अग्रिम रामजान मुबारक। इस महान जीत के लिए मेरे तारिक भाई, उनकी पार्टी और सभी पार्टियों को बधाई। बता दें कि बांग्लादेश के 13वीं संसदीय चुनाव में बीएनपी ने दो-तिहाई बहुमत हासिल किया है। इसके बाद बीएनपी के चेयरमैन तारिक रहमान बांग्लादेश के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने को तैयार हैं। बताया जा रहा है कि वह 17 फरवरी को शपथ ग्रहण करेंगे। उनके भव्य शपथ ग्रहण समारोह के लिए कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों निमंत्रण भेजा जा रहा है। 17 साल के निर्वासन (लंदन में) के बाद दिसंबर 2025 में वापस लौटे तारिक रहमान की ये जीत उनके राजनीतिक करियर में एक बड़ा उलटफेर मानी जा रही है। चुनाव परिणामों के बाद अंतरिम सरकार के प्रमुख नोबेल विजेता मोहम्मद यूनुस समेत कई अंतरराष्ट्रीय नेताओं ने भी बधाई दी है।

### बजट 2026 'विकसित भारत' की ....

जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत अब 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य की दिशा में अगला बड़ा कदम उठाने के लिए तैयार है और क्या यह 'अब या कभी नहीं' जैसी स्थिति है, तो प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि महामारी के बाद की दुनिया भारत के लिए नए अवसर लेकर आई है। कई देश व्यापार और नवाचार में भारत के साथ साझेदारी करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के पास युवा और कुशल आबादी है। सरकार मजबूत विकास, कम महंगाई और स्थिर अर्थव्यवस्था पर ध्यान दे रही है। भारत के युवा अंतरिक्ष, खेल और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे हैं। देश में राजनीतिक स्थिरता और सुधारों पर आधारित नीति वातावरण है। उन्होंने कहा कि इन सब कारणों से लोग इसे भारत के लिए एक ऐतिहासिक अवसर के रूप में देख रहे हैं। इसी दौरान देश ने 'आजादी का अमृत महोत्सव' भी मनाया, जिससे लोगों में एक मिशन की भावना पैदा हुई। मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में लोगों के व्यवहार में भी बदलाव आया है। चाहे स्वच्छता हो या कोई और मुद्दा, लोग समझते हैं कि विकसित राष्ट्र बनना सिर्फ बुनियादी ढांचे या अर्थव्यवस्था का सवाल नहीं है, बल्कि सामाजिक आदतों से भी जुड़ा है।

उन्होंने कहा, 'यह मजबूरी में लिया गया 'नाउ ऑर नेवर' फैसला नहीं है। यह तैयारी और प्रेरणा से पैदा हुआ 'हम तैयार हैं' का पल है। यह बजट विकसित राष्ट्र बनने की इसी भावना को दर्शाता है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट को केवल बजट 2026 के रूप में नहीं, बल्कि 21वीं सदी के दूसरे चरण के पहले बजट के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने बताया कि यह बजट 2014 से अब तक की उपलब्धियों को मजबूत करता है और अगले 25 वर्षों के लिए नई गति देता है।

जैसे 1920 के दशक के फैसलों ने 1947 की आजादी की नींव रखी थी, वैसे ही आज लिए जा रहे फैसले 2047 के विकसित भारत की नींव रख रहे हैं। मोदी ने दोहराया कि उनकी सरकार का कोई भी बजट सामान्य 'बही-खाता' की तरह नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों में पहले राज्य स्तर पर और अब राष्ट्रीय स्तर पर, उन्होंने हमेशा व्यापक रणनीति, स्पष्ट योजना और प्रभावी क्रियान्वयन पर काम किया है।

# राजनीतिक सुधार के बिना आर्थिक सुधार संभव नहीं, पाकिस्तान को भ्रष्टाचार खत्म करना होगा : रिपोर्ट



इस्लामाबाद (आईएएनएस)। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए सबसे पहले उसकी राजनीति को दुरुस्त करना होगा। भ्रष्टाचार से ग्रस्त और कुप्रबंधन वाली राजनीतिक व्यवस्था आर्थिक विकास में सबसे बड़ी बाधा बन रही है। यह बात पाकिस्तान के प्रमुख अखबार डॉन में प्रकाशित एक लेख में कही गई है।

यह लेख अर्थशास्त्री साकिब शेरानी ने लिखा है, जो पाकिस्तान की कई पूर्व आर्थिक सलाहकार परिषदों के सदस्य रह चुके हैं। लेख में कहा गया है कि कोई भी आर्थिक व्यवस्था दरअसल राजनीतिक व्यवस्था का ही उत्पाद होती है। राजनीतिक तंत्र सभी उप-प्रणालियों से ऊपर होता है, इसलिए उसमें आई खराबी का असर पूरे ढांचे पर पड़ता है। ऐसे में गिरती हुई अर्थव्यवस्था को राजनीतिक अर्थव्यवस्था से अलग करके नहीं देखा जा सकता।

लेख में स्पष्ट कहा गया है कि 'गहरे आर्थिक सुधार' की बात करना, जबकि भ्रष्ट और कुप्रबंधित राजनीतिक व्यवस्था में सुधार की अनदेखी करना, खुद को और जनता को धोखा देने जैसा है। निष्कर्ष साफ है कि आर्थिक सुधार के लिए राजनीतिक सुधार अनिवार्य है। शेरानी ने लिखा है कि जब तक संसाधनों के दोहन और रेंट-सीकिंग पर आधारित मौजूदा राजनीतिक ढांचे को नहीं बदला जाएगा, तब तक वास्तविक और टिकाऊ निवेश की उम्मीद करना व्यर्थ है। ऐसा निवेश, जो नवाचार, दक्षता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ाए, फिलहाल एक सपना ही बना रहेगा। उन्होंने एक तथाकथित 'एलीट पैनल' द्वारा दिए जा रहे इस तर्क को भी खारिज किया कि कंपनियों की 'क्रिएटिव डिस्ट्रक्शन' से आर्थिक विकास संभव है। उनके अनुसार यह मान लेना कि उद्योगों की अक्षमता पूरी तरह उनके आंतरिक फैसलों का परिणाम है और बाहरी माहौल का उस पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता, एक अवास्तविक धारणा है।

लेख में बताया गया है कि पाकिस्तान में औपचारिक क्षेत्र की कंपनियां कई गंभीर चुनौतियों से जूझ रही हैं। इनमें क्षेत्र में सबसे महंगी और बाधित बिजली आपूर्ति, 50 प्रतिशत से अधिक तक का कर बोझ (सुपर टैक्स सहित), ओवर-वैल्यूड विनिमय दर, व्यापक तस्करी और अंडर-इनवॉइसिंग शामिल हैं। इससे करीब 68 अरब डॉलर की समानांतर अर्थव्यवस्था पनप रही है, जो औपचारिक अर्थव्यवस्था को कमजोर करती है।

इसके अलावा कार्यपालिका का अतिक्रमण, भारी नियामकीय बोझ, भ्रष्टाचार और रिश्वत की लागत, कुशल श्रमिकों की कमी, प्रशिक्षण पर अतिरिक्त खर्च, पानी और सुरक्षा पर निजी खर्च, स्थानीय आपराधिक गिरोहों द्वारा वसूली, राजनीतिक नियुक्तियों का दबाव और बार-बार नीतिगत बदलाव जैसी समस्याएं भी उद्योगों के सामने हैं। लेख के अनुसार इन सभी बाधाओं को दूर किए बिना केवल कंपनियों को दोष देना और उनसे प्रतिस्पर्धी बनने की उम्मीद करना यथार्थ से परे है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए सबसे पहले राजनीतिक ढांचे में व्यापक और ईमानदार सुधार की आवश्यकता है।

# जिले के 20 स्थानों पर स्वनिर्भर बांग्ला को लेकर कैंप लगाया गया



आसनसोल (हि.स.)। राज्य सरकार के महत्वकांक्षी परियोजना के तहत पश्चिम वर्दवान जिले के 20 स्थान पर रविवार को स्वनिर्भर बांग्ला को लेकर कैंप का आयोजन किया गया। आसनसोल उत्तर विधानसभा के लिए रविंद्र भवन में कैंप लगाया गया तथा आसनसोल दक्षिण विधानसभा के लिए संप्रीती हाल बर्नपुर में कैंप लगाया गया। कैंप का मुआयना करने के लिए पश्चिम वर्दवान जिलाधिकारी एस पोन्नमबलम, एसडीएम विश्वजीत भट्टाचार्य, आसनसोल नगर निगम के कमिश्नर तथा उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों के जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।

इस बारे में जानकारी देते हुए पश्चिम बर्दवान जिलाधिकारी एस पोन्नमबलम ने कहा कि मु यमंत्री के महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत स्वनिर्भर बांग्ला को लेकर कैंप का आयोजन किया है। जिले के सभी नगर निगम तथा ब्लॉक मैं विधानसभा स्तर पर कैंप का आयोजन किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, आसनसोल उत्तर विधानसभा के लिए रविंद्र भवन में कैंप लगाया गया है। इस कैंप में चार परियोजनाओं को लेकर फार्म वितरण किया जा रहा है जिसमें नई परियोजना युवाश्री का फॉर्म दिया जा रहा है। 21 वर्ष से 40 वर्ष के युवक युवतियों आवेदन कर सकते हैं।

इसके तहत 1500 रूपए की मासिक आर्थिक अनुदान प्रदान किया जाएगा जब तक कि उनका रोजगार नहीं मिल जाता। इसके साथ ही 25 वर्ष की आयु युवतियां जिनको अभी तक लकी भंडार योजना का लाभ नहीं मिल रहा है वह भी इस कैंप के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। उसके लिए भी काउंटर रखा गया है। इसके साथ ही खेतिहर मजदूर जिनकी अपनी कोई जमीन नहीं है, वह भी कैंप में आवेदन कर सकते हैं। उनको वार्षिक चार हजार का अनुदान राज्य सरकार की ओर से मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्र के लाभार्थी इसके लिए आवेदन कर सकते हैं।

जिलाधिकारी एस पोन्नमबलम ने कहा कि डब्ल्यूआरएडीडी सिंचाई विभाग की परियोजना के तहत बिजली के बिलों में छूट के लिए आवेदन संग्रह किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 26 फरवरी तक स्वनिर्भर बांग्ला कैंप विधानसभा स्तर पर लगाया जाएगा भीड़ की स्थिति को देखते हुए शिविरों की सं या में वृद्धि की जाएगी। रविवार को जिला स्तर पर 20 कैंप लगाए गए हैं।

# बिधाननगर पुलिस ने सिम बॉक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया

## एक आरोपी गिरफ्तार किया

कोलकाता (आईएएनएस)। पश्चिम बंगाल के बिधाननगर में पुलिस ने सिम बॉक्स रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 9 मशीनें, 2500 से अधिक एक्टिव सिम कार्ड और कई मोबाइल समेत अन्य उपकरण मिले हैं।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बिधाननगर पुलिस कमिश्नरेट ने खुफिया सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। टीम ने कोलकाता के पास राजारहाट इलाके के हटियारा में एक इमारत पर छापा मारा और इस रैकेट का भंडाफोड़ किया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यह बाहर से आम लोगों का फ्लैट लग रहा था, लेकिन अंदर गैर-कानूनी तरीके से एडवांस्ड टेलीकॉम ऑपरेशन चलाए जा रहे थे।

खुफिया सूत्रों के मुताबिक, उस फ्लैट से गैर-कानूनी तरीके से भारत में इंटरनेशनल कॉल कनेक्ट किए जा रहे थे।

# 'बांग्लार युवा साथी' सीएम ममता बनर्जी की दूरदर्शिता का प्रमाण : टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष




कोलकाता (आईएएनएस)। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के प्रवक्ता और वरिष्ठ नेता कुणाल घोष ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस कर कई महत्वपूर्ण राजनीतिक मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने विशेष रूप से राज्य सरकार की नई बांग्लार युवा साथी स्कीम पर भाजपा की आलोचना की और इसे सीएम ममता बनर्जी की दूरदर्शिता का प्रमाण बताया। कुणाल घोष ने कहा कि बांग्लार युवा साथी स्कीम एक बहुत अच्छी पहल है, जो बेरोजगार युवाओं को आर्थिक सहारा देगी। इस योजना के तहत 21 से 40 वर्ष की आयु के माध्यमिक (माध्यमिक) पास बेरोजगार युवाओं को हर महीने 1,500 रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी, जब तक उन्हें नौकरी नहीं मिल जाती या अधिकतम पांच साल तक। आवेदन 15 फरवरी से 26 फरवरी तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में शिविरों के माध्यम से लिए जा रहे हैं, और योजना 1 अप्रैल 2026 से लागू होगी।

उन्होंने जोर देकर कहा कि यह स्कीम चुनावी घोषणा नहीं है, बल्कि पहले से चल रही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की श्रृंखला का हिस्सा है। रूपश्री, स्वास्थ्य साथी, लक्ष्मीर भंडार जैसी लगभग सौ योजनाओं से राज्य में पहले ही सामाजिक कल्याण का मजबूत ढांचा खड़ा हो चुका है। घोष ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, भाजपा खुद विरोधाभास से जूझ रही है। जब ममता दीदी कोई स्कीम शुरू करती हैं, तो पहले विरोध करती हैं। लक्ष्मीर भंडार को भिक्षा कहा, लेकिन अब उनकी सरकारें ममता बनर्जी की नकल कर रही हैं।

उन्होंने बिहार में भाजपा की घोषणाओं का जिक्र करते हुए कहा कि वे भी ममता बनर्जी की योजनाओं की नकल कर रहे हैं। भाजपा यह कहने वाली कौन होती है कि ऐसी स्कीमों को बढ़ावा दिया जाए? उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी राज्य के समग्र विकास के लिए काम कर रही हैं, जबकि भाजपा ने 2 करोड़ नौकरियों का वादा किया था, लेकिन वे कहां हैं? उल्टे, उनकी आर्थिक नीतियों से नौकरियां घटी हैं।

एक अन्य सवाल पर, जहां एक महिला छात्रा ने परीक्षा में खराब प्रदर्शन के कारण आत्महत्या करने की कोशिश की, कुणाल घोष ने इसे राजनीतिक मुद्दा बनाने से इनकार किया। उन्होंने कहा, इसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। पुलिस जांच कर रही है। इतने बड़े राज्य और समाज में कभी-कभी ऐसी घटनाएं होती हैं, लेकिन अब पहले के मुकाबले कम हो गई हैं। दूसरे राज्यों से छात्र यहां पढ़ने आ रहे हैं, जो सकारात्मक संकेत है। कुणाल घोष ने समग्र रूप से ममता बनर्जी की सरकार की तारीफ की और कहा कि भाजपा ममता बनर्जी से डरी हुई है, इसलिए इन योजनाओं का विरोध कर रही है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इस स्कीम का लाभ उठाएं और राज्य के विकास में योगदान दें।

# केशपुर में 'भूमिपुत्र प्रत्याशी' पोस्टर से तृणमूल में हलचल

मेदिनीपुर (हि.स.)। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले पश्चिम मेदिनीपुर जिले के केशपुर विधानसभा क्षेत्र में रविवार सुबह 'भूमिपुत्र प्रत्याशी चाहिए' लिखे पोस्टरों ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के भीतर नई हलचल पैदा कर दी है। पोस्टरों में दावा किया गया है कि केशपुरवासियों का एक ही मत- केशपुर विधानसभा में भूमिपुत्र प्रत्याशी चाहिए। साथ ही वर्तमान विधायक शिउली साहा को 'बाहरी' बताया गया है। इसे लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है।

जिला तृणमूल नेतृत्व ने इन पोस्टरों को विपक्ष की साजिश करार दिया है। घाटाल के जिला तृणमूल अध्यक्ष अजीत माईती ने कहा कि पार्टी का कोई कार्यकर्ता इस प्रकार का पोस्टर नहीं लगा सकता। उनके अनुसार, यह विरोधियों की चाल है, जिसका उद्देश्य पार्टी के भीतर मतभेद पैदा करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस तरह की कोशिशों से कोई लाभ नहीं होगा।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम मेदिनीपुर जिले में कुल 15 विधानसभा सीटें हैं। वर्ष 2021 के चुनाव में घाटाल और खड़गपुर को छोड़कर शेष 13 सीटों पर तृणमूल को जीत मिली थी। केशपुर सीट पर वर्ष 2016 और 2021-दोनों चुनावों में शिउली साहा विजयी रहीं। हालांकि 2016 में जहां उन्होंने एक लाख से अधिक मतों के अंतर से जीत दर्ज की थी, वहीं 2021 में यह अंतर घटकर लगभग 20 हजार रह गया।

स्थानीय स्तर पर पार्टी में गुटबाजी की चर्चा पहले भी होती रही है। अतीत में ब्लॉक नेतृत्व और विधायक के बीच मतभेद सार्वजनिक हुए थे। ताजा पोस्टर विवाद ने इन चर्चाओं को फिर हवा दे दी है। केशपुर के तृणमूल नेता एवं जिला परिषद में पार्टी के नेता मोह मद रफीक ने कहा कि पोस्टर किसने लगाए, यह स्पष्ट नहीं है, लेकिन विधानसभा चुनाव में स्थानीय प्रत्याशी होने से बेहतर संदेश जाएगा। हालांकि बाद में उन्होंने कहा कि पार्टी जिसे भी उम्मीदवार बनाएगी, वे उसका समर्थन करेंगे।

रफीक की टिप्पणी पर अजीत माईती ने कहा कि इस विषय पर टिप्पणी करने का अधिकार उन्हें नहीं है और पार्टी उनसे स्पष्टीकरण मांगेगी।

# टॉलीगंज में लग्जरी रेजिडेंशियल बिल्डिंग में आग, कई फिल्मी सितारे सड़क पर उतरे

कोलकाता (आईएएनएस)। रविवार दोपहर को दक्षिण कोलकाता के टॉलीगंज इलाके में एक आलीशान घर में आग लग गई, जिससे वहां रहने वाले बंगाल फिल्म इंडस्ट्री के कई बड़े लोग नीचे सड़क पर आ गए। हालांकि, इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है, जिससे मल्टी-स्टोरी बिल्डिंग काले धुएं से ढक गई। आग डायमंड सिटी रेजिडेंस के टावर 2 में लगी, जहां फिल्म कपल यश और नुसरत, एक्ट्रेस और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) विधायक सायंतिका बनर्जी समेत कई स्टार्स के फ्लैट हैं।

पता चला है कि यश और नुसरत घबराकर अपने बच्चों के साथ नीचे आ गए। वहां रहने वालों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाया गया है। खबर मिलने के बाद फायर की चार गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि आग पांचवीं मंजिल पर लगी थी। हालांकि, जिस कमरे में आग लगी, वहां कोई नहीं था। शुरुआती अंदाजे से लगता है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी। पुलिस और फायर ब्रिगेड को तुरंत इन्फॉर्म किया गया और हालात पर काबू पा लिया गया।

हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन प्रॉपर्टी के बड़े नुकसान का डर है। डर है कि अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो यह फैल सकती थी और बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना से लोकल लोगों में दहशत फैल गई है। जब बनर्जी से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा, मैंने रेजिडेंशियल बिल्डिंग में आग लगने के बारे में सुना। हालांकि, मैं उस समय वहां नहीं था। मैं बारानगर में कैंप में आ गया हूं। मैं ठीक हूं। डायरेक्टर शुभ्राजीत मित्रा, जो उसी बिल्डिंग में रहते हैं, ने घटना के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, मैंने सुना कि पांचवीं मंजिल पर रहने वाले एक व्यक्ति के मंदिर में शिवरात्रि की पूजा हो रही थी। उन्होंने एक दीया जलाया और आरती की। दीया बुझाए बिना, वे यह कहकर नीचे आ गए कि वे घर के मंदिर में शिव पूजा करेंगे। उनकी गैरमौजूदगी में, शायद घर में रखे दीये से आग लग गई।

मित्रा ने आगे कहा, मैं 18वीं मंजिल पर रहता हूं। मेरी मां घर पर बीमार हैं। मुझे उनके साथ नीचे आने में थोड़ा समय लगा क्योंकि लिफ्ट बंद थी।

# पीएम मोदी अगले महीने कोलकाता में करेंगे शक्ति प्रदर्शन

## चुनाव से पहले मेगा रैली की तैयारी

कोलकाता (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में भाजपा की एक विशाल रैली को संबोधित करेंगे। हालांकि रैली की अंतिम तिथि अभी तय नहीं हुई है, लेकिन पार्टी सूत्रों के अनुसार होली के बाद 4 मार्च को इसकी औपचारिक घोषणा की जाएगी। भाजपा के राज्य समिति सदस्य के मुताबिक, चुनाव आयोग भी इसी अवधि में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की मतदान तिथियों की घोषणा कर सकता है। ऐसे में प्रधानमंत्री की रैली की तारीख भी उसी समय घोषित किए जाने की संभावना है। मेगा रैली से पहले भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई



राज्य के विभिन्न संगठनात्मक जिलों में समानांतर रथ यात्राएं निकालेगी। इन यात्राओं का उद्देश्य लोगों को कोलकाता में होने वाली बड़ी रैली के बारे में जागरूक करना और जनसमर्थन बढ़ाना है।

इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी इस महीने के अंत तक पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे। बताया गया है कि उनका दौरा सीमा सुरक्षा बल के आधिकारिक कार्यक्रम से जुड़ा होगा। हालांकि इस यात्रा के दौरान वे भाजपा के राज्य नेतृत्व के साथ एक संगठनात्मक बैठक भी करेंगे, लेकिन फिलहाल उनका कोई सार्वजनिक कार्यक्रम निर्धारित नहीं है। भाजपा का राज्य नेतृत्व विधानसभा चुनाव को लेकर भी तैयारियों में जुटा हुआ है। पार्टी 294 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की सिफारिशों की अंतिम सूची तैयार कर रही है, जिसे केंद्रीय नेतृत्व को भेजा जाएगा। इस बार पार्टी हर विधानसभा क्षेत्र के लिए दो अलग-अलग सूचियां भेजेगी। पहली सूची में तीन पसंदीदा उम्मीदवारों के नाम होंगे, जबकि दूसरी सूची में तीन ऐसे नाम होंगे जिन्हें उम्मीदवार के रूप में प्राथमिकता नहीं दी जाएगी।

पार्टी सूत्रों के अनुसार इस बार उम्मीदवार चयन में खास रणनीति अपनाई जा रही है। भाजपा राज्य इकाई जमीनी स्तर से जुड़े कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देने पर जोर दे रही है, जबकि फिल्मी दुनिया से जुड़े चर्चित चेहरों को कम महत्व दिया जाएगा।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि प्रधानमंत्री की प्रस्तावित रैली और संगठनात्मक गतिविधियां आगामी विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की राजनीतिक दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

# दुर्गापुर के आईक्यू सिटी मेडिकल कॉलेज में फंदे से लटकता छात्र का शव बरामद

आसनसोल (हि.स.)। दुर्गापुर के आईक्यू सिटी मेडिकल कॉलेज में बिहार का मेडिकल छात्र की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गयी। रविवार को आईक्यू सिटी मेडिकल कॉलेज में प्रथम वर्ष का छात्र लावण्य प्रताप (22) का हॉस्टल के बाथरूम में झूलता शव बरामद हुआ।




सूत्रों के अनुसार, मृतक लावण्य प्रताप बिहार के पटना के भोला रोड निवासी थे। लावण्य प्रताप दुर्गापुर की आईटी सिटी मेडिकल कॉलेज में प्रथम वर्ष के छात्र थे। इस वर्ष वार्षिक परीक्षा में बेहतर अंक लावण्य को नहीं मिली थी। शनिवार देर रात हॉस्टल के कमरे के शौचालय गया था। काफी देर तक बाहर नहीं निकलने पर सहयोगियों को संदेह होने पर सूचना पुलिस को दी।

सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पहुंची एवं बाथरूम का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। जहां लावण्य का झूलता शव देख सभी दंग रह गए। रविवार दोपहर डिप्टी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में शव का पोस्टमार्टम किया गया। उसके बाद शव को आसनसोल जिला अस्पताल भेजा गया। बेटे की मौत की खबर पाकर रविवार को पिता और अन्य रिश्तेदार दुर्गापुर पहुंचे।

लावण्य के पिता अनिल राय ने बताया कि शनिवार की देर रात हॉस्टल के सहयोगियों से सूचना मिली। वार्षिक परीक्षा में लावण्य को प्रोजेक्ट में अच्छा नंबर नहीं मिला था।

उस विषय की प्रोजेक्ट के दोबारा जांच करने को लेकर आवेदन किया था। इससे ज्यादा कुछ उनको नहीं पता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

# जंगलमहल में माओवादी नामांकित पोस्टर से सनसनी

## चुनाव से पहले सुरक्षा एजेंसियां सतर्क

पुरूलिया (हि.स.)। जंगलमहल इलाके में माओवादी (माओबादी) नाम से लगाए गए पोस्टरों को लेकर रविवार को इलाके में हड़कंप मच गया। सफेद कागज पर लाल स्याही से लिखे इन पोस्टरों के सामने आने से, खासकर आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर, सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ गई है। इन पोस्टरों में तृणमूल कांग्रेस के कुमड़ा क्षेत्र अध्यक्ष भवतोष दास समेत कुल आठ लोगों के नाम लिखे गए हैं। पोस्टर में इन सभी को चेतावनी देते हुए कहा गया है कि उनके खिलाफ जन-अदालत में सुनवाई होगी। साथ ही पंचायत परियोजनाओं में भ्रष्टाचार और नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे लेने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए गए हैं।

जानकारी के अनुसार, रविवार तड़के बांदोवान थाना अंतर्गत कुमड़ा इलाके में तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय पार्टी कार्यालय और यजपुर प्राथमिक विद्यालय की दीवारों पर माओवादी नामांकित कई पोस्टर चिपकाए गए थे।

सुबह स्थानीय लोगों की नजर इन पोस्टरों पर पड़ी, तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी पोस्टरों को जब्त कर लिया। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। बांदोवान थाना पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले गणतंत्र दिवस के दिन भी बांकुड़ा जिले के विभिन्न इलाकों में माओवादी नामांकित पोस्टर मिले थे। सोमवार सुबह तालडांगरा और ओंदा थाना इलाकों में कहीं पेड़ों के तनों पर तो कहीं बस स्टॉपेज की दीवारों पर ऐसे ही पोस्टर पाए गए थे। उन पोस्टरों में कथित तौर पर मारे गए माओवादी नेता हिडमा को श्रद्धांजलि दी गई थी।

लगातार इस तरह के पोस्टर सामने आने से जंगलमहल क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। पुलिस और खुफिया एजेंसियां यह जांच कर रही हैं कि यह किसी संगठन की सक्रियता है या फिर माहौल बिगाड़ने की कोशिश है।

## अंकजाल - 8355

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 16 | 20 | 25 | ■ | 19 | 21 | 16 | 20 | ■ |
| 13 | 2 | | 6 | ■ | 4 | | 8 | | 27 |
| 18 | | 4 | | ■ | | 7 | | 8 | 22 |
| 15 | 7 | | 3 | ■ | 2 | | 3 | | 16 |
| 27 | | 6 | | 9 | | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | | 8 | | 2 | | 29 |
| 26 | | 5 | | 7 | ■ | 6 | | 5 | 15 |
| 16 | 2 | | 6 | | ■ | | 8 | | 23 |
| 23 | | 8 | | 4 | ■ | 6 | | 7 | 21 |
| ■ | 15 | 18 | 18 | 30 | ■ | 28 | 22 | 23 | ■ |

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

### अंकजाल 8354 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 14 | 21 | 21 | ■ | 32 | 21 | 12 | 19 | ■ |
| 12 | 2 | 7 | 3 | ■ | 4 | 5 | 4 | 9 | 22 |
| 14 | 2 | 7 | 5 | ■ | 8 | 7 | 5 | 3 | 23 |
| 16 | 8 | 2 | 6 | ■ | 7 | 9 | 3 | 7 | 26 |
| 21 | 2 | 5 | 7 | 2 | 5 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 29 |
| 26 | 8 | 5 | 6 | 7 | ■ | 3 | 6 | 4 | 13 |
| 18 | 5 | 2 | 5 | 6 | ■ | 3 | 4 | 7 | 14 |
| 29 | 8 | 8 | 5 | 8 | ■ | 4 | 6 | 8 | 18 |
| ■ | 21 | 15 | 16 | 30 | ■ | 19 | 18 | 22 | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 8256

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मं | स | दौ | ल | त | की | जं | ग | ल | ल्ली | क |
| ग | क | ह | ग | ला | अ | बा | जी | ग | झ | क |
| ल | क | ल | म | ह | झ | पू | ना | ण | घ | को |
| पां | इ | ल | म | हैं | प | ल | रं | र | ला | ल |
| डे | श्क | ल | प | नु | रा | उ | गी | ण | घ | म |
| ती | दा | ल | श | सं | प | ही | ला | कौ | ला | ल |
| क | बा | या | र | मे | रा | क | प्या | या | श | गा |
| क | द | ल | गु | ला | म | स | रा | र | प | न |
| क | र | ल | प | व | जी | ना | ल | ओ | के | दों |
| क | क | ल | प | द | या | दि | व्य | ब | प | या |
| जी | जिं | ल | प | रा | ख | उ | द्वा | ण | घ | म |

*शब्द जाल में आमिर खान की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

लगान, मंगल पांडे, हम हैं राही प्यार के, बाजी, रंगीला, इश्क, गुलाम, दौलत की जंग, राख, दिल.

### शब्दजाल - 8255 का हल



## काकुरो पहेली - 7362



*खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.*

उदाहरणतः




### काकुरो - 7361 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 7184

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

### सूडोकु नवताल -7183 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## शब्द पहेली - 8735



**बाएँ से दाएँ**

*1.खटपट,ठनाठनी-4*
*4.पंजाब की एक नदी-4*
*6.चित्रकमेल,लम्बी गर्दनवाला पशु-3*
*8.दंड,दम,शामन-3*
*9.धरा,भूमि-3*
*11.शासन व्यवस्था,रहस्य-2*
*13.नवचंद्राकार-5*
*15.अकेला-2*
*16.दया,करुणा-3*
*18.बंदर का खेल दिखाने वाला-3*
*19.देवर्षि,देवमुनि-3*
*20.सब्जी,भाजी-4*
*22.कुंए पर पानी भरने का चबूतरा-4*

**ऊपर से नीचे**

*1.गुनाह,दोष,जुर्म-3*
*2.अपराधमुक्त,निवृत्त-2*
*3.सौत,दूसरी स्त्री-3*
*4.होशियार,गुणवान-5*
*5.भूकम्प-4*
*7.भेद,तुलना-3*
*10.परिचर्या-5*
*12.स्वभाव-4*
*14.स्थित होना-3*
*17.श्मशान-4*
*18.गृह,भवन-3*
*21.जीवन,जीव, स्फूर्ति-2*

### शब्द पहेली -8734 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

# सीएम नीतीश कुमार ने कुर्जी और आनंदपुरी नाला निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

पटना (हि.स.)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को राजधानी पटना के

### अधिकारियों को दिया निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश

आशियाना-दीघा रोड स्थित राजीव नगर के पास निर्माणाधीन कुर्जी नाला (राजीव नगर नाला) और आनंदपुरी नाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत नाले का पक्कीकरण किया जा रहा है और उसके ऊपर सड़क का निर्माण भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के पूर्ण होने से शहर में जलजमाव की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी। साथ ही, नाले के ऊपर टू-लेन सड़क बनने से लोगों को बेहतर और सुगम यातायात की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे शहर अधिक साफ-सुथरा और व्यवस्थित नजर आएगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अपनी 'प्रगति यात्रा' के दौरान 21 फरवरी 2025 को उन्होंने पटना जिले में कई विकास योजनाओं की घोषणा की थी। उसी दौरान आनंदपुरी नाला और कुर्जी नाला का निरीक्षण किया गया था, जहां स्थानीय लोगों ने जलजमाव और आवागमन से जुड़ी समस्याओं को उठाया था। इसके बाद उन्होंने नालों के पक्कीकरण और उनके ऊपर सड़क निर्माण का निर्देश दिया था, जिस पर अब कार्य तेजी से चल रहा है। उल्लेखनीय है कि राजीव नगर नाला पटना शहर की जल निकासी व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसकी कुल लंबाई 4.26 किलोमीटर है, जो दीघा आशियाना रोड से शुरू होकर कुर्जी ड्रेनेज पम्पिंग स्टेशन तक जाती है। इस नाले का पक्कीकरण और इसके ऊपर सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है।

इसी प्रकार, आनंदपुरी नाला भी शहर की जल निकासी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसकी लंबाई लगभग 4 किलोमीटर है, जो बाबा चौक से शुरू होकर अटल पथ और एएन कॉलेज के पास से होते हुए राजापुर पुल ड्रेनेज पम्पिंग स्टेशन तक जाता है। इस नाले का भी पक्कीकरण और उसके ऊपर सड़क निर्माण किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्य को तय समयसीमा में पूरा किया जाए, ताकि पटना के लोगों को जल्द से जल्द जलजमाव से राहत और बेहतर यातायात सुविधा का लाभ मिल सके।

# पूर्व मंत्री और झामुमो नेता दुलाल भुइयां समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल



रांची (आईएएनएस)। झारखंड के पूर्व मंत्री और झामुमो के वरिष्ठ नेता दुलाल भुइयां ने रविवार को अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण कर ली।

रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित भव्य मिलन समारोह में प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहु और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें पार्टी का पटका और माला पहनाकर स्वागत किया।

दुलाल भुइयां ने भाजपा में शामिल होने को भुइयां समाज का सर्वसम्मत निर्णय बताते हुए कहा कि वे अब जीवन पर्यंत भाजपा नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दलित समाज को सम्मान और न्याय दिया है, इसलिए वे पार्टी के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। तीन बार के विधायक रह चुके दुलाल भुइयां ने कहा कि पार्टी की ओर से दी जाने वाली हर जिम्मेदारी का वह पूरी निष्ठा के साथ निर्वाह करेंगे। समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि भाजपा परिवार नहीं, बल्कि विचार की पार्टी है, जिसका लक्ष्य अंत्योदय और दलित, शोषित, वंचित तथा पिछड़े समाज के उत्थान का संकल्प है।

उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गांव, गरीब और किसान को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम कर रही है। साहू ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने दलित और आदिवासी समाज को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया, जबकि भाजपा ने उन्हें सम्मान देने का काम किया।

उन्होंने कहा कि राज्य की वर्तमान सरकार में दलितों के साथ अन्याय हो रहा है और कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है। निकाय चुनाव का जिक्र करते हुए उन्होंने भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की बड़ी जीत का दावा किया।

पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि दुलाल भुइयां केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि दलित समाज की आवाज हैं। उनके भाजपा में आने से पार्टी की पकड़ समाज के अंतिम पायदान तक मजबूत होगी। उन्होंने झामुमो पर राज्य के आम लोगों के हितों की उपेक्षा का आरोप लगाया। समारोह में दुलाल भुइयां के अलावा 200 से भी अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता हासिल की।

# पिपरा के रामनगर में भीषण अगलगी, पांच घर जलकर राख, किशोर झुलसा

सुपौल (हि.स.)। जिला स्थित पिपरा थाना क्षेत्र के रामनगर पंचायत वार्ड संख्या 16 में देर रात भीषण अगलगी की घटना में अलग-अलग परिवारों के पांच घर जलकर राख हो गए। आग की चपेट में आने से घरों में रखा फर्नीचर, अनाज, कपड़े, बक्से और जरूरी कागजात सहित लाखों रुपये की संपत्ति नष्ट हो गई। घटना में एक किशोर झुलस गया, जिसका इलाज सुपौल सदर अस्पताल में चल रहा है।

गृहस्वामी पृथी तांती और शिवनारायण तांती ने बताया कि अलाव से अचानक आग भड़क उठी। परिवार के लोग सोए हुए थे, गर्मी महसूस होने पर नींद खुली तो घर धू-धू कर जल रहा था। शोर मचाने पर आसपास के लोग जुटे लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थीं कि देखते ही देखते पड़ोसी घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। नटाय तांती, वीरेन तांती और कैलू तांती के घरों में रखा सामान भी जलकर राख हो गया। अनुमान है कि घटना में पांच लाख रुपये से अधिक की क्षति हुई है।

सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची, लेकिन तब तक अधिकांश सामान जल चुका था। इस घटना में वीरेन तांती का 15 वर्षीय पुत्र अमरजीत कुमार झुलस गया, जिसे इलाज के लिए सुपौल सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना की जानकारी मिलने पर उमा कुमारी अंचलाधिकारी, पिपरा) मौके पर पहुंचीं और पीड़ित परिवारों को तत्काल राहत स्वरूप प्लास्टिक शीट और कंबल उपलब्ध कराया। उन्होंने बताया कि पीड़ितों से आवेदन मांगा गया है, सरकारी नियमानुसार सहायता राशि दी जाएगी।

# नाले से शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

धनबाद (हि.स.)। धनबाद के बैंक मोड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पंडरपाला स्थित राजेंद्र ग्राउंड के समीप रविवार सुबह नाले से पुलिस ने एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया है। देखते ही देखते आसपास लोगों की भीड़ जुट गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी बैंक मोड़ पुलिस को दी।

जानकारी मिलते ही बैंक मोड़ पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नाले से बाहर निकलवाया और जांच पड़ताल में जुट गई। मृतक की पहचान पंडरपाला निवासी आफताब खान (45) के रूप में हुई है। पहचान होने के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी।

मौके पर पहुंचे मृतक के छोटे भाई अनवर खान ने बताया कि आफताब की मानसिक स्थिति लंबे समय से ठीक नहीं थी और उनका इलाज चल रहा था। वह अक्सर घर से निकलकर इधर-उधर भटक जाते थे। पिछले दो दिनों से वह घर नहीं लौटे थे।

वहीं बैंक मोड़ थाना के एसआई सुनील कुमार रवि ने बताया कि राजेंद्र ग्राउंड के पास नाले में शव पड़े होने की सूचना प्राप्त हुई थी।

पहचान के बाद परिजनों को बुलाया गया। स्थानीय लोगों एवं परिजनों ने भी बताया कि मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ थे। प्रथम दृष्टया आशंका है कि भटकते हुए वह नाले की ओर चले गए होंगे और संभवतः फिसलकर गिरने से उनकी मौत हो गई।

फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

# महाशिवरात्रि पर बाबा बैद्यनाथ धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

देवघर (हि.स.)। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर झारखंड के देवघर स्थित विश्वप्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में रविवार सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सरकारी पूजा संपन्न होने के बाद सुबह लगभग 4:30 बजे मंदिर का पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया, जिसके बाद भक्तों ने कतारबद्ध तरीके से बाबा पर जल अर्पित करना शुरू किया।



पूरा देवघर हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान हो उठा है। श्रद्धालु बीएड कॉलेज, तिवारी चौक, शिवरामझा चौक, नेहरू पार्क और क्यू कॉम्प्लेक्स होते हुए सुव्यवस्थित कतार में आगे बढ़ रहे हैं और सुगमता से जलार्पण कर रहे हैं। मंदिर परिसर और आसपास का पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर है।

श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने पहले से ही व्यापक तैयारियां कर ली थीं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सूचना केंद्र, शौचालय, पेयजल व्यवस्था और बैरिकेडिंग की समुचित व्यवस्था की गई है। साथ ही, मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की गई है, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था या भगदड़ की स्थिति उत्पन्न न हो।

महाशिवरात्रि के अवसर पर वीवीआईपी और आउट ऑफ टर्न दर्शन पर पूर्ण रूप से रोक लगा दी गई है, जिससे कि सभी श्रद्धालुओं को समान रूप से दर्शन और जलार्पण का अवसर मिल सके। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को भीड़ प्रबंधन पर लगातार नजर रखने और श्रद्धालुओं को सुरक्षित व सुगम दर्शन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सौरभ, उप-विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, देवघर के अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार सहित अन्य प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद रहे और व्यवस्थाओं का लगातार जायजा लेते रहे।

# रामविलास को 'बेचारा' कहने पर भड़के लोजपा (आर) के कार्यकर्ता, तेजस्वी यादव का पुतला फूंका




पटना (आईएएनएस)। राजद के एक नेता द्वारा लोजपा के संस्थापक और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान को 'बेचारा' कहे जाने को लेकर लोजपा (रामविलास) समर्थक गुस्से में हैं।

पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं ने रविवार को पटना के कारगिल चौक पर जमकर प्रदर्शन किया और राजद नेता व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का पुतला भी जलाया।

लोजपा (आर) के नेताओं का आरोप है कि बिहार विधानसभा में राजद के विधायक ने स्वर्गीय रामविलास पासवान का अपमान किया है। इसी के विरोध में आज हम लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। इस मौके पर मौजूद सांसद और प्रदेश संगठन प्रभारी अरुण भारती ने कहा कि बिहार विधानसभा में राजद के विधायक ने हमारे नेता स्वर्गीय रामविलास पासवान को लेकर जो बयान दिया है, वह कहीं से सही नहीं है।

राजद के लोग लगातार दलितों और गरीबों का अपमान करते हैं।

उन्होंने कहा कि इसको लेकर जब तक सदन के अंदर तेजस्वी यादव माफी नहीं मांगेंगे, तब तक हम लोगों का विरोध जारी रहेगा।

इधर, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने कहा कि ऐसे ही राजद के नेताओं के बयान के कारण पार्टी आज हाशिये पर आ गई है। हमारी पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता अपने नेता का अपमान नहीं सह सकता है। रामविलास पासवान ने समाज के हर वर्ग के लिए काम किया और उन्हें इस तरह के अपमानजनक शब्दों से संबोधित करना उचित नहीं है।

बता दें कि विधानसभा के बजट सत्र के दौरान राजद के विधायक कुमार सर्वजीत ने रामविलास पासवान के लिए 'बेचारा' शब्द का इस्तेमाल किया था, जिसे लेकर पार्टी के नेता आपत्ति जता रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पार्टी के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भी शनिवार को इस बयान को लेकर राजद को निशाने पर लिया था और कहा था कि ऐसे बयानों को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

# जेल से बाहर आए सांसद पप्पू यादव, समर्थकों में खुशी की लहर

कटिहार (नि.सं)। पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को जमानत मिलने के बाद जेल से रिहा कर दिया गया। उनकी रिहाई की खबर मिलते ही समर्थकों और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। जगह-जगह मिठाइयां बांटी गईं और समर्थकों ने इसे सत्य की जीत बताया। सांसद प्रतिनिधि नैयर मसूद खान ने न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं। उन्होंने कहा कि काफी प्रयास किए गए कि सांसद को साजिश के तहत जेल में ही रखा जाए ताकि वे जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से न उठा सकें, किंतु अंततः न्याय की जीत हुई और उन्हें जमानत मिल गई। नैयर मसूद खान ने कहा कि पूरे बिहार में समर्थकों के बीच उत्साह का माहौल है। लोग लगातार दुआ कर रहे थे कि सांसद को शीघ्र जमानत मिले और वे जनता के बीच लौटें। उन्होंने कहा कि सांसद की प्राथमिकता हमेशा से जनता की आवाज उठाना और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करना रही है। रिहाई के बाद समर्थकों ने इसे लोकतंत्र और न्यायपालिका पर विश्वास की जीत बताया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि अब सांसद पहले की तरह जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाएंगे और क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देंगे।

# जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में उद्योग संवाद आयोजित

किशनगज (नि.सं)। जिला उद्योग केंद्र किशनगंज में आज जिला पदाधिकारी श्री विशाल राज की अध्यक्षता में उद्योग संवाद का आयोजन किया गया। उक्त उद्योग संवाद का उद्देश्य जिले में औद्योगिक विकास को गति देना, स्थानीय उद्यमियों की समस्याओं को सुनना तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न औद्योगिक योजनाओं की जानकारी प्रदान करना रहा।




उद्योग संवाद के दौरान जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा उद्यमियों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उनके द्वारा उठाए गए सुझावों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन उद्योगों के अनुकूल वातावरण सृजित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ सकें।

बैठक में औद्योगिक निवेश, स्वरोजगार, ऋण सुविधा, प्रशिक्षण, भूमि उपलब्धता, आधारभूत संरचना तथा विभागीय समन्वय से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उद्योग संवाद में जिला उद्योग केंद्र के पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि एवं जिले के उद्यमीगण उपस्थित रहे।

# महाकाल गुफा में किशनगंज महाकाल सेवा समिति द्वारा विशाल लंगर आयोजित

किशनगंज (नि.सं)। भारत-भूटान सीमा पर स्थित अलीपुरद्वार के जोड़ा पहाड़ पर महाशिवरात्रि के पावन मौके पर अटूट आस्था का नजारा देखने को मिला। दुर्गम जंगलों और पहाड़ियों के बीच स्थित महाकाल बाबा की गुफा का पट हर वर्ष महाशिवरात्रि में केवल तीन दिनों के लिए खुलते हैं।



यहाँ लाखों शिवभक्त लंबी वाहन यात्रा के बाद लगभग 22,000 फीट की कठिन चढ़ाई पैदल तय कर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने पहुँचे।

इस वर्ष की सबसे विशेष बात सांप्रदायिक सौहार्द रही, जहाँ किशनगंज के जिला परिषद सदस्य नासिक नादिर सहित कई मुस्लिम भक्तों ने भी कठीन चढ़ाई कर बाबा महाकाल के दरबार में मत्था टेका।

जहां, निःस्वार्थ सेवा का संकल्प पिछले 15 वर्षों की भांति इस वर्ष भी किशनगंज महाकाल सेवा समिति द्वारा विशाल लंगर का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष सुचित सिंह राणा ने बताया कि सैकड़ों सदस्यों के सहयोग से भक्तों के लिए निःशुल्क भोजन, नाश्ता, चाय और दवाइयों की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सेवा समिति दिन-रात जनसेवा में जुटी है जहां सेवा समिति के अध्यक्ष सुचित सिंह रणा, भजन दा, रतन साहा, मिसटु अग्रवाल, सुबोजित शेखर, मुकेश कुमार, पंकज पोद्दार पद्दार, आदि सदस्य मौजूद थे।

# धोनी की कप्तानी खत्म करने का फैसला बीसीसीआई का था

## चयनकर्ताओं ने कहा-अब बदलाव का समय, धोनी ने खुद लिखा, मैं पद छोड़ना चाहता हूं

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** महेंद्र सिंह धोनी ने साल 2017 में टी-20 और वनडे की कप्तानी खुद नहीं छोड़ा था, बल्कि सिलेक्शन कमेटी ने उन्हें कप्तानी छोड़ने का सुझाव दिया था। चयनकर्ताओं ने धोनी से यह भी कहा था कि वे लिखित में मेल में अपना इस्तीफा दें ताकि ट्रांजिशन को औपचारिक रूप दिया जा सके। पूर्व चयनकर्ता जतिन परांजपे ने 'द ग्रेट इंडियन क्रिकेट शो' में बताया कि उस समय के मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद ने धोनी से




इस विषय पर बातचीत की थी। धोनी ने 2014 में टेस्ट कप्तानी पहले ही छोड़ दी थी, लेकिन 2017 वह साल था जब विराट कोहली को तीनों फॉर्मेट की कमान सौंपी गई थी4 जनवरी 2017 को एमएस धोनी ने वनडे और टी20 कप्तानी छोड़ दी थी।

**धोनी ने बिना किसी विरोध के फैसले पर सहमति जताई** - पूर्व चयनकर्ता जतिन परांजपे ने 'द ग्रेट इंडियन क्रिकेट शो' में बताया कि वह और उस समय के मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद नेट्स में बल्लेबाजी कर रहे धोनी से मिलने पहुंचे। उन्होंने सम्मान के साथ कहा कि अब बदलाव का समय आ गया है। धोनी ने बिना किसी विरोध के फैसले पर सहमति जताई और कहा कि यह सही निर्णय है।उन्होंने एमएसके से कहा, अन्ना, यह बिल्कुल सही फैसला है। मुझे बताइए कि आपको मुझसे क्या चाहिए। एमएसके ने उनसे कहा कि आपको लिखकर देना होगा कि आप आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। इस पर उन्होंने कहा, ठीक है, मैं कर दूंगा।

### देर रात धोनी की ओर से ईमेल आया

परांजपे के मुताबिक, देर रात धोनी की ओर से ईमेल आया मैं पद छोड़ना चाहता हूं। इस फैसले की आलोचना भी हुई, लेकिन चयनकर्ताओं ने इसे टीम के भविष्य के लिए जरूरी बताया। परांजपे ने यह भी बताया कि धोनी ने विराट कोहली को पूरा समर्थन देने का भरोसा दिया था। उन्होंने कहा, चिंता मत करो। मैं विराट के साथ पूरी तरह काम करूंगा। वह मेरे भाई जैसा है। मैं उसके लिए जो भी जरूरी होगा, करूंगा। मेरा जितना भी अनुभव है, मैं उसे दूंगा। और हम एक अच्छी टीम बनाएंगे।

### धोनी सभी आईसीसी खिताब हासिल कर चुके थे

उस समय धोनी 35 साल के थे। वह 2007 का पहला टी20 वर्ल्ड कप, 2011 का वनडे वर्ल्ड कप और 2013 की चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर सभी आईसीसी खिताब हासिल कर चुके थे।

टी20 वर्ल्ड कप 2026

# वेस्टइंडीज सुपर-8 में पहुंचने वाली पहली टीम, नेपाल समेत दो टीमें बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज ने नेपाल को टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 25वें मैच में 9 विकेट से हराया और दीपेंद्र सिंह ऐरी की अर्धशतकीय पारी बेकार चली गई। वेस्टइंडीज सुपर-8 में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। जेसन होल्डर ने चार विकेट लेकर 2 बार की चैंपियन टीम को तीसरी जीत दिलाने में मदद की। वानखेड़े स्टेडियम में रविवार (15 फरवरी) को पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल ने 8 विकेट पर 133 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने 15.2 ओवर में 1 विकेट 134 रन बनाए। इस तरह से नेपाल लगातार तीसरा मैच हारकर टी20 वर्ल्ड कप से बाहर होने वाली दूसरी टीम बन गई। इसके अलावा ग्रुप बी से ओमान तीन मैच हारकर सुपर-8 की रेस से बाहर हो गई है।




पहले बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल की टीम लय में दिखी ही नहीं। ओपनर कुशल भुर्तेल पहले ही ओवर में आउट हो गए। कप्तान रोहित पौडेल जल्द ही 5 रन पर एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। सातवें ओवर तक नेपाल का स्कोर 4 विकेट पर 23 रन हो गया। इसके बाद ऐरी ने निचले मध्यक्रम के साथ मिलकर टीम को संभाला। मैथ्यू फोर्ड ने लगातार चार ओवर फेंके और नेपाल पर लगातार दबाव बनाए रखा।

### होप ने 15वें ओवर में दो छक्के मारकर अर्धशतक पूरा किया

किंग पावरप्ले के आखिरी ओवर में मिडऑन पर आउट हो गए और 44 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप खत्म कर दी, लेकिन वेस्टइंडीज को नेपाल परेशान नहीं कर सका कि वह मोमेंटम अपने पक्ष में कर सके। शिमरोन हेटमायर ने संदीप लामिछाने से निपटे और बाउंड्री लगाते रहे। इसमें लेग स्पिनर के खिलाफ आगे बढ़कर लॉन्ग ऑन पर छक्का लगाना भी था। होप ने भी 15वें ओवर में लामिछाने के दो छक्के मारकर अपना अर्धशतक पूरा किया।

### नेपाल ने तीन ओवर में 44 रन बनाए

लोकेश बाम और गुलशन झा के साथ ऐरी ने अच्छी साझेदारी करके नेपाल की पारी को संभाला। उन्होंने स्पिनरों के खिलाफ जोखिम उठाया, लेकिन डेथ ओवर में गियर बदला और ऐरी और सोमपाल कामी ने तेज गेंदबाजों पर अटैक किया। 18वें ओवर में कामी ने होल्डर की गेंद पर लगातार तीन बाउंड्री लगाई और ऐरी ने अगले ओवर में शमर जोसेफ की गेंद पर दो छक्के मारे। तीन ओवर में 44 रन बने। होल्डर ने आखिरी ओवर में शानदार गेंदबाजी की। उनकी यॉर्कर असरदार साबित हुईं और उन्होंने दो विकेट लिए।

### पांचवें ओवर में किंग ने कामी को तीन चौके मारे

वेस्टइंडीज को रन चेज में ज्यादा मुश्किल नहीं हुई। गेद रुक रही थी, लेकिन शॉट लगाना आसान था। ब्रैंडन किंग ने पहली गेंद पर कवर-पॉइंट की तरफ बाउंड्री लगाकर शुरुआत की। ज्यादा रिस्क लिए बिना वेस्टइंडीज के ओपनर हर ओवर में कम से कम एक बाउंड्री लगाने में कामयाब रहे। पांचवें ओवर में किंग ने कामी को तीन चौके मारे और जीत की नींव रखी।

# वृंदा के तूफान में उड़ा पाक

## भारत ने पाकिस्तार को 8 विकेट से हराया

महिला राइजिंग स्टार्स एशिया कप

भारत ए बनाम पाकिस्तान ए

- पहली गेंद पर विकेट गिरने के बाद संभली पारी
- सिर्फ 10.1 ओवर में ही हासिल किया लक्ष्य

**जर्काता, एजेंसी।** एसीसी वूमेन्स राइजिंग स्टार्स एशिया कप 2026 में इंडिया ए ने पाकिस्तान ए को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी है। बैंकॉक में खेले गए इस मुकाबले में वृंदा दिनेश ने बल्ले से तबाही मचाते हुए टीम को एकतरफा जीत दिलाई। इससे पहले टीम इंडिया को अपने पहले ही मैच में यूएई के हाथों हैरान करने वाली हार मिली थी, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ टीम ने जबरदस्त वापसी की। भारतीय टीम ने 93 रनों के लक्ष्य को सिर्फ 10.1 ओवर में हासिल कर लिया और टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की।

### वृंदा दिनेश का शानदार अर्धशतक

वृंदा दिनेश ने इस मैच में कमाल की बैटिंग की। उन्होंने पाकिस्तान के गेंदबाजों की जमकर खबर ली और मैदान के चारों तरफ शॉट लगाए। वृंदा ने सिर्फ 29 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 55 रन बनाए। अपनी इस पारी में उन्होंने 12 शानदार चौके लगाए। वृंदा का आक्रामक अंदाज ऐसा था कि उन्होंने अपना अर्धशतक सिर्फ 25 गेंदों में ही पूरा कर लिया था। जब वो 50 रन के आंकड़े पर पहुंची तब तक उनके बल्ले से 11 चौके निकल चुके थे। उनकी इस तेज तर्रार पारी की बदौलत ही इंडिया ने टारगेट को बहुत जल्दी हासिल कर लिया।

### पहली गेंद पर विकेट गिरने के बाद संभली पारी

पाकिस्तान के 93 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया की शुरुआत बेहद खराब रही थी। पारी की पहली ही गेंद पर ओपनर हुमैरा काजी आउट हो गई। उन्हें पाकिस्तान की बॉलर वहीदा ने पवेलियन भेज दिया। हालांकि इस शुरुआती झटके का असर बाकी बैटर पर नहीं दिखा। वृंदा और अनुष्का ने मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। अनुष्का ने भी टिक कर बैटिंग की और 26 गेंदों पर 24 रन बनाए। उन्होंने वृंदा का अच्छा साथ दिया।

### सिर्फ 10.1 ओवर में ही हासिल किया लक्ष्य

इंडिया ए के बैटर इतने आक्रामक मूड में थे कि उन्होंने मैच को जल्द से जल्द खत्म कर दिया। टीम ने 9वें ओवर में ही 2 विकेट खोकर 81 रन बना लिए थे। उस समय टीम जीत से सिर्फ 13 रन दूर थी। अनुष्का को पाकिस्तान की बॉलर मोमिना ने आउट किया, लेकिन तब तक इंडिया जीत के करीब पहुंच चुका था। अंत में इंडिया ने 10।1 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया और पाकिस्तान को 8 विकेट से धूल चटा दी। पाकिस्तान की तरफ से वहीदा और मोमिना को 1-1 विकेट मिला।



55* (29)

# साउथ अफ्रीका जीता, ऑस्ट्रेलिया की मुश्किलें बढ़ी

### मार्कराम ने रचा इतिहास, रोहित की एलीट लिस्ट में शामिल

**मुंबई (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ धमाकेदार पारी खेलकर इतिहास रच दिया। मार्करम ने सिर्फ 19 गेंदों में अर्धशतक जड़ते हुए न सिर्फ टीम को जीत दिलाई, बल्कि टी20 वर्ल्ड कप में सबसे तेज फिफ्टी लगाने वाले कप्तानों की एलीट लिस्ट में जगह बना ली।

मार्करम टी20 वर्ल्ड कप में 19 गेंदों पर अर्धशतक लगाने वाले कप्तानों की सूची में शामिल हो गए। इस लिस्ट में अब उनके साथ- रोहित शर्मा (भारत) - 19 गेंद, दासुन शनाका (श्रीलंका) - 19 गेंद, इसके अलावा मोहम्मद अशरफुल (20 गेंद, 2007) और महेला जयवर्धने (21 गेंद, 2007) भी इस सूची में शामिल हैं। मार्करम टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में यह कारनामा करने वाले पहले दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज बने। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी।



**कोलंबो (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज के 24 मुकाबले खेले जा चुके हैं। 6 दिन में 16 मैच और बचे हैं। अब तक किसी भी टीम ने सुपर-8 में जगह नहीं बनाई, लेकिन शनिवार को साउथ अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को हराकर अपनी पोजिशन लगभग कन्फर्म कर ली। अफगानिस्तान का क्वालिफाई कर पाना मुश्किल है, वहीं ओमान एलिमिनेट होने वाली पहली टीम बन गई।

### ग्रुप-ए- भारत-पाकिस्तान के पास क्वालिफिकेशन का मौका

ग्रुप-ए में मेजबान भारत और 2009 की चैंपियन पाकिस्तान के अलावा अमेरिका, नीदरलैंड और नामीबिया हैं। भारत और पाकिस्तान 2-2 मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल में टॉप-2 पोजिशन पर हैं। आज दोनों के बीच होने वाला मैच जीतने वाली टीम सुपर-8 में अपनी जगह लगभग कन्फर्म कर लेगी। वहीं हारने वाली टीम को आखिरी दोनों मैच जीतने ही होंगे।

इस ग्रुप में नामीबिया दोनों मैच हार चुकी है, टीम ने एक और मुकाबला गंवाया तो एलिमिनेट हो जाएगी। अमेरिका और नीदरलैंड भी 2-2 मैच हार चुकी है, इन्हें भी क्वालिफाई करने के लिए आखिरी मुकाबले जीतने ही होंगे। दोनों टीमें 1-1 जीत के साथ तीसरे और चौथे नंबर पर हैं।

### ग्रुप-बीः ऑस्ट्रेलिया की मुश्किलें बढ़ीं

ग्रुप-बी की सिचुएशन इस समय सबसे ज्यादा मजेदार है।होम टीम श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया को हराने वाली जिम्बाब्वे 2-2 जीत के साथ टॉप-2 पोजिशन पर हैं।ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका के खिलाफ एक मैच खेलना है, यहां अगर कंगारू टीम हार गई तो उनका अगले राउंड में पहुंचना नामुमकिन सा हो जाएगा।क्योंकि जिम्बाब्वे फिर आयरलैंड को हराकर ही सुपर-8 में पहुंच जाएगी।
श्रीलंका का एक मैच जिम्बाब्वे के खिलाफ भी है, इसे जीतने वाली टीम अपनी जगह अगले राउंड में कन्फर्म कर लेगी।ऑस्ट्रेलिया को ओमान से भी भिड़ना है, लेकिन उन्हें क्वालिफाई करने के लिए आखिरी दोनों मैच जीतने होंगे।ओमान 3 मैच हारकर बाहर हो चुकी है।आयरलैंड 2 मैच हार चुकी है, टीम का क्वालिफाई कर पाना बेहद मुश्किल है।उनका आखिरी मैच जिम्बाब्वे से होगा।

### ग्रुप-सीः इंग्लैंड को सभी मैच जीतने होंगे

2-2 बार की चैंपियन इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के अलावा इस ग्रुप में स्कॉटलैंड, इटली और नेपाल भी हैं।दोनों वर्ल्ड चैंपियन टीमें 2-2 मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल में शुरुआती 2 पोजिशन पर हैं।इंग्लैंड को इकलौती हार विंडीज से ही मिली। अब इंग्लिश टीम को क्वालिफाई करने के लिए इटली के खिलाफ आखिरी मैच जीतना ही होगा।वेस्टइंडीज को इटली और नेपाल से भिड़ना है, दोनों मुकाबले जीतकर टीम नंबर-1 पर रहकर फिनिश करेगी।स्कॉटलैंड और नेपाल ने 1-1 मैच और गंवाया तो टीमें अगले राउंड से बाहर हो जाएंगी।इटली को 1 जीत और 1 हार मिली है।

### ग्रुप-डीः अफगानिस्तान बाहर, अफ्रीका की राह आसान

टूर्नामेंट का सबसे मुश्किल ग्रुप यही था।इसमें 2024 की फाइनलिस्ट साउथ अफ्रीका, 2021 की रनर-अप न्यूजीलैंड और 2024 की सेमीफाइनलिस्ट अफगानिस्तान की टीमें थीं।अफगानिस्तान ने कीवी और प्रोटियाज टीम के खिलाफ अपने दोनों मैच गंवा दिए।अब उन्हें क्वालिफाई करने के लिए आखिरी दोनों मैच जीतने के साथ न्यूजीलैंड के हारने की दुआ भी करनी होगी।

# मैच से पहले: पाकिस्तानी खेमे में घुसा सांप, स्टेडियम में मचा हड़कंप

**कोलंबो (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले हाई-वोल्टेज मुकाबले से पहले एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में पाकिस्तान टीम के डगआउट में करीब छह से साढ़े छह फुट लंबा सांप दिखाई देने से कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई। इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था को तुरंत सक्रिय कर दिया। हालांकि स्थिति को जल्द ही नियंत्रित कर लिया गया, लेकिन इस वाक्य ने रोमांचक मुकाबले से पहले माहौल और भी गर्म कर दिया है।

**प्रेमदासा स्टेडियम में दिखा सांप** - शुक्रवार शाम पाकिस्तान राष्ट्रीय क्रिकेट टीम जब अभ्यास के लिए आर. प्रेमदासा स्टेडियम पहुंचने वाली थी, उससे कुछ ही समय पहले उनके डगआउट में एक लंबा सांप देखा गया। स्टेडियम स्टाफ ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए खिलाड़ियों के आने से पहले ही उसे सुरक्षित तरीके से बाहर की ओर खदेड़ दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सांप को किसी तरह की चोट पहुंचाए बिना मैदान





से दूर किया गया। कर्मचारियों ने इसे बेहद सावधानी से संभाला, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना न हो।

**सुरक्षा व्यवस्था हुई सख्त** - घटना के बाद स्टेडियम मैनेजमेंट और ग्राउंड स्टाफ ने पूरे परिसर की जांच की। भारत-पाकिस्तान मैच जैसे बड़े आयोजन को देखते हुए सुरक्षा में कोई ढील नहीं बरती जा रही है। रविवार, 15 फरवरी को जब भारतीय क्रिकेट टीम और पाकिस्तान आमने-सामने होंगे, तब अतिरिक्त सतर्कता बरती जाएगी। इस मुकाबले पर दुनियाभर की नजरें टिकी हैं, ऐसे में आयोजकों के लिए यह जरूरी है कि मैदान और आसपास का क्षेत्र पूरी तरह सुरक्षित रहे।

**कप्तानों के बीच जुबानी जंग** - मैदान के बाहर भी माहौल कम गर्म नहीं है। पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली अगा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय खिलाड़ियों पर टिप्पणी की, जिसका जवाब भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपने अंदाज में दिया। इस बयानबाजी ने मुकाबले में अतिरिक्त रोमांच जोड़ दिया है। टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को लेकर भी अटकलें थीं, लेकिन उन्हें शुक्रवार शाम अभ्यास करते देखा गया, जिससे उनके खेलने की संभावना मजबूत हो गई है।

**हाई-वोल्टेज मुकाबले का इंतजार** - भारत बनाम पाकिस्तान टी20 वर्ल्ड कप मैच हमेशा भावनाओं, दबाव और रोमांच से भरा होता है। इस बार डगआउट में सांप की घटना ने सुर्खियां जरूर बटोरीं, लेकिन अब फोकस पूरी तरह क्रिकेट पर है। रविवार को कोलंबो में जब दोनों टीमें मैदान पर उतरेंगी, तो फैंस को एक और यादगार मुकाबले की उम्मीद होगी। सांप की यह घटना भले ही कुछ समय के लिए चर्चा में रही हो, लेकिन असली जंग बल्ले और गेंद के बीच देखने को मिलेगी।

# क्रिकेटर कनिष्क चौहान अब आईपीएल में मचाएगा धूम

### अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप में किया था बेहतरीन प्रदर्शन, आरसीबी की टीम में शामिल

**झज्जर (एजेंसी)।** हरियाणा के क्रिकेटर कनिष्क चौहान अब आईपीएल में आरसीबी की टीम में धमाल मचाने की तैयारी में जुट गए हैं। कनिष्क की प्रतिभा को पहचानते हुए दुनिया की सबसे लोकप्रिय लीग आईपीएल ने भी उनके लिए दरवाजे खोल दिए हैं। कनिष्क चौहान को आईपीएल में आरसीबी की टीम ने शामिल किया है। आईपीएल की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। झज्जर जिले के कुलाना के रहने वाले कनिष्क चौहान भी इस बार आईपीएल में आरसीबी की टीम से खेलते नजर आएंगे। हाल ही में हुए अंडर 19 क्रिकेट वर्ल्ड कप में कनिष्क चौहान ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था। कनिष्क को आरसीबी की टीम में बेस प्राइस 30 लाख रुपए में शामिल किया गया है।

**ऑल राउंडर की निभाएंगे भूमिका** - पिछले साल 16 दिसंबर को आईपीएल में खेलने वाली टीमों में शामिल करने के लिए खिलाड़ियों की बोली लगाई गई थी, उसी में झज्जर जिले के खिलाड़ी कनिष्क चौहान को भी जगह मिली है। कनिष्क चौहान दाएं हाथ के आक्रामक बल्लेबाज और ऑफ-ब्रेक स्पिन गेंदबाज हैं।

**आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीदें** - कनिष्क के माता पिता का कहना है कि जिस प्रकार से उनके बेटे ने वर्ल्ड कप में अपना दबदबा दिखाया उसी प्रकार से अब उनसे आईपीएल में अपनी टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीदें हैं। आईपीएल में आरसीबी की टीम ने कनिष्क चौहान को ऑल राउंडर प्रदर्शन के लिए शामिल किया है। कनिष्क चौहान इंडिया अंडर 19 टीम में 8 वें नंबर पर बैटिंग करने आते हैं।

**अंडर 19 फाइनल में लगाए छक्के-चौके** - वहीं बोलिंग में टीम में वे 10 ओवर का स्पेल करते आए हैं। 2024 में अंडर 19 क्रिकेट टीम में उन्होंने जगह बनाने के बाद लगातार बेहतरीन प्रदर्शन किया है। वर्ल्ड कप में कनिष्क पाकिस्तान के खिलाफ हुए मैच में प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार जीत चुके हैं।

# वैश्विक कारकों से मिलेगी शेयर बाजार को दिशा




मुंबई। आईटी कंपनियों पर दबाव से घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह गिरावट देखी गयी और अब आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों पर ज्यादा रहेगी। घरेलू स्तर पर अगले सप्ताह आयात-निर्यात के आंकड़े जारी होने हैं। इससे बाजार में निवेश धारणा प्रभावित हो सकती है। निवेशक वैश्विक कारकों से संकेत लेकर अपनी रणनीति तय कर सकते हैं। बीते सप्ताह आईटी कंपनियों में बड़ी गिरावट देखी गयी। इसका प्रमुख कारण एक अमेरिकी कंपनी द्वारा एआई समर्थित एक ऐसे टूल के विकास की खबर है जिससे भारतीय आईटी कंपनियों को मिलने वाले ऑर्डर के प्रभावित होने की आशंका है।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 953.64 अंक (1.14 प्रतिशत) की साप्ताहिक गिरावट में शुक्रवार को 82,626.76 अंक पर बंद हुआ। इसमें पहले दो दिन तेजी और बाद के तीन दिन गिरावट रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक भी 222.60 अंक यानी 0.87 फीसदी उतरकर सप्ताहांत पर 25,471.10 अंक पर रहा। मझौली कंपनियों के निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.37 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि छोटी कंपनियों का निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.56 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। सेंसेक्स में सबसे ज्यादा साप्ताहिक नुकसान उठाने वाली चारों कंपनियां आईटी क्षेत्र की रहीं। इंफोसिस का शेयर 9.12 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 8.70 प्रतिशत, टीसीएस का 8.48 प्रतिशत और टेक महिंद्रा का 5.18 प्रतिशत गिर गया।

एफएमसीजी कंपनियों में हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर 4.89 फीसदी और आईटीसी का 3.82 फीसदी गिर गया जबकि ट्रेंट में 3.22 प्रतिशत की तेजी रही। बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक का शेयर सेंसक्स में सबसे ज्यादा 12.42 प्रतिशत उछला। बजाज फाइनेंस में 4.32 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक में 0.55 प्रतिशत और बजाज फिनसर्व में 0.01 प्रतिशत की तेजी रही। एचडीएफसी बैंक ने सबसे ज्यादा 3.77 प्रतिशत का नुकसान उठाया। एक्सिस बैंक का शेयर 0.58 फीसदी और कोटक महिंद्रा बैंक का 0.34 फीसदी टूट गया। बिजली कंपनियों में पावरग्रिड का शेयर 1.88 प्रतिशत और एनटीपीसी का 0.59 प्रतिशत नीचे बंद हुआ।

विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 2.13 प्रतिशत लुढ़क गया। अडानी पोर्ट्स में 1.97 प्रतिशत, दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल में 1.66 प्रतिशत और एशियन पेंट्स में 1.60 प्रतिशत की गिरावट रही। बिक्री के अच्छे आंकड़े आने से मारुति सुजुकी का शेयर 1.51 प्रतिशत चढ़ गया जबकि महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.2 फीसदी की गिरावट रही। इस्पात विनिर्माता टाटा स्टील का शेयर 3.12 प्रतिशत और निर्माण कंपनी एलएंडटी का 2.59 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.88 फीसदी और बीईएल में 1.36 प्रतिशत की तेजी रही। टाइटन का शेयर 0.95 फीसदी और इटरनल का 0.62 प्रतिशत की बढ़त में रहा। विमान सेवा कंपनी इंडिगो के शेयर में 0.37 प्रतिशत और दवा कंपनी सनफार्मा में 0.20 प्रतिशत की तेजी रही।

# दुनिया भर से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया से जिम्मेदार एआई नवाचार का वैश्विक केंद्र बन रहा भारत : केंद्र




नई दिल्ली। सरकार ने रविवार को कहा कि इंडिया एआई इमपैक्ट समिट 2026 में दुनिया भर से मिली जबरदस्त भागीदारी यह दिखाती है कि भारत जिम्मेदार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) नवाचार का एक उभरता हुआ वैश्विक केंद्र बन रहा है। यह पहल प्पीपल, प्लैनेट और प्रोग्रेस यानी लोगों, पर्यावरण और प्रगति की सोच से प्रेरित है। 16 से 20 फरवरी तक नई दिल्ली में आयोजित होने वाले इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 से पहले तीन प्रमुख ग्लोबल इम्पैक्ट चुनौतियों- एआई फॉर ऑल, एआई बाय हर और युवाआई-के फाइनलिस्ट घोषित कर दिए गए हैं।

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार, इन चुनौतियों को ऐसे एआई समाधान को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया था, जो समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालें और वैश्विक जरूरतों के अनुरूप हों। इन तीनों प्रतियोगिताओं में मिलाकर 60 से अधिक देशों से 4,650 से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती रुचि को दर्शाता है। कई चरणों की सख्त जांच प्रक्रिया के बाद 70 टीमों को फाइनलिस्ट के रूप में चुना गया है। ये टीमें 16 और 17 फरवरी को नई दिल्ली के भारत मंडपम और सुषमा स्वराज भवन में आयोजित ग्रैंड फिनाले और पुरस्कार समारोह में अपने समाधान प्रस्तुत करेंगी।

एआई फॉर ऑल ग्लोबल इम्पैक्ट चैलेंज में अकेले ही 60 से ज्यादा देशों से 1,350 से अधिक आवेदन आए। इस चुनौती का उद्देश्य स्वास्थ्य, कृषि, जलवायु, शासन, शिक्षा और वित्तीय समावेशन जैसे क्षेत्रों में बड़े स्तर पर उपयोगी एआई समाधान तैयार करना था। इसके तहत चुनी गई 20 शीर्ष टीमों ने कई उपयोगी तकनीकें विकसित की हैं, जैसे एआई आधारित संप मण जांच उपकरण, मिट्टी की गुणवत्ता बताने वाली प्रणाली, जलवायु जोखिम विश्लेषण प्लेटफॉर्म, डिजिटल स्वास्थ्य जांच, साइबर सुरक्षा समाधान, उद्योगों की कार्यक्षमता बढ़ाने वाले टूल और शिक्षा को आसान बनाने वाली तकनीकें। मंत्रालय ने कहा कि ये नवाचार दिखाते हैं कि एआई कैसे समान विकास को बढ़ावा दे सकता है और खासकर ग्लोबल साउथ देशों में सार्वजनिक सेवाओं को बेहतर बना सकता है। एआई बाय हर ग्लोबल इम्पैक्ट चैलेंज में 50 से अधिक देशों से 800 से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए, जिसका उद्देश्य महिलाओं के नेतृत्व में एआई नवाचार को बढ़ावा देना है। इसमें चुनी गई 30 शीर्ष महिला उद्यमी स्वास्थ्य, टिकाऊ विकास, वित्तीय समावेशन, रोजगार, कृषि, शिक्षा और डिजिटल व्यापार जैसे क्षेत्रों में एआई आधारित समाधान पर काम कर रही हैं। इन परियोजनाओं में एआई से कैंसर और आंखों की जांच, बहुभाषी मेडिकल निर्णय सहायता प्रणाली, वॉयस-टू-ईएमआर प्लेटफॉर्म, पोषण तकनीक, क्रेडिट इंटेलिजेंस सिस्टम और ईएसजी ऑटोमेशन जैसे समाधान शामिल हैं। सरकार ने कहा कि यह पहल समावेशी डिजिटल विकास की दिशा में उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है और महिलाओं को वैश्विक एआई इकोसिस्टम में अग्रणी भूमिका देने की कोशिश है।

## नर्मदा एग्रोबेस का राजस्व 53 प्रतिशत बढ़कर 2,164 लाख रुपये हुआ

गुजरात । नर्मदा एग्रोबेस लिमिटेड, जो पशु आहार और कृषि आधारित उपोत्पादों के निर्माता कंपनियों में से एक है, ने वित्त वर्ष-26 की तीसरी तिमाही में 2,164.31 लाख रुपये का कुल राजस्व दर्ज किया, वार्षिक वृद्धि 52.86 प्रतिशत। EBITDA 167.49 लाख रुपये रहा, वार्षिक वृद्धि 0.87 प्रतिशत और शुद्ध लाभ मामूली 1.35 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि से 101.34 लाख रूपये रहा। वित्त वर्ष-26 की नौ महीनों में कंपनी ने 4,533.82 लाख रुपये का कुल राजस्व, 494.98 लाख रूपये का EBITDA और 305.91 लाख रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज की।

नर्मदा एग्रोबेस लि. के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नीरज अग्रवाल ने कहा, हमें तीसरी तिमाही और नौ महीनों के दौरान दर्ज किए गए मजबूत और सतत प्रदर्शन से संतोष है, जो हमारे व्यवसाय मॉडल की मजबूती और संचालन की क्षमता को दर्शाता है। गतिशील कारोबारी वातावरण के बावजूद, हमने राजस्व में स्वस्थ वृद्धि दर्ज की और स्थिर लाभ बनाए रखा, जो अनुशासित निष्पादन, कुशल सोर्सिंग और हमारे उत्पादों की निरंतर मांग से संभव हुआ। संचालन दक्षता, गुणवत्ता आश्वासन और विवेकपूर्ण लागत प्रबंधन पर हमारा ध्यान हमें बाजार की अस्थिरता में भी सही दिशा में आगे बढ़ने और हितधारकों के लिए मूल्य देने में सक्षम बनाता है।

# अप्रैल 2026 से लागू हो सकता है भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता, संसद से मंजूरी का इंतजार

नई दिल्ली। भारत और ब्रिटेन के बीच पिछले वर्ष जुलाई में हस्ताक्षरित भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता अप्रैल 2026 से लागू होने की संभावना है। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि दोनों पक्ष इस समझौते को इसी वर्ष अप्रैल से प्रभावी करने की उम्मीद कर रहे हैं। 24 जुलाई 2025 को हुए इस समझौते के तहत भारत के 99 प्रतिशत निर्यात उत्पाद ब्रिटेन के बाजार में शून्य शुल्क पर प्रवेश कर सकेंगे। वहीं भारत में कार और व्हिस्की जैसे ब्रिटिश उत्पादों पर आयात शुल्क घटाया जाएगा।

अधिकारी ने कहा कि भारत और ब्रिटेन ने डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं, जिससे अस्थायी कर्मचारियों को किसी भी देश में सामाजिक अंशदान दोबारा नहीं देना पड़ेगा। संभावना है कि दोनों समझौते एक साथ लागू किए जाएं। समझौते के अमल में आने से पहले ब्रिटेन की संसद की मंजूरी जरूरी है। भारत में ऐसे अंतरराष्ट्रीय समझौतों को केंद्रीय मंत्रिमंडल की स्वीकृति मिलती है। ब्रिटिश संसद की मंजूरी के बाद आपसी सहमति से लागू होने की तारीख तय की जाएगी।

ब्रिटेन की संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में इस सप्ताह की शुरुआत में भारत-ब्रिटेन सीईटीए पर चर्चा हुई। व्यापार एवं उद्योग विभाग में राज्य मंत्री क्रिस ब्रायंट ने लेबर सरकार की ओर से जवाब देते हुए कहा कि यह समझौता बड़ी उपलब्धि है और इससे ब्रिटेन के कारोबार के लिए भारत के बाजार के दरवाजे पहले से कहीं अधिक खुलेंगे।

संसदीय प्रक्रिया के तहत समझौते पर दोनों सदनों- हाउस ऑफ कॉमन्स और हाउस ऑफ लॉर्ड्स में बहस होगी तथा संबंधित समितियां इसके सभी पहलुओं की समीक्षा करेंगी। इस समझौते का लक्ष्य 2030 तक दुनिया की पाँचवीं और छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं भारत और ब्रिटेन के बीच 56 अरब डॉलर के व्यापार को दोगुना करना है।

समझौते के तहत भारत ने चॉकलेट, बिस्कुट और प्रसाधन सामग्री जैसे उपभोक्ता उत्पादों के लिए अपना बाजार खोला है, जबकि भारत को वस्त्र, जूते, रत्न-आभूषण, खेल सामग्री और खिलौनों जैसे निर्यात उत्पादों के लिए ब्रिटेन में अधिक पहुँच मिलेगी।

स्कॉच व्हिस्की पर आयात शुल्क तुरंत 150 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया जाएगा और 2035 तक इसे घटाकर 40 प्रतिशत करने का लक्ष्य है। ऑटोमोबाइल क्षेत्र में भारत पांच वर्षों में चरणबद्ध तरीके से आयात शुल्क को 110 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत तक लाएगा। इसके बदले भारतीय वाहन निर्माताओं को निर्धारित कोटा व्यवस्था के तहत विद्युत और हाइब्रिड वाहनों के लिए ब्रिटेन के बाजार में प्रवेश मिलेगा।

## एफपीआई ने फरवरी में किया 29,714 करोड़ रुपये का निवेश




मुंबई। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी में अब तक भारतीय पूंजी बाजार में 29,714 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। शुद्ध निवेश लगायी गयी पूंजी और निकाली गयी पूंजी का अंतर है। सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने फरवरी में इक्विटी में 19,675 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया। वहीं, हाइब्रिड उपकरणों में उन्होंने 1,078 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की है। इस अवधि में उन्होंने शुद्ध रूप से 10,930 करोड़ रुपये लगाये। म्यूचुअल फंड में उनका शुद्ध निवेश 188 करोड़ रुपये रहा।

एफपीआई दो महीने बाद भारतीय पूंजी बाजार में लिवाल दिख रहे हैं। इससे पहले, जनवरी में उन्होंने 29,071 करोड़ रुपये और पिछले साल दिसंबर में 38,721 करोड़ रुपये निकाले थे। फरवरी के पहले सप्ताह में अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौते की घोषणा के बाद से ही एफपीआई लगातार लिवाल बने हुए हैं।

# शीर्ष 10 की छह कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,00,706 करोड़ रुपये घटा




मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के कारण बीएसई की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 3,00,706 करोड़ रुपये घट गया, जबकि अन्य चार कंपनियों के एमकैप में 1,68,819 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गयी। सप्ताह के दौरान आईटी कंपनियों पर भारी दबाव के बीच टीसीएस का बाजार पूंजीकरण सबसे अधिक 90,199 करोड़ रुपये और इंफोसिस का 70,780 करोड़ रुपये घट गया। एचडीएफसी बैंक में 54,628 करोड़ रुपये की गिरावट रही।

विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज को एमकैप में 41,883 करोड़ रुपये और सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी एलआईसी को 23,972 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 19,245 करोड़ रुपये कम हुआ।

सबसे बड़े सार्वजनिक ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक के शेयर में 12 प्रतिशत से अधिक की साप्ताहिक तेजी के कारण उसका एमकैप 1,22,213 करोड़ रुपये बढ़ा। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 26,414 करोड़ रुपये और निर्माण कंपनी एलएंडटी का 14,471 करोड़ रुपये बढ़ गया। आईसीआईसीआई बैंक के एमकैप में 5,720 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई।

बाजार पूंजीकरण के मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज 19,21,476 करोड़ रुपये के साथ पहले स्थान पर रही। एचडीएफसी बैंक 13,93,622 करोड़ रुपये के साथ दूसरे और भारती एयरटेल 11,43,044 करोड़ रुपये के साथ तीसरे स्थान पर रही।

# श्रीकेशव सीमेंट्स एंड इन्फ्रा ने घाटे से उबरकर 3.23 करोड़ रुपये शुद्ध लाभ दर्ज की



मुंबई। कर्नाटक राज्य में सीमेंट का उत्पादन और सौर ऊर्जा उत्पादन एवं वितरण कंपनी, श्रीकेशव सीमेंट्स एंड इन्फ्रा लिमिटेड (BSE – 530977) का वित्त वर्ष-26 की नौ महीनों के दौरान कुल आय वार्षिक 35.81 प्रतिशत बढ़कर 116.31 करोड़ रुपये हो गया। ईबीआईटीडीए 25.68 प्रतिशत मार्जिन से 66.85 प्रतिशत बढ़कर 29.28 करोड़ रुपये हुआ। घाटे से उबर कर कंपनी ने 3.23 करोड़ रूपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। डाइल्यूटेड ईपीएस 1.85 रूपये, घाटे से लाभ में परिवर्तित। वित्त वर्ष-26 की तीसरी तिमाही दौरान कुल आय वार्षिक 33.22 प्रतिशत बढ़कर 38.69 करोड़ रुपये हो गया। ईबीआईटीडीए 27.68 प्रतिशत मार्जिन से 63.10 प्रतिशत बढ़कर 10.50 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। तीसरी तिमाही दौरान .54 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुई।

श्रीकेशव सीमेंट्स एंड इन्फ्रा लि. के चेयरमैन, वैंकटेश कटवा ने कहा, नौ महीनों के दौरान स्पष्ट रूप से प्रदर्शन सुदृढ़ीकरण का चरण दर्शाता है, जिसमें राजस्व, मार्जिन और लाभप्रदता में निरंतर सुधार देखा गया। सीमेंट खंड सबसे बड़ा योगदानकर्ता बना रहा, जो मजबूत उत्पादन, बेहतर रियलाइजेशन और सुधरी हुई परिचालन स्थिरता के माध्यम से विकास को आगे बढ़ाता रहा। इस अवधि में परिचालन दक्षताएँ महत्वपूर्ण रूप से सुधरीं, जिसका समर्थन उच्च क्षमता उपयोग और अनुशासित लागत नियंत्रण ने किया। इसका परिणाम मजबूत ऑपरेटिंग लीवरेज और मार्जिन विस्तार के रूप में सामने आया, जिससे कमाई की गुणवत्ता और मजबूत हुई।

# एआई में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारत के पास सभी जरूरी तत्व : सैम ऑल्टमैन




नई दिल्ली। भारत की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में बढ़ती भूमिका को बड़ी सराहना देते हुए ओपेनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने भारत को संभावित फुल-स्टैक एआई लीडर बताया है। उन्होंने देश में कंपनी की मौजूदगी और साझेदारियों को और बढ़ाने की योजना की भी घोषणा की है। उनकी यह टिप्पणी 16 फरवरी से नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हो रहे ग्लोबल एआई इ पैक्ट समिट 2026 से पहले आई है। एक मीडिया लेख में ऑल्टमैन ने कहा कि भारत अमेरिका के बाद ओपेनएआई का दूसरा सबसे बड़ा यूजर बेस बन गया है। उन्होंने बताया कि भारत में अब चैटजीपीटी के 10 करोड़ साप्ताहिक सक्रिय यूजर्स हैं। साथ ही, छात्रों की संख्या के मामले में भी भारत दुनिया में सबसे आगे है।

भारत, ओपेनएआई के मुफ्त वैज्ञानिक शोध और लेटेक्स आधारित सहयोग टूल प्रिज्म के उपयोग में दुनिया में चौथे स्थान पर है। ऑल्टमैन ने कहा कि ओपेनएआई का लक्ष्य भारत में, भारत के साथ और भारत के लिए एआई का निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि कंपनी ने अपने कई टूल्स मुफ्त में उपलब्ध कराए हैं, ताकि आय, शिक्षा या तकनीकी जानकारी की कमी किसी के लिए भी बाधा न बने। पिछले साल ओपेनएआई ने दिल्ली में अपना पहला कार्यालय खोला था और इस साल अपनी मौजूदगी को और विस्तार देने की योजना बना रहा है।

उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में भारत के चार शहरों में 200 से अधिक गैर-लाभकारी संगठनों के नेताओं को चैटजीपीटी का उपयोग सिखाया गया, ताकि वे अपने काम में ज्यादा प्रभाव और दक्षता ला सकें। ओपेनएआई प्रमुख ने कहा कि वह अगले सप्ताह भारत का दौरा करेंगे और सरकार के साथ नई साझेदारियों की घोषणा कर सकते हैं, जिससे एआई तक पहुंच और उसके लाभ को और व्यापक बनाया जा सके। उन्होंने एआई को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए तीन-स्तरीय रणनीति बताई। उनके अनुसार, एआई की प्रगति एक्सेस यानी सभी के लिए टूल्स की उपलब्धता, अडॉप्शन यानी स्कूलों, क्लीनिकों और छोटे व्यवसायों में एआई का उपयोग और एजेंसी यानी लोगों को आत्मविश्वास और कौशल देना ताकि वे निर्णय लेने और नवाचार के लिए एआई का सही उपयोग कर सकें, इन तीन बातों पर निर्भर करेगी।

## खजांची ज्वेलर्स का शुद्ध लाभ दोगुना हुआ



चेन्नई । सोना, हीरे, कीमती पत्थर और बुलियन आइटम्स में विशेषज्ञता रखने वाली प्रमुख भारतीय ज्वैलरी कंपनियों में से एक, खजांची ज्वैलर्स लिमिटेड (बीएसई : 543953) का वित्त वर्ष-26 की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 4.26 प्रतिशत मार्जिन के साथ 103.02 प्रतिशत उछलकर 25.13 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। कुल राजस्व वार्षिक 49.60 प्रतिशत वृद्धि से 589.26 करोड़ रुपये हुआ। EBITDA 6.00 प्रतिशत मार्जिन से 114.51 प्रतिशत वृद्धि के साथ 35.34 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष-26 की नौ महीनों में कुल राजस्व वार्षिक 34.04 प्रतिशत वृद्धि से 1,542.02 करोड़ रुपये हुआ। EBITDA 5.78 प्रतिशत मार्जिन से 96.91 प्रतिशत वृद्धि होकर 89.12 करोड़ रुपये हो गया। शुद्ध लाभ 4.14 प्रतिशत मार्जिन के साथ 96.92 प्रतिशत बढ़कर 63.82 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। EPS वार्षिक 96.64 प्रतिशत वृद्धि से 25.76 हुई।

खजांची ज्वेलर्स लि. के चेयरमैन एवं संयुक्त प्रबंध निदेशक राजेश मेहता ने कहा, हमने तीसरी तिमाही व नौ महीनों में मजबूत और संतुलित प्रदर्शन दर्ज किया। डिजाइन नवाचार, ब्रांड निर्माण, इन्वेंटरी अनुशासन और ग्राहक अनुभव पर हमारा सतत ध्यान हमारे बाजार स्थान और लाभप्रदता को और मजबूत करता है।

# एनआईएस मैनेजमेंट ने 103.77 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज की



कोलकाता। एनआईएस मैनेजमेंट लिमिटेड (बीएसई - 544495), जो सुरक्षा सेवाओं, फसिलिटी मैनेजमेंट, इलेक्ट्रॉनिक सुरक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में एक अग्रणी इंटीग्रेटेड सर्विसेज प्लेटफॉर्म है, ने 31 दिसंबर 2025 को समाप्त वित्त वर्ष-26 की तीसरी तिमाही और नौ महीनों के लिए अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है।

एनआईएस मैनेजमेंट लि. के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक देबजीत चौधरी ने कहा, हमें तीसरी तिमाही और नौ महीनों के लिए स्थिर और संतुलित प्रदर्शन की रिपोर्ट करते हुए प्रसन्नता हो रही है। तीसरी तिमाही के दौरान हमने 103.77 करोड़ रुपये की समेकित कुल आय और 2.83 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया। ईबीआईटीडीए 5.48 प्रतिशत मार्जिन से 5.69 करोड़ रूपये हुआ। वहीं नौ महीनों में कुल आय 318.66 करोड़ रुपये रही और शुद्ध लाभ 13.05 करोड़ रुपये पर पहुँचा। ईबीआईटीडीए 7.04 प्रतिशत मार्जिन से 22.42 करोड़ रुपये रहा।

यह प्रदर्शन हमारी मुख्य सुरक्षा सेवाओं और इंटीग्रेटेड फैसिलिटी मैनेजमेंट सेवाओं में लगातार बनी हुई मांग को दर्शाता है, जिसे विभिन्न राज्यों और विविध ग्राहक वर्गों में मजबूत निष्पादन का समर्थन प्राप्त है।

## राठी स्टील एंड पावर की आय में 51 प्रतिशत की छलांग

नई दिल्ली। राठी स्टील एंड पावर लिमिटेड (बीएसई - 504903), जो स्टेनलेस स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट्स और टीएमटी बार्स के क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों में से एक है, का वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में कुल आय वर्ष-दर-वर्ष 50.97 प्रतिशत की वृद्धि से 160.09 करोड़ रुपये हो गया। EBITDA 38.17 प्रतिशत की बढ़त से 6.41 करोड़ रूपये हुआ (*EBITDA में अन्य आय भी शामिल है)। शुद्ध मुनाफा 262.33 प्रतिशत की उल्लेखनीय छलांग से 1.91 करोड़ रूपये तक पहुंच गया। राठी स्टील एंड पावर लि. के प्रबंध निदेशक महेश पारेख ने कहा, तीसरी तिमाही का हमारा प्रदर्शन मजबूत परिचालन निष्पादन को दर्शाता है, जिसे हमारे रणनीतिक और विविधीकृत उत्पाद पोर्टफोलियो - स्टेनलेस स्टील और TMT रीबार्स का समर्थन प्राप्त है। नौ महीनों के दौरान हमने 471.93 करोड़ रुपये की कुल आय दर्ज की, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 355.70 करोड़ रुपये की तुलना में 32.67 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

## ड्यूकॉन इंफ्राटेक्नोलॉजीज के तीसरी तिमाही व नौ महीनों के वित्तीय आंकड़े जारी

मुंबई। ड्युकॉन इंफ्राटेक्नोलॉजीज लिमिटेड (NSE- DUCON । BSE- 534674 । INE741L01018), एक वैश्विक विविधीकृत प्रौद्योगिकी EPC कंपनी, जो पर्यावरण नियंत्रण, स्वच्छ ऊर्जा, अवसंरचना और प्रोसेस उद्योगों में इंजीनियरिंग समाधान प्रदान करती है, ने वित्त वर्ष-26 की नौ महीनों में 321.18 करोड़ रुपये का समेकित कुल आय दर्ज किया है। EBITDA 6.48 प्रतिशत मार्जिन से 20.82 करोड़ रूपये और शुद्ध लाभ 9.14 करोड़ रूपये हुआ। वित्त वर्ष-26 की तीसरी तिमाही में समेकित कुल आय 94.31 करोड़ रूपये रहा। EBITDA 6.19 प्रतिशत मार्जिन से 5.84 करोड़ रूपये और शुद्ध लाभ 2.31 करोड़ रूपये हुआ।

ड्युकॉन इंफ्राटेक्नोलॉजीज लि. के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अरुण गोविल ने कहा, यह तिमाही ऐसे समय में स्थिर प्रदर्शन को दर्शाती है जब क्षेत्र अभी भी एक संक्रमणकालीन चरण से गुजर रहा है, लेकिन आगे उपलब्ध व्यापक संरचनात्मक अवसर अत्यंत आकर्षक बने हुए हैं। सॉल्वेंट-आधारित कार्बन कैप्चर अनुसंधान एवं विकास में हमारी प्रारंभिक पहल हमें भारत की 20,000 करोड़ रूपये की CCUS पहल से लाभ उठाने की मजबूत स्थिति में रखती है। साथ ही, हमारे IQ Energy AI प्लेटफॉर्म का शुभारंभ हमें अधिक स्मार्ट और कुशल ऊर्जा प्रणालियों की बढ़ती मांग के अनुरूप स्थापित करता है, विशेष रूप से तब जब एआई-आधारित डेटा सेंटर विस्तार ऊर्जा की अतिरिक्त आवश्यकताओं को बढ़ा रहा है।

# मजबूत सुरक्षा और टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने से जापान-भारत संबंधों को मिली नई गति : रिपोर्ट

नई दिल्ली। एक रिपोर्ट के अनुसार, जापान और भारत के बीच लंबे समय से चले आ रहे मजबूत रिश्ते अब एक नए और गतिशील दौर में प्रवेश कर रहे हैं। इन संबंधों में अब सुरक्षा सहयोग और उन्नत तकनीकों में साझेदारी पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। जापान फॉरवर्ड की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दोनों देशों के बीच वर्षों से मजबूत होते आ रहे द्विपक्षीय संबंधों को अब इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में साझा रणनीतिक हितों और लोगों के बीच बढ़ते संपर्क से नई ऊर्जा मिल रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, भारत में जापानी निवेश में बढ़ोतरी और नवाचार व मैन्युफैक्चरिंग में सहयोग से रिश्तों को नई गति मिली है। दोनों देश वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच एक स्वतंत्र, खुला और नियम-आधारित इंडो-पैसिफिक क्षेत्र सुनिश्चित करने की समान दृष्टिकोण रखते हैं। अगस्त 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा के दौरान, उस समय के जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने पिछले दशक में द्विपक्षीय संबंधों में हुई उल्लेखनीय प्रगति की सराहना की और सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा, जापान और भारत, जो समान मूल्यों को साझा करते हैं, इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में कानून के शासन पर आधारित एक स्वतंत्र और खुले अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखने और मजबूत करने की जिम्मेदारी साझा करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय हालात अनिश्चित होते जा रहे हैं, ऐसे में दोनों देशों को क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। दोनों पक्षों ने स्पेशल स्ट्रैटेजिक एंड ग्लोबल पार्टनरशिप को और ऊंचाई देने की प्रतिबद्धता दोहराई।

जापान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेता एक-दूसरे की ताकत का उपयोग करते हुए भविष्य में पूरक संबंध विकसित करेंगे और आने वाली पीढ़ियों की चुनौतियों का समाधान करने के लिए सामाजिक और आर्थिक मूल्यों का निर्माण करेंगे। दिसंबर 2025 में प्रधानमंत्री मोदी ने मौजूदा जापानी प्रधानमंत्री साने ताकाइची से मुलाकात की, जहां दोनों नेताओं ने भारत-जापान विशेष रणनीतिक साझेदारी को और आगे बढ़ाने पर सहमति जताई।

जापान-भारत मानव संसाधन आदान-प्रदान और सहयोग एक्शन प्लान के तहत दोनों देशों ने अगले पांच वर्षों में 5 लाख लोगों के दोतरफा आदान-प्रदान का लक्ष्य रखा है। इससे सांस्कृतिक, शैक्षणिक, आर्थिक और सुरक्षा संबंधों को मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमने आने वाले वर्षों के लिए एक रोडमैप तैयार किया है, जिसमें निवेश, नवाचार, पर्यावरण, तकनीक, स्वास्थ्य, मोबिलिटी, लोगों के बीच संपर्क और राज्य-प्रांत साझेदारी जैसे क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाएगा। हाल के घटनाक्रम इन प्रतिबद्धताओं को जमीनी स्तर पर दर्शाते हैं। भारत में जापान नेशनल टूरिज्म ऑर्गेनाइजेशन द्वारा आयोजित जापान ट्रैवल फेयर 2026 का उद्देश्य सांस्कृतिक और पर्यटन संबंधों को मजबूत करना है।

एक प्रतीकात्मक कदम के रूप में, जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी ने जापान-भारत स्ट्रैटेजिक डायलॉग के दौरान भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर को जापान की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की जर्सी भेंट की। नई दिल्ली स्थित जापानी दूतावास के मंत्री नोरियाकी आबे ने कहा कि क्रिकेट, जो भारत के सामाजिक जीवन का अहम हिस्सा है, अब दोनों देशों के बीच एक मजबूत सेतु बनकर उभर रहा है।

# व्यापार समझौतों में किसानों के हितों की पूरी तरह से की गई है रक्षा : गृहमंत्री अमित शाह

## बोले : कांग्रेस का देश को गुमराह करने का लंबा इतिहास रहा है



गांधीनगर (आईएएनएस)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कांग्रेस के इस दावे को खारिज कर दिया कि अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ हुए भारत के हाल के व्यापार समझौते किसानों को नुकसान पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने हर समझौते में कृषि, डेयरी और मत्स्य पालन क्षेत्रों को पूरी तरह सुरक्षित रखने का ध्यान रखा है।

गांधीनगर में देश की पहली सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी आधारित सार्वजनिक वितरण प्रणाली का उद्घाटन करने के बाद आयोजित एक कार्यक्रम में संबोधन के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी पर किसानों को मुक्त व्यापार समझौतों के प्रभाव को लेकर गुमराह करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा, 'जब राहुल गांधी संसद में खड़े होकर किसानों की सुरक्षा की बात करते हैं, तो यह हास्यास्पद लगता है। कांग्रेस का देश को गुमराह करने का लंबा इतिहास रहा है और अब वह व्यापार समझौतों को लेकर झूठ फैला रही है।'

गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बातचीत के दौरान किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा, 'यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ हुए हर समझौते में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपके हितों की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित की है।' कृषि क्षेत्र के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में कृषि बजट 26,000 करोड़ रुपए था, जो वर्तमान नरेंद्र मोदी सरकार में बढ़कर 1,29,000 करोड़ रुपए हो गया है।

उन्होंने यह भी कहा कि पिछले दशक में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खाद्यान्न की खरीद पिछली यूपीए सरकार की तुलना में 15 गुना बढ़ी है। उन्होंने कहा, '70 साल तक कांग्रेस ने कर्ज माफी की बात की, लेकिन कुछ नहीं किया। आज किसानों के बैंक खातों में सीधे 6,000 रुपए भेजे जा रहे हैं, जिससे उन्हें कर्ज लेने की जरूरत नहीं पड़ती।' 'मुक्त व्यापार समझौतों से डेयरी क्षेत्र को नुकसान होने की आलोचना पर जवाब देते हुए शाह ने कहा कि सरकार ने डेयरी उत्पादन को कमजोर नहीं, बल्कि मजबूत किया है। उन्होंने कहा, 'सभी समझौतों में डेयरी क्षेत्र को पूरी सुरक्षा दी गई है।'

उन्होंने राहुल गांधी को इस मुद्दे पर सार्वजनिक बहस की चुनौती भी दी और उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के अध्यक्ष भी बहस के लिए तैयार हैं। उनकी यह टिप्पणी हाल के व्यापार समझौतों के बीच आई है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच बातचीत के बाद अमेरिका ने व्यापार समझौते की घोषणा की थी। पिछले महीने भारत और यूरोपीय संघ ने बातचीत पूरी कर मुक्त व्यापार समझौते की घोषणा की थी।

### डिजिटल इंडिया गरीबों को सस्ता अनाज देने के क्षेत्र में कर रहा है पदार्पण

गांधीनगर (आईएएनएस)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को गुजरात के गांधीनगर में देश का फर्स्ट सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी)- बेस्ड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम (पीडीएस) लॉन्च करते हुए कहा कि दुनिया के कुल डिजिटल ट्रांजेक्शन में आधे से ज्यादा हिस्सा भारत का है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि 'डिजिटल इंडिया' शब्द का मैं जब प्रयोग करता हूं और 11 साल पहले मुड़कर देखते हैं, तो कल्पना नहीं कर सकते कि 60 करोड़ लोग ऐसे थे, जिनके परिवार में बैंक अकाउंट नहीं था। आज यही 11 साल बाद पीएम मोदी के नेतृत्व में दुनिया के आधे डिजिटल ट्रांजेक्शन भारत में हो रहे हैं। मतलब दुनिया में 2 डिजिटल ट्रांजेक्शन होते हैं, तो एक भारत में होता है। आज वही डिजिटल इंडिया गरीबों को सस्ता अनाज देने के क्षेत्र में पदार्पण कर रहा है।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से डीबीटी ने देश में 15 लाख करोड़ से ज्यादा घपले-घोटालों को समाप्त कर दिया, उसी तरह से खाद्य आपूर्ति मंत्रालय का यह कदम ट्रांसपेरेंट डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम सुनिश्चित करेगा और पीएम मोदी के मंत्र 'मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस' को जमीन पर उतारेगा। गृहमंत्री अमित शाह ने आगे कहा कि 11 साल पहले का समय मुझे याद है। सबसे पहले भ्रष्टाचार की शुरुआत अनाज को तौलने में होती थी। उसके वेट करने वाले स्केल को डिजिटल किया गया। राशन कार्ड फर्जी होते थे, लेकिन अब ई-राशन कार्ड ला दिया गया, फिर 'वन नेशन, वन राशन कार्ड' आया और अब यह जो सिस्टम शुरू हुआ है, इससे और पारदर्शिता होगी।

# बांग्लादेश में 17 फरवरी को होगा शपथ ग्रहण समारोह

## भारत समेत 13 देशों को भेजा गया न्योता




ढाका (आईएएनएस)। बांग्लादेश में 13वें संसदीय चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की शानदार जीत के बाद बीएनपी अपनी सरकार बनाने जा रही है। बांग्लादेशी मीडिया की ओर से साझा जानकारी के अनुसार चुने गए सदस्य मंगलवार 17 फरवरी को शपथ लेंगे। बांग्लादेश ने शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए 13 देशों को न्योता भेजा है।

नई कैबिनेट के शपथ समारोह में शामिल होने के लिए अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने 13 देशों के सरकार के प्रमुखों को बुलाया है। अभी तक बुलाए गए देशों की लिस्ट में चीन, सऊदी अरब, भारत, पाकिस्तान, तुर्किए, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, मलेशिया, ब्रुनेई, श्रीलंका, नेपाल, मालदीव और भूटान शामिल हैं।

मंगलवार, 17 फरवरी की सुबह नए चुने गए संसद सदस्य अपने पद की शपथ लेंगे। बाद में शाम को नई कैबिनेट बनाई जाएगी और शपथ ली जाएगी। शपथ ग्रहण समारोह का नेतृत्व चीफ इलेक्शन कमिश्नर एएमएम नासिरउद्दीन करेंगे। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के दफ्तर, कानून मंत्रालय और बीएनपी के कई सोर्स ने बांग्लादेशी डेली अखबार प्रोथोम आलो को इसकी पुष्टि की है। चुनाव गुरुवार को हुआ था और चुनाव आयोग ने शुक्रवार रात को जीतने वाले उम्मीदवारों का आधिकारिक नोटिफिकेशन पब्लिश किया। जातीय संसद सचिवालय में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां पहले से ही चल रही हैं। यह समारोह जातीय संसद भवन में तय शपथ कक्ष में होता है। जातीय संसद सेक्रेटेरिएट के सचिव कनीज मौला ने कहा कि मंगलवार शाम, 17 फरवरी को शपथ ग्रहण समारोह के लिए इंतजाम किए जा रहे हैं।

13वें संसदीय चुनाव में 300 में से 299 सीटों के लिए 12 फरवरी को वोटिंग हुई थी। चुनाव आयोग ने 297 सीटों के लिए अनौपचारिक नतीजे घोषित किए थे। हालांकि, हाई कोर्ट के निर्देश के बाद चटगाँव-2 और चटगाँव-4 के लिए गजट नोटिफिकेशन अभी तक जारी नहीं किए गए हैं। अब तक घोषित नतीजों के अनुसार बीएनपी ने 12 फरवरी के चुनाव में 297 में से 209 सीटें जीतीं और उसके उम्मीदवार चटगांव-2 और 4 सहित दो सीटों पर आगे चल रहे हैं, जहां के नतीजे रोक दिए गए हैं। उनके सहयोगियों ने तीन सीटों पर दावा किया है।

दूसरी ओर जमात-ए-इस्लामी ने 68 सीटें जीती हैं, जबकि जमात के नेतृत्व वाले 11 - पार्टी चुनावी गठबंधन के सहयोगियों ने नौ सीटें हासिल की हैं। प्रोथोम आलो ने बताया कि इस्लामी आंदोलन बांग्लादेश (आईएबी) ने एक सीट पर दावा किया और स्वतंत्र उम्मीदवारों ने सात सीटों पर जीत हासिल की। तारिक रहमान अब बांग्लादेश का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं और इसके साथ ही देश को लगभग 35 साल पहले आखिरी बार कोई पुरुष प्रधानमंत्री मिला था। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि देश के सामने अशांति और बढ़ते इस्लामी कट्टरपंथ से निपटने की एक बड़ी चुनौती है।

# कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका डील पर सरकार से पूछे 5 सवाल

## कहा : हम भारत के किसानों के साथ विश्वासघात होते हुए देख रहे हैं



नई दिल्ली (आईएएनएस)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका डील को लेकर एक बार फिर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि हम भारत के किसानों के साथ विश्वासघात होते हुए देख रहे हैं। इस दौरान राहुल गांधी ने सरकार से डील को लेकर पांच सवाल किए।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'अमेरिका ट्रेड डील के नाम पर हम भारत के किसानों के साथ विश्वासघात होते हुए देख रहे हैं। मैं सरकार से कुछ आसान सवाल पूछना चाहता हूं।' उन्होंने पहला सवाल किया कि डीडीजी इंपोर्ट करने का वास्तव में क्या मतलब है? क्या इसका मतलब यह है कि भारतीय मवेशियों को जीएम अमेरिकी मक्का से बने डिस्टिलर्स अनाज खिलाए जाएंगे? क्या इससे हमारे दूध उत्पाद प्रभावी रूप से अमेरिकी कृषि उद्योग पर निर्भर नहीं हो जाएंगे?

उन्होंने दूसरा सवाल किया कि अगर हम जीएम सोया तेल के आयात की अनुमति देते हैं, तो मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और देश भर के हमारे सोया किसानों का क्या होगा? वे एक और कीमतों का झटका कैसे झेल पाएंगे? राहुल गांधी ने आगे पूछा, 'जब आप 'अतिरिक्त उत्पाद' कहते हैं, तो उसमें क्या-क्या शामिल है? क्या यह समय के साथ दाल और अन्य फसलों को अमेरिकी आयात के लिए खोलने के दबाव का संकेत है?'

राहुल गांधी ने यह भी पूछा कि 'गैर-व्यापार बाधाएं' हटाने का क्या मतलब है? क्या भविष्य में भारत पर जीएम फसलों पर अपने रुख को ढीला करने, खरीद को कमजोर करने या एमएसपी और बोनस को कम करने का दबाव डाला जाएगा? अपने आखिरी सवाल में उन्होंने पूछा, 'एक बार यह दरवाजा खुल गया, तो हर साल इसे और ज्यादा खुलने से हम कैसे रोकेंगे? क्या इसकी रोकथाम होगी या हर बार सौदे में धीरे-धीरे और भी फसलों को मेज पर रख दिया जाएगा?'

कांग्रेस सांसद ने अपनी 'एक्स' पोस्ट में लिखा, 'किसानों को ये जवाब तो मिलनी ही चाहिए। यह सिर्फ आज की बात नहीं है।

# पीएम मोदी आज करेंगे एआई एक्सपो का उद्घाटन

## 13 देशों के पवेलियन होंगे शामिल



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार शाम 5 बजे नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन करेंगे। यह एक्सपो 16 से 20 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा और इसमें एआई के व्यावहारिक उपयोग का प्रदर्शन किया जाएगा।

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के साथ आयोजित होने वाला यह आयोजन नवाचार, नीति और प्रौद्योगिकी के व्यापक प्रभाव को दर्शाने का एक राष्ट्रीय मंच होगा, जो आम नागरिकों तक पहुंचने का प्रयास करेगा। यह एक्सपो एआई के व्यावहारिक प्रदर्शन का एक राष्ट्रीय मंच होगा। यह एक्सपो 70,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में फैले 10 एरेना में होगा और इसमें विश्वभर की प्रौद्योगिकी कंपनियों, स्टार्टअप्स, शिक्षाविदों, केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों का समागम होगा। इस एक्सपो में 13 देशों के पवेलियन होंगे, जिनमें ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड्स, स्विट्जरलैंड, सर्बिया, एस्टोनिया, ताजिकिस्तान और अफ्रीका शामिल हैं। इस आयोजन में 300 से अधिक प्रदर्शनी मंडप और लाइव प्रदर्शन होंगे, जो तीन मुख्य विषयों (लोग, ग्रह और प्रगति) पर आधारित होंगे। इसके अलावा 600 से अधिक स्टार्टअप्स भी शामिल होंगे, जिनमें से कई विश्व स्तर पर प्रभावशाली और व्यावहारिक समाधान विकसित कर रहे हैं। ये स्टार्टअप्स वास्तविक दुनिया में उपयोग हो रहे एआई समाधानों का प्रदर्शन करेंगे।

इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 में अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों सहित 25 लाख से अधिक आगंतुकों की भागीदारी की उम्मीद है। इस आयोजन का उद्देश्य वैश्विक एआई पारिस्थितिकी तंत्र में नई साझेदारियां स्थापित करना और व्यावसायिक अवसर उत्पन्न करना है। इसके अलावा, 500 से अधिक सत्रों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें 3250 से अधिक विशेषज्ञ और पैनल सदस्य शामिल होंगे। इन सत्रों में एआई के बदलावकारी प्रभावों पर चर्चा की जाएगी और भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा ताकि एआई का लाभ हर नागरिक तक पहुंचे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) भारत के विकास सफर, गवर्नेंस को मजबूत करने और पब्लिक सर्विस डिलीवरी को बेहतर बनाने में एक अहम भूमिका निभाता है। यह बड़े पैमाने पर समावेशी विकास को समर्थन करता है और 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण से मेल खाता है। भारत की भाषा और सांस्कृतिक विविधता इसे अलग-अलग लोगों की जरूरतों के हिसाब से कई भाषाएं और कई मॉडल वाले एआई सिस्टम को आगे बढ़ाने की खास जगह देती है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों अपनी पत्नी ब्रिगिट मैक्रों के साथ एआई इम्पैक्ट समिट में हिस्सा लेने के लिए भारत आ रहे हैं। वे सोमवार देर रात को भारत पहुंचेंगे और 19 फरवरी को समिट में हिस्सा लेंगे।

# म्यूनिख इवेंट में असीम मुनीर की हुई फजीहत

## सुरक्षा अधिकारी ने कहा : आईडी दिखाओ



म्यूनिख (आईएएनएस)। पाकिस्तान के नेता या अधिकारी दुनिया के किसी भी कोने में चले जाएं, लेकिन अपनी फजीहत कराने से बाज नहीं आते। जर्मनी में म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस के दौरान भी कुछ ऐसा ही हुआ, जब पाकिस्तान के आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर को एक सुरक्षा अधिकारी ने उनके आइडेंटिटी कार्ड की जगह को लेकर उन्हें रोक दिया।

फील्ड मार्शल मुनीर कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के लिए अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ जर्मन शहर में थे। सोशल मीडिया पर एक वीडियो क्लिप खूब वायरल हो रही है, जिसमें सिक्योरिटी ऑफिसर पाकिस्तानी आर्मी चीफ से यह सुनिश्चित करने के लिए कह रहे हैं कि उनका आईडी कार्ड सामने से साफ दिखाई दे। यह घटना कॉन्फ्रेंस की जगह के एंट्री पॉइंट से कुछ ही कदम पहले हुई। फुटेज में सिक्योरिटी ऑफिसर अपने नाम के बैज पर टैप करते हुए और मुनीर के गले में लटके आईडी कार्ड की ओर इशारा करते हुए कह रहे हैं, 'क्या आप इसे घुमा सकते हैं?'

म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में मुनीर और सिक्योरिटी अधिकारी के बीच हुई इस छोटी सी बातचीत ने तब से ऑनलाइन काफी ध्यान खींचा है। इस बातचीत के विजुअल्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रिएक्शन की बाढ़ ला दी है। कई लोगों ने इस घटना का मजाक उड़ाया है और दावा किया है कि यह मुनीर की पब्लिक इमेज को दिखाता है।

वहीं दूसरी तरफ म्यूनिख कॉन्फ्रेंस के लिए मुनीर को न्योता भेजने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने कड़ी आलोचना की है।

जेय सिंध मुत्तहिदा महाज (जेएसएमएम) के चेयरमैन शफी बुरफत ने पूरे यूरोप में ग्लोबल सिक्योरिटी फोरम में असीम मुनीर की मौजूदगी की निंदा की।

जेएसएमएम चेयरमैन ने इसे दक्षिण एशियाई देश में दमन और कब्जे का सामना कर रहे समुदायों का अपमान बताया। सिंधी नेता ने इस बात पर जोर दिया कि मुनीर ने पाकिस्तानी राजनीति, न्यायतंत्र, बिजनेस और मीडिया को असरदार तरीके से सैन्य वर्चस्व के नीचे डाल दिया है और इसलिए वह शांति को भरोसे के साथ नहीं दिखा सकते। बुरफत ने कहा, 'जर्मनी और यूरोप के अन्य देशों में होने वाले बड़े अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में मुनीर की मौजूदगी उन समुदायों का अपमान है जिन्हें पाकिस्तान में दबाया और प्रताड़ित किया जा रहा है। यह उन पीड़ित लोगों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है, जो जुल्म सह रहे हैं।'

बुरफत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, पाकिस्तान के तथाकथित खुद को फील्ड मार्शल कहने वाले और खराब आर्मी चीफ, असीम मुनीर, पाकिस्तान के अंदर सिंधियों, बलूचों और पश्तूनों समेत जबरन गुलाम बनाए गए लोगों पर जुल्म, जबरदस्ती गायब करने, टॉर्चर करने और बिना कानूनी कार्रवाई के हत्याओं में गहराई से शामिल हैं।

# सन फैक्ट्स : 4.5 अरब साल पुराना सूर्य

## आज तक अनसुलझा है 'कोरोना हीटिंग' का रहस्य!

नई दिल्ली (आईएएनएस)। सर्दियों का मौसम अब धीरे-धीरे विदाई ले रहा और गर्मियों का मौसम दस्तक देने को तैयार है। आने वाले दिनों में लू के थपेड़े, लगातार बढ़ता तापमान और आसमान से बरसती तपिश लोगों को फिर से परेशान करती नजर आएगी। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि जिस सूर्य की गर्मी से हम बेहाल हो जाते हैं, वह आखिर है क्या?

करीब 4.5 अरब वर्ष पुराना सूर्य रहस्यों से भरा एक विशाल खगोलीय पिंड है। उसका तापमान, उसकी संरचना और उसकी ऊर्जा हर पहलू वैज्ञानिकों के लिए आज भी अध्ययन का विषय बना हुआ है। सूर्य एक 'पीला बौना' तारा है, जो मुख्य रूप से हाइड्रोजन और हीलियम गैसों से बना हुआ एक अत्यंत गर्म और चमकीला गोला है। यही हमारे सौरमंडल का केंद्र है, जिसके चारों ओर पृथ्वी समेत सभी ग्रह परिक्रमा करते हैं।

पृथ्वी से सूर्य की औसत दूरी लगभग 93 मिलियन मील यानी 150 मिलियन किलोमीटर है। यह हमारे सौरमंडल का एकमात्र तारा है और यही पृथ्वी पर जीवन का आधार भी है। सूर्य से मिलने वाली ऊर्जा के बिना न तो प्रकाश संभव है, न ही जीवन। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के अनुसार सूर्य को देखकर लगता है कि यह स्थिर है, लेकिन यह एक डायनैमिक तारा है, जो लगातार बदलता रहता है और अंतरिक्ष में ऊर्जा भेजता रहता है। सूरज और सोलर सिस्टम पर उसके प्रभाव की स्टडी को हीलियोफिजिक्स कहते हैं। सूरज सोलर सिस्टम का सबसे बड़ा पिंड है, इसका व्यास करीब 865,000 मील यानी 1.4 मिलियन किलोमीटर है, यानी पृथ्वी से 109 गुना बड़ा। अगर सूर्य खोखला होता तो उसमें 13 लाख पृथ्वी समा सकती थीं। इसकी गुरुत्वाकर्षण शक्ति ग्रहों, क्षुद्रग्रहों और धूमकेतुओं को ऑर्बिट में बांधे रखती है।

हालांकि, पृथ्वी के लिए सूरज बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन ब्रह्मांड में यह एक साधारण तारा है। इससे 100 गुना बड़े तारे मिल चुके हैं और कई सिस्टम में दो या अधिक तारे होते हैं और इसकी स्टडी से वैज्ञानिक दूर के तारों को समझते हैं। सूरज का सबसे गर्म हिस्सा कोर है, जहां तापमान 27 मिलियन फारेनहाइट यानी 15 मिलियन डिग्री सेल्सियस से ज्यादा होता है।पृथ्वी से जो सतह दिखती है, उसे फोटोस्फीयर कहा जाता है, जिसका तापमान 10,000 डिग्री फारेनहाइट यानी 5,500 डिग्री सेल्सियस होता है। फोटोस्फीयर 'लाइट स्फीयर' है, जहां से ज्यादातर रोशनी निकलती है। लेकिन सूरज का सबसे बड़ा रहस्य कोरोना है। कोरोना सतह से जितना दूर जाता है, उतना गर्म होता जाता है, जिसका तापमान 3.5 मिलियन डिग्री फारेनहाइट या 2 मिलियन डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। 'कोरोना हीटिंग' का रहस्य आज भी अनसुलझा है।

सूरज का रेडियस 7 लाख किलोमीटर है, इसका सबसे करीबी पडोसी प्रॉक्सिमा सेंचुरी 4.24 प्रकाश वर्ष दूर है। सूरज मिल्की वे गैलेक्सी के ओरियन स्पर आर्म में है। यह 4 लाख 50 हजार मील प्रति घंटे की रफ्तार से गैलेक्सी के केंद्र का चक्कर 230 मिलियन साल में पूरा करता है।


डियर साप्ताहिक लॉटरी
मुर्शिदाबाद निवासी ने ₹1 करोड़ जीते



मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल से श्री अनंत हालदार ने **27.11.2025** को सम्पन्न हुए डियर साप्ताहिक लॉटरी के ड्रॉ में प्रथम पुरस्कार के तौर पर ₹ 1 करोड़ जीते हैं। उनकी विजेता टिकट का नंबर **90K 46901** है। उन्होंने कोलकाता स्थित नागालैंड स्टेट लॉटरीज के नोडल अधिकारी के पास प्राइज क्लेम फॉर्म के साथ अपनी पुरस्कार-विजेता टिकट जमा कर दी है। "जीवन में खुशियां कई रास्तों से आती है। डियर लॉटरी ने मुझे परम आनंद प्रदान किया है जिसने मुझे एक करोड़पति बना दिया है। यह मेरे जीवन का एक अविस्मरणीय पल रहेगा जिसे हमेशा संजो कर रखा जा सकता है। इस सर्वोच्च प्रणाली के लिए मैं डियर लॉटरी और नागालैंड स्टेट लॉटरीज को सलाम करता हूं।" विजेता ने कहा।

*विजेता का विवरण सरकारी वेबसाइट से लिया गया है।



**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**TENDER NOTICE**
e-Tender is invited for e-NIT No : 105/RR2025/UD/ SE/RRNMU/MALDA/2025-26 [1st Call] OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, RRNMU, MALDA CIRCLE, Date- 16/02/2025 (For 2 nos. road works under Rural Roads-2025 for WBSRDA, Uttar Dinajpur Division), Bid submission start date : 16/02/2026 at 15:00 hrs., Last date of bid submission : 11/03/2026 at 16:00 hrs. & Date of technical bid opening : 13/03/2026 at 16:00 hrs. & Pre-Bid Meeting: 23/02/2026 at 12:00 hrs., Please visit the website www.wbtenders.gov.in & www.prd.gov.in for detailed tender notice and all necessary information. Sd/- Superintending Engineer, RRNMU, Malda Circle, P&RD Dept., Govt of West Bengal.

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**eTENDER NOTICE**
The Director PNHZ Park, Darjeeling invites e-tender for the following works:

| NieQ no. | Name of Work | Amount |
|---|---|---|
| 26/PNHZP 2025-26 | Supply of Real Time PCR System at PNHZ Park, Darjeeling | To be Quoted by the Bidder |
| 27/PNHZP 2025-26 | Supply, fitting, fixing & commissioning of Animal Incinerator at PNHZ Park, Darjeeling | To be Quoted by the Bidder |

Date of publication: 16/02/2026. Last date of submission is 02/03/2026 upto 2.00 PM. For viewing and participating in e-tender visit www.wbtenders.gov.in.
Memo No: 83(3)/DICO/DARJ Dt: 13/2/26
Sd/- Director, PNHZ Park, Darjeeling

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**e-TENDER NOTICE**
On behalf of the Principal Secretary GTA, The Executive Engineer, Algarah Engineering Division invites, e-Tender vide Niet No:- 13 /EE/AED/KPG/GTA/2025-26, Dated: 16.02.2026, from eligible Bonafide contractors to participate in the bid, details of which are available on www.wbtenders.gov.in
S/d Executive Engineer
Algarah Engineering Division
Kalimpong /GTA

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**e-TENDER NOTICE**
Office of the Block Development Officer, Rajganj Block
e -Tender are hereby invited from the bonafied contractors by the Block Development Officer, Rajganj Development Block, Rajganj, Jalpaiguri, for the works vide. **e-NIT No.- WBPS/37/BDO/RAJ/2025-2026, Memo No:- 445/1/(10)/Raj Date:- 10/02/2026, e-NIT No.- WBPS/38/BDO/RAJ/2025-2026, Memo No:- 446/1/(10)/Raj Date:- 10/02/2026**, Last date of online bid submission **16/02/2026 upto 06:00PM**, **e-NIT No.- WBPS/39/BDO/RAJ/2025-2026, Memo No:- 465/1/(10)/Raj Date:- 10/02/2026** Last date of online bid submission **18/02/2026 upto 06:00PM** & **e-NIT No.- WBPS/40/BDO/RAJ/2025-2026, Memo No:- 491/1/(10)/Raj Date:- 12/02/2026** Last date of online bid submission **19/02/2026 upto 06:50PM**. For further details you may visit https://tenders.wb.gov.in
Sd/-
Block Development Officer, Rajganj Block &
Executive Officer
Rajganj Panchayet Samity

**ALIPURDUAR MUNICIPALITY**
**NOTICE INVITING eTENDER**
Chairman, Alipurduar Municipality Published eTender vide eNIT No 22/ 2025-26/PW-10 ALIPURDUAR 2ND CALL Dated 13.02.2026,Tender I.D. 2026_MAD_1007374_1, Bid Submission Start date- 16-Feb-2026 06:00 PM, Bid Submission End date-02-Mar-2026 06:00PAM, Bid Opening Date-05-Mar-2026 12:00 PM details please check wbtenders.gov.in
**CORRIGENDUM**
Chairman, Alipurduar Municipality Published Corrigendum vide eNIT No 11/ 2025-26/PW-10/ALIPURDUAR 2nd Call Dated 06.02.2026, Tender I.D. 2026_MAD_5011165_1 to 2026_MAD_5011165_17, Bid Submission End date- 18-Feb-2026 06:55 PM, Bid Opening Date-21-Feb-2026 01:00 PM details please check tenders.wb.gov.in
**CORRIGENDUM**
Chairman, Alipurduar Municipality Published Corrigendum vide eNIT No 12/2025-26/PW-10/ALIPURDUAR 2nd call Dated 06.02.2026, Tender I.D. 2026_MAD_5011229_1 to 2026_MAD_5011229_16, Bid Submission End date- 18-Feb-2026 06:55 PM, Bid Opening Date-21-Feb-2026 01:00 PM details please check tenders.wb.gov.in
*Sd.*
*CHAIRMAN*
*ALIPURDUAR MUNICIPALITY*

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**ABRIDGED e-TENDER NOTICE**
**e-NIT No.- WBIW/EE_TA/NIC-I/ eNIT-02/25-26**
The Executive Engineer & TA to SE, North Irrigation Circle-I, Green Park, Malda invites above mentioned eNIT for 02Nos. work under CSDS Head. eNIT Publishing Date : 16/02/2026 at 10:00 Hrs. Last Date of Bid Submission 02/03/2026 & Time upto 17:00 Hrs Details may be had from the office of undersigned. For more details visit the site http://www.wbiwd.gov.in & https://wbtenders.gov.in Sd/- Executive Engineer & TA to SE, North Irrigation Circle-I, Green Park, Malda. ICA- T4303(4)/2026

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
District Information & Cultural Officer, Dakshin Dinajpur invites four e-tenders from agencies for various types of publicity works (Permanent Hoarding, Temporary Hoarding, Miking by e-Rickshaw & Tableau) for Dakshin Dinajpur District. Interested bidders may visit the website https//wbtenders.gov.in for further details.
Bid submission start date 14/02/2026 and Bid submission end date 09/03/2026 upto 06:30PM.
Sd/-
District Information & Cultural Officer, Dakshin Dinajpur
Memo No. 23(3)/DIST/INF/DD, Dt: 15/02/26

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**NOTICE INVITING E-TENDER**
Tender for N.I.T. No. 12/EO/COB-II PS/2025-26, N.I.T. No. 06/BDO/COB-II /2025-26 is invited by the undersigned. Last date of bid submission is 23/02/2026 & 02/03/2026 up to 12:00 P.M. The details of the NIT may be viewed & downloaded from the website of Govt. of West Bengal https://wbtenders.gov.in and viewed from office notice board of the undersigned during office hours.
Sd/-
Executive Officer
Cooch Behar II Panchayat Samity

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**E-TENDER NOTICE**
Sealed online tender are invited for NIT NO- 13/RIDF-XXXI/SSM/APD/25-26 Dated:- 13.02.2026. construction Innovative Science Lab under Alipurduar District. Last Date & Time of Submission of Bid. 04.03.2026 Time 18.00 Hours. The details are available at website: www.wbtenders.gov.in.
Sd/-
District Education Officer,
SSM, Alipurduar